(घ) चयन समिति जिला विकास अधिकारियों और ग्राम्य विकास विभाग के अधीन प्रसार प्रशिक्षण केन्द्रों के प्रधानाचार्यों (समूह "क") दोनों चयन सूचियों से नामों को लेकर एक संयुक्त चयन सूची तैयार करेगी, जिसमें तीन और एक का अनुपात रखा जायेगा। पहला नाम जिला विकास अधिकारियों के संवर्ग में लिया जायेगा। नाम ज्येष्ठता क्रम में जैसे उनके अपने–अपने संवर्गों में से रखे जायेंगे। चयन समिति संयुक्त चयन सूची नियुक्ति प्राधिकारी को अग्रसारित करेगी। (3) कः–अपर आयुक्त ग्राम्य विकास के पद पर पदोन्नति द्वारा भर्ती ज्येष्ठता के आधार पर चयन समिति के माध्यम से की जायेगी जिसमें निम्नलिखित होंगे :– 1–मुख्य सचिव, उत्तर प्रदेश। 2–कृषि उत्पादन आयुक्त। 3–ग्राम्य विकास विभाग, उत्तर प्रदेश सरकार के यथास्थिति प्रमुख सचिवया सचिव या दोनों। 4–सचिव उत्तर प्रदेश सरकार कार्मिक विभाग। (ख) नियुक्ति प्राधिकारी उत्तर प्रदेश (लोक सेवा आयोग के क्षेत्र के बाहर के पदों पर) चयनोन्नति पात्रता सूची तैयार करेगा और उसे उनकी चरित्र पंजियों और उनसे सम्बन्धित अन्य ऐसे अभिलेखों के साथ जो उचित समझें जांय चयन समिति के समक्ष रखेगा। (ग) चयन समिति खण्ड (ख) में निर्दिष्ट अभिलेखों के आधार पर अभ्यर्थियों के मामलों पर विचार करेगा और यदि वह आवश्यक समझे तो अभ्यर्थियों का साक्षात्कार भी कर सकती है।	परन्तु आपवादिक अवधि या बढायी गयी परिवीक्षा अवधि के दौरान किसी भी समय या उसके अन्त में नियुक्ति प्राधिकारी को यह प्रतीत हो कि परिवीक्षाधीन व्यक्ति ने अपने अवसरों का पर्याप्त उपयोग नहीं किया है या उसका कार्य और आचरण असंतोषजनर है, तो उसे उसके मौलिक पद पर यदि कोई हो प्रत्यावर्तित किया जा सकता है और यदि उसका किसी पद पर धारणाधिकार न हो तो उसकी सेवायें समाप्त की जा सकती हैं। (4) उपनियम (3) के अधीन जिस परिवीक्षाधीन व्यक्ति को प्रत्यावर्तित किया जाय या जिसकी सेवायें समाप्त की जायं वह किसी प्रतिकर का हकदान न होगा। (5) नियुक्ति प्राधिकारी संवर्ग में सम्मिलित किसी पद पर या किसी अन्य समकक्ष या उच्चतर पद पर की गयी निरन्तर सेवा की परिवीक्षा अवधि की संगणना करने के प्रयोजनार्थ गिने जाने की अनुमति दे सकता है।

उत्तर प्रदेश सरकार
ग्राम्य विकास अनुभाग–1
संख्या :–8706/38–1–111 एन0जी0/90
लखनऊ दिनांक 27 नवम्बर, 1991

अधिसूचना

प्रवीर्ण

संविधान के अनुच्छेद 309 के परन्तु द्वारा प्रदत्त शक्ति का प्रयोग करके और इस विषय पर समस्त विद्यमान विभागों और आदेशों का अधिग्रहण करके राज्यपाल उत्तर प्रदेश सहायक विकास अधिकारी (उद्योग सेवा और व्यवसाय) अराजपत्रित सेवा में भर्ती और उसमें नियुक्त व्यक्तियों की सेवा की शर्तों को विनियमित करने के लिए निम्नलिखित नियमावाली लाते हैं :–

उत्तर प्रदेश सहायक विकास अधिकारी
(उद्योग सेवा और व्यवसाय) अराजपत्रित
सेवा नियमावली, 1991

भाग–एक–सामान्य

संक्षिप्त नाम और प्रारम्भ 1– यह नियमावली उत्तर प्रदेश सहायक विकास अधिकारी (उद्योग सेवा और व्यवसाय) अराजपत्रित सेवा नियमावली, 1991 कही जायेगी।

2– यह तुरन्त प्रवृत्त होगी।

सेवा की परिस्थिति :– 2– उत्तर प्रदेश सहायक विकास अधिकारी (उद्योग सेवा और व्यवसाय) अराजपत्रित सेवा में समूह "ग" के पद समविष्ट हैं।

परिभाषाऐं :– 3–जब तक कि विषय या सन्दर्भ में कोई प्रतिकूल वाक्य हो इस नियमावली में –

(क) "नियुक्ति प्राधिकारी" का सारपर्थ अनुभव, ग्राम्य विकास, उत्तर प्रदेश से है।

(ख) "भारत का नागरिक" का तात्पर्य ऐसे व्यक्ति से है जो संविधान के भाग–दो के अधीन भारत का नागरिक हो या समझा जाय।

(ग) "संविधान" का तात्पर्य भारत का संविधान से है।

(घ) "सरकार" का तात्पर्य उत्तर प्रदेश की राज्य सरकार से है।

(ड़) "राज्यपाल" का तात्पर्य उत्तर प्रदेश के राज्यपाल से है।

(च) "सेवा का सदस्य" का तात्पर्य सेवा के सन्दर्भ में किसी पद पर इस नियमावली या इस नियमावली के प्रारम्भ होने के पूर्व प्रवृत्त नियमों या आदेशों के अधीन भौगोलिक रूप से निवृत्त व्यक्ति से है।

(छ) "सेवा" का तात्पर्य उत्तर प्रदेश सहायक विकास अधिकारी (उद्योग सेवा और व्यवसाय) अराजपत्रित सेवा से है।

(ज) "मौलिक नियुक्ति" का तात्पर्य सेवा के संवर्ग में किसी पर पर ऐसी नियुक्ति से है जो तदर्थ नियुक्ति न हो और नियमों के अनुसार चयन के पश्चात की गयी हो और

यदि कोई नियम न हो तो, सरकार द्वारा जारी किये गये कार्यपालक अनुदेशों द्वारा तत्समय विहित प्रक्रिया के अनुसार की गयी हो।

(झ) "भर्ती का वर्ष" का तात्पर्य किसी कलेण्डर वर्ष की पहली जुलाई से प्रारम्भ होने वाली बारह की अवधि से है।

भाग–दो सम्वर्ग

सेवा का संवर्ग 4:– (1) सेवा की सदस्य संख्या और उसमें पदों की संख्या उतनी होगी जितनी सरकार द्वारा समय–समय पर अवधारित की जाय।

(2) (जब का उपनियम) के अधीन परिवर्तन से आदेश व सेवा की सदस्य संख्या और उसमें पदों की संख्या उतीन होगी जितनी परिशिष्ट में दी गयी है।

परन्तु –

(1) नियुक्ति प्राधिकारी किसी रिक्त पद को बिना भरे हुए छोड़ सकता है या राज्यपाल उसे आरक्षित रख सकते हैं, जिसमें कोई व्यक्ति प्रतिकर का हकदार नहीं होगा।

(2) राज्यपाल ऐसे अतिरिक्त स्थायी या अस्थायी पदों का सृजन कर सकते हैं जैसे वह उचित समझें।

भाग–तीन–भर्ती

भर्ती का स्रोत :– सहायक विकास अधिकारी (उद्योग सेवा और व्यवसाय) के पद पर भर्ती मौलिक रूप से नियुक्त ऐसे ग्राम्य विकास अधिकारियों में से जिन्होंने भर्ती के वर्ष के प्रथम दिवस को इस रूप में पांच वर्ष की सेवा पूरी कर ली हो, की जायेगी।

आरक्षण :– 6 :–अनुसचित जातियों, अनुसूचित जन जातियों और अन्य श्रेणियों के अभ्यर्थियों के लिए आरक्षण, भर्ती के समय प्रवृत्त आदेशों के अनुसार किया जायेगा।

भाग–4–भर्ती की प्रक्रिया

रिक्तियों की अवधारणा 7:–नियुक्ति प्राधिकारी वर्ष के दौरान जाने वाली रिक्तियों की संख्या और नियम–6 के अधीन अनुसूचित जातियों, अनुसचित जनजातियों और अन्य श्रेणियों के अभ्यर्थियों के लिए आरक्षित की जाने वाली रिक्तियों की संख्या भी अवधारित करेगा।

पदोन्नति द्वारा भर्ती की प्रक्रिया :– 8(1) सहायक विकास अधिकारी (उद्योग सेवा और व्यवसाय) के पद पर पदोन्नति द्वारा भर्ती अनुपयुक्त को अस्वीकार करते हुए ज्येष्ठता के आधार पर एक चयन समिति के माध्यम से की जायेगी, जिसमें निम्नलिखित होंगे :–

(1)	आयक्त ग्राम्य विकास, उ0प्र0।	अध्यक्ष
(2)	उप आयुक्त (प्रशासन/मुख्यालय)	सदस्य
(3)	तीन सहायक आयुक्त (प्रशासन/मुख्यालय)	सदस्य
(4)	नियुक्ति प्राधिकारी द्वारा नाम निर्दिष्ठ ग्राम्य विकास विभाग, उत्तर प्रदेश की अनुसचित जाति या अनुसूचित जनजाति का एक अधिकारी	सदस्य

8 (2) :– नियुक्ति प्राधिकारी अभ्यर्थियों की पात्रता सूची उत्तर प्रदेश) लोक सेवा आयोग के क्षेत्र के बाहर के पदों पर चयनोन्नति पात्रता सूची नियमावली, 1986 के अनुसार तैयार करेगा

और उसे उनकी चरित्र पंजियों और उनसे सम्बन्धित, ऐसे अन्य अभिलेखों के साथ, जो उचित समझे जायं, चयन समिति के समक्ष रखेगा।

8(3) चयन समिति उप नियम (2) में निर्दिष्ठ अभिलेखों के आधार पर अभ्यर्थियों के मामलों पर विचार करेगी और यदि वह आवश्यक समझे तो अभ्यर्थियों का साक्षात्कार भी कर सकती है।

(4) चयन समिति चयनित अभ्यर्थियों की एक सूची उस ज्येष्ठता क्रम में जैसी िकवह उस सम्वर्ग में थी, जिसमें उन्हें पदोन्नत किया जाना है, तैयार करेगी और उसे नियुक्ति प्राधिकारी को अग्रसारित करेगी।

भाग–पांच–नियुक्ति, परिवीक्षा, स्थायीकरण और ज्येष्ठता

नियुक्ति 9:– 1:–नियुक्ति प्राधिकारी अभ्यर्थियों की नियुक्तियां उसी क्रम में करेगा जिसमें उनको नाम नियम–8 के अधीन तैयार की गयी सूची में आये हों।

(2) यदि किसी एक चयन के सम्बन्ध में एक से अधिक नियुक्ति के आदेश जारी किये जाये तो एक संयुक्त आदेश भी जारी किया जायेगा जिसमें व्यक्तियों के नामों का उल्लेख उस ज्येष्ठता क्रम में किया जायेगा जैसा कि उस संवर्ग में था जिससे उन्हें पदोन्नत किया गया है।

परिवीक्षा 10:–1:– सेवा में किसी पद पर मौलिक रूप से नियुक्त व्यक्ति को दो वर्ष की अवधि के लिए परिवीक्षा पर रखा जायेगा।

2:– नियुक्ति प्राधिकारी ऐसे कारणों से, जो अभिलिखित किये जायेंगे, अलग–अलग मामलों में परिवीक्षा अवधि को बढ़ा सकता है, जिसमें ऐसा दिनांक विर्निदिष्ट किया जायेगा जब तक अवधि बढ़ायी जाय। परन्तु आपवादिक परिस्थितयों के सिवाय परिवीक्षा अवधि एक वर्ष से अधिक और किसी भी परिस्थिति में दो वर्ष से अधिक नहीं बढ़ायी जायेगी।

(3) यदि परिवीक्षा अवधि या बढ़ायी गयी परिवीक्षा अवधि के दौरान किसी भी समस्या उसके अन्त में नियुक्ति प्राधिकारी को यह प्रतीत हो कि परिवीक्षाधीन व्यक्ति ने अपने अवसरों का पर्याप्त उपयोग नहीं किया है या संतोष प्रदान करने में अन्यथा विफल रहा है तो उसे उसके मौलिक पद पर प्रत्यावर्तित किया जाय वह किसी प्रतिकर का हकदार नहीं होगा।

(5) नियुक्ति प्राधिकारी, संवर्ग में सम्मिलित किसी पद पर या किसी अन्य समकक्ष या उच्चतर पद पर की गयी निरन्तर सेवा को परिवीक्षा अवधि की संगणना करने के प्रयोजन के लिए गिने जाने की अनुमति दे सकता है।

स्थाईकरण :– 11:–उत्तर प्रदेश राज्य के सरकारी सेवकों की स्थायीकरण नियमावली, 1991 के नियम–5 के उपनियम (3) के अधीन नियुक्ति प्राधिकारी द्वारा यह घोषण करते हुए दिया गया आदेश कि परिवीक्षाधीन व्यक्ति ने परिवीक्षा सफलता पूर्वक पूरी कर ली है, स्थायीकरण का आदेश समझा जायेगा।

ज्येष्ठता :– 12:– सेवा में पदों पर मौलिक रूप से नियुक्त व्यक्तियों की ज्येष्ठता समय–समय पर यथा संशोधित उत्तर प्रदेश सरकारी सेवक ज्येष्ठता नियमावली, 1991 के अनुसार अवधारित की जायेगी।

भाग–छः वेतन इत्यादि

वेतनमान 13:– (1) सेवा में पदों पर नियुक्त व्यक्तियों का अनुमन्य वेतनमान ऐसा होगा जैसा सरकार द्वारा समय–समय पर अवधारित किया जाय।

(2) इस नियमावली के प्रारम्भ के साथ प्रवृत्त वेतनमान नीचे दिया गया है :–

पद का नाम	वेतनमान
सहायक विकास अधिकारी (उद्योग सेवा और व्यवसाय)	1200-30-1560–द0रो0–40–2040 रूपये।

परिवीक्षा अवधि में वेतन 14(1) :–फण्डामेंटल रूल्स में किसी प्रतिकूल उपबन्ध के होते हुए भी, परिवीक्षाधीन व्यक्ति को, यदि वह पहले से स्थायी सरकारी सेवा में न हो, समयमान में उसकी प्रथम वेतनवृद्धि तभी दी जायेगी जब उसने एक वर्ष की संतोषजनक सेवा पूरी कर ली हो और द्वितीय वेतन वृद्धि दो वर्ष की सेवा के पश्चात तभी दी जायेगी जब उसने परिवीक्षा अवधि पूरी कर ली हो और उसे स्थायी भी कर दिया गया हो।

परन्तु यदि संतोष प्रदान कर सकने के कारण परिवीक्षा अवधि घटायी जाय तो उस प्रकार बढ़ायी गयी अवधि की गणना वेतन वृद्धि के लिए नहीं की जायेगी जब तक कि नियुक्ति प्राधिकारी अन्यथा निर्देश न दे।

(2) ऐसे व्यक्ति को, जो पहले से सरकार के अधीन कोई पद धारण कर रखा हो, परिवीक्षा अवधि में वेतन सुसंगत फण्डामेण्टल रूल्स द्वारा विनियमित होगा।परन्तु यदि संतोष प्रदान न कर सकने के कारण परिवीक्षा अवधि बढ़ायी जाय तो इस प्रकार बढ़ायी गयी अवधि की गणना वेतनवृद्धि के लिए नहीं दी जायेगी जब तक कि नियुक्ति प्राधिकारी अन्यथा निर्देश न दे।

(3) ऐसे व्यक्ति का, जो पहले से स्थायी सरकारी सेवा में हो, परिवीक्षा अवधि में वेतन राज्य के कार्यकलापों से सम्बन्ध में सेवारत सरकारी सेवकों पर सामान्यतया लाय सुंसगत नियमों द्वारा विनियमित होगा।

दक्षतारोव पर करने का मानदण्ड :–किसी व्यक्ति की दक्षता–रोव पार करने की अनुमति नहीं दी जायेगी जब तक कि उसका कार्य और आचरण संतोषजनक न पाया जाय और उसकी सत्यनिष्ठा प्रमाणित न कर दी जाय।

भाग–सात–अन्य उपबन्ध

पक्ष समर्थन :–16:–किसी पद या सेवा के सम्बन्ध में लागू नियमों के अधीन अपेक्षित सिफारिश से भिन्न किसी अन्य सिफारिश पर, चाहे वह लिखित हो या मौखिक , विचार नहीं किया जायेगा। किसी अभ्यर्थी की ओर से अपना अभ्यथता के लिए प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से समर्थन प्राप्त करने का कोई प्रयास उसे नियुक्ति के लिए अनर्ह कर देगा।

अन्य विषयों का विनियमन :– 17:–ऐसे विषयों के सम्बन्ध में, जो विर्निदिष्ठ रूप से इस नियमावली या विशेष आदेशों के अन्तर्गत न आते हों, सेवा में नियुक्ति व्यक्ति राजय के

कार्यकलापों के सम्बन्ध में सेवारत सरकारी सेवकों पर सामान्यतया लागू नियमों, विनियमों और आदेशों द्वारा नियंत्रित होंगे।

नियुक्ति की शर्तों की शिथिलता :– 18:– जहां राज्य सरकार का यह समाधान हो जाय कि सेवा में नियुक्त व्यक्तियों की सेवा की शर्तों को विनियमित करने वाले किसी नियम के प्रवर्तन से किसी विशिष्ट मामलें में अनुचित कठिनाई होती है, वहां वह उस मामले में लागू नियमों में किसी बात के होते हुए भी, आदेश द्वारा उस नियम की अपेक्षाओं को उस सीमा तक और ऐसी शर्तों के अधीन रहते हुए जिन्हें वह मामले में न्यायसंगत और न्यायपूर्ण रीति से कार्यवाही करने के लिए आवश्यक समझे अभियुक्त या शिथिल कर सकती है।

वृत्ति :– 19:–इस नियमावली की किसी बात का कोई प्रभाव ऐसे आरक्षण और अन्य रियायतों पर नहीं पड़ेगा जिनका इस सम्बन्ध में सरकार द्वारा समय–समय पर जारी किये गये आदेशों के अनुसार अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जन जातियों और व्यक्तियों की अन्य विशेष श्रेणियों के अभ्यर्थियों के लिए उपबन्ध किया जाना अपेक्षित हो।

आज्ञा से

विनोद मल्होत्रा

सचिव)

परिशिष्ट

नियम–4(2) देखिए

क्र0सं0	पद का नाम	पदों की संख्या		
		स्थाई	अस्थाई	योग
1	2	3	4	5
1–	सहायक विकास अधिकारी (उद्योग सेवा और व्यवसाय)	–	885	885

आज्ञा से

विनोद मल्होत्रा

(सचिव)

क्रम संख्या–475 (ख) रजिस्टर्ड

न0 ए0डी0–4

सरकारी गजट, उत्तर प्रदेश

उत्तर प्रदेशीय सरकार द्वारा प्रकाशित

असाधारणा

विधायी परिशिष्ट

भाग–4, खण्ड (ख)

(परिनियत आदेश)

लखनऊ, मंगलवार, 7 अक्टूबर, 1980

आश्विन 15, 1902 शक सम्वत्

उत्तर प्रदेश सरकार

ग्राम्य विकास अनुभाग–1

संख्या 1608/38–1–1616–78

लखनऊ, 7 अक्टूबर, 1980

अधिसूचना

म0आ0–467

प्रस्तावना :–संविधान के अनुच्छेद 309 के परन्तुक के अधीन शक्ति का प्रयोग करके और इस विषय पर सभी वर्तमान नियमों और आदेशों का अतिक्रमण करके राज्यपाल उत्तर प्रदेश ग्राम्य विकास (ग्राम सेवक) सेवा में भर्ती और उसमें नियुक्त व्यक्तियों की सेवा की शर्तों को विनियमित करने के लिए निम्नलिखित नियमावली बनात हैं :–

भाग–एक सामान्य

1–संक्षिप्त नाम और प्रारम्भ :– (1) यह नियमावली उत्तर प्रदेश ग्राम्य विकास (ग्राम सेवक) सेवा नियमावली 1980 कही जायगी।

(2) यह तुरन्त प्रवृत्त होगी।

2–सेवा की प्रास्थिति :–उत्तर प्रदेश ग्राम्य विकास (ग्राम सेवक) सेवा एक अधीनस्थ अराजपत्रित सेवा है।

3:–परिभाषाऐं :– जब तक विषय या सन्दर्भ में कोई प्रतिकूल बात न हो, इस नियमावली में

(क) "नियुक्ति प्राधिकारी" का तात्पर्य अपर जिला मजिस्ट्रेट (विकास) जिला विकास अधिकारी में है :

(ख) "भारत का नागरिक" का तात्पर्य ऐसे व्यक्ति से है जो संविधान के भाग दो के अधीन भारत का नागरिक हो या समझा जाय,

(ग) "आयुक्त" का तात्पर्य आयुक्त, कृषि उत्पादन और ग्राम्य विकास, उत्तर प्रदेश से है और इसमें आयुक्त, ग्राम्य विकास भी सम्मिलित है,

(घ) "सरकार" का तात्पर्य उत्तर प्रदेश सरकार से,

(ङ) "राज्यपाल'6 का तात्पर्य उत्तर प्रदेश के राज्यपाल से है,

(च) " ग्राम सेवक" का तात्पर्य ऐसे व्यक्ति से है जो इस नियमावली या इस नियमावली के प्रारम्भ होने के पूर्व प्रवृत्त नियम या आदेश के अधीन मौलिक रूप में नियुक्त व्यक्ति से है और इसमें ग्राम स्तर कार्यकर्ता भी सम्मिलित है,

(छ) "सेवा का सदस्य" का तात्पर्य सेवा के संवर्ग में किसी पद पर इस नियमावली या इस नियमावली के प्रारम्भ होने के पूर्व प्रवृत्त नियमों या आदेशों के उपबन्धों के अधीन मौलिक रूप में व्यक्ति से है,

(ज) "सेवा" का तात्पर्य उत्तर प्रदेश ग्राम्य विकास (ग्राम्य सेवक) सेवा से है,

(झ) " मौलिक नियुक्ति" का तात्पर्य सेवा के संवर्ग में किसी पद पर ऐसी नियुक्ति से है, जो तदर्थ नियुक्ति न हो और नियमों के अनुसार चयन के पश्चात की गई हो और यदि कोई नियम न हो, तो राज्य सरकार द्वारा जारी किये गये कार्यपालक आदेशों द्वारा तत्समय उपबंधित प्रक्रिया के अनुसार की गई हा,

(ट) "भर्ती का वर्ष" का तात्पर्य किसी कलेण्डर वर्ष की पहली जुलाई से प्रारम्भ होने वाली बारह मास की अवधि से है।

भाग–2 संवर्ग

+–सेवा का संवर्ग (1) :–सेवा की सदस्य संख्या उतनी होगी जितनी राज्यपाल द्वारा समय–समय पर अवधारित की जाय।

(2) :–सेवा की सदस्य संख्या और उसमें प्रत्येक वर्ष के पदों की संख्या, जब तक कि उपनियम (1) के अधीन उसमें परिवर्तन के आदेश न दिये जायें, उतनी होगी जितनी परिशिष्ट "क" में दी गयी है।

परन्तु –

(1) नियुक्ति प्राधिकारी किसी रिक्त पद को बिना भरे हुए छोड़ सकता है या राज्यपाल उसे आस्थगित रख सकते हैं जिससे कोई व्यक्ति प्रतिकर का हकदार न होगा,

(2) राज्यपाल समय–समय पर ऐसे अतिरिक्त अस्थायी या स्थायी पदों का सृजन कर सकते हैं, जिन्हें वह उचित समझें।

भाग–3 भर्ती

5–पदों का स्रोत :–ग्राम सेवक के पद पर भर्ती प्रतियोगिता परीक्षा और विहित प्रशिक्षण, यदि कोई हो, के परिणाम के आधार पर सीधी भर्ती द्वारा की जायेगी।

परन्तु 25 प्रतिशत तक रिक्तियों को उक्त प्रतियोगिता परीक्षा के आधार पर स्थायी पंचायत सेवकों में से भरने के लिए आरक्षित रख सकता है।

टिप्पणी :–ऐसे ग्राम सेवकों के संबध में जिनकी नियुक्ति उक्त परन्तुक के अनुसार की जाय, योग्यता के क्रम में, जैसी कि प्रतियोगिता परीक्षा के आधार पर अवधारित की जाय, एक पृथक सूची तैयार की जायगी।

6–अनुसूचित जातियों के लिए आरक्षण :–अनुसचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों और अन्य प्रवर्गों के अभ्यर्थियों के लिए आरक्षण भर्ती के समय प्रवृत्त सरकार के आदेशों के अनुसार किया जायगा।

भाग–4 अर्हताऐं

7–राष्ट्रिकता :–किसी पद पर या सेवा में सीधी भर्ती के लिए यह आवश्यक है कि अभ्यर्थी :–

(क) भारत का नागरिक हो, या

(ख) तिब्बती शरणार्थी हो, जो भारत में स्थायी रूप में निवास करने के अभिप्राय में 1 जनवरी, 1962 के पूर्व भारत आया हो, या

(ग) भारतीय उदभव का ऐसा व्यक्ति हो जिसने भारत में स्थायी रूप से निवास करने के अभिप्राय से पाकिस्तान, बर्मा, श्रीलंका या फेनिया, उगांडा और यूनाइटेड रिपब्लिक आफ तन्जानिया (पूर्ववर्ती तांगानिका और जंज़ीबार) के किसी पूर्वी अफ्रीकी देश में प्रवजन किया हो :

परन्तु उपर्युक्त प्रवर्ग (ख) या (ग) के अभ्यर्थी को ऐसा व्यक्ति होना चाहिए जिसके पक्ष में राज्य सरकार द्वारा पात्रता का प्रमाण–पत्र जारी किया गया हो :

परन्तु यह और कि प्रवर्ग (ख) के अभ्यर्थी में यह भी अपेक्षा की जायगी कि वह पुलिस उपमहानिरीक्षक, गुप्तचर शाखा, उत्तर प्रदेश में पात्रता का प्रमाण–पत्र प्राप्त कर ले :

परन्तु यह भी कि यदि कोई अभ्यर्थी उपर्युक्त प्रवर्ग (ग) का हो तो पात्रता का प्रमाण–पत्र एक वर्ष से अधिक अवधि के लिए जारी नहीं किया जायेगा और ऐसे अभ्यर्थी को एक वर्ष की अवधि के आगे सेवा में इस शर्त पर रहने दिया जायेगा कि वह भारत की नागरिकता प्राप्त कर ले।

टिप्पणी :– ऐसे अभ्यर्थी को जिसके मामले में पात्रता का प्रमाण–पत्र आवश्यक हो, किन्तु न तो वह जारी किया गया हो और न देने से इंकार किया गया हो, किसी परीक्षा या साक्षात्कार में सम्मिलित किया जा सकता है और उसे इस शर्त पर अन्तिम रूप से नियुक्त भी किया जा सकता है कि आवश्यक प्रमाण–पत्र उसके द्वारा प्राप्त कर लिया जाय या उसके पक्ष में जारी कर दिया जाय।

8–शैक्षिक अर्हताऐं :– सेवा में सीधी भर्ती के लिए यह आवश्यक है कि अभ्यर्थी ने विज्ञान या कृषि के साथ माध्यमिक शिक्षा परिषद, उत्तर प्रदेश सरकार की इंटरमीडिएट परीक्षा या राज्यपाल द्वारा उसके समकक्षा मान्यता प्राप्त कोई परीक्षा उत्तीर्ण की हो।

9–अधिमानी अर्हताऐं :– ऐसे अभ्यर्थी को जिसने –

(एक) प्रादेशिक सेना में दो वर्ष की न्यूनतम अवधि तक सेवा की हो, या

(दो) राष्ट्रीय कैडेट कोर का "बी" प्रमाण7पत्र प्राप्त किया हो, अन्य बातों के समान होने पर सीधी भर्ती के मामले में अधिमान दिया जाएगा।

10–आयु –सीधी भर्ती के लिए अभ्यर्थी की आयु जिस वर्ष भर्ती की जानी हो उस वर्ष की पहली जनवरी को यदि पद 1 जनवारी से 30 जून की अवधि में विज्ञापित किये जायं और 1 जुलाई को यदि वह 1 जुलाई से 31 दिसम्बर की अवधि में विज्ञापित किय जायें। 18 वर्ष की जो जानी चाहिए और 28 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए :

परन्तु अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों और ऐसे अन्य प्रवर्गों के जो सरकार द्वारा समय–समय पर अधिसूचित किए जायं अभ्यर्थियों की दशा में उच्च आयु सीमा उतने वर्ष अधिक होगी जितनी विर्निदिष्ट की जाय :

परन्तु यह और कि ऐसे स्थायी पंचायत सेवकों के लिए, जो नियम 5 के परन्तुक के अनुसार भर्ती किये जायें, उच्च आयु सीमा इस नियम में विर्निदिष्ट दिनांक को 45 वर्ष होगी।

11–चरित्र :– सेवा में किसी पद पर सीधी भर्ती के लिए अभ्यर्थी का चरित्र ऐसा होना चाहिए कि वह सरकारी सेवा में नियोजन के लिए सभी प्रकार से उपयुक्त हो सके। नियुक्ति प्राधिकारी इस संबध में अपना समाधान करेगा।

टिप्पणी :–संघ सरकार या किसी राज्य सरकार द्वारा यां संघ सरकार या किसी राज्य सरकार के स्वामित्व या नियंत्रण में किसी स्थानीय प्राधिकारी, किसी निगर्म या निकाय द्वारा पदच्युत व्यक्ति सेवा में किसी पद पर नियुक्ति के लिए पात्र नहीं होंगे। नैतिक अधेतमा के किसी अपराध के लिए दोषसिद्ध व्यक्ति भी पात्र नहीं होंगे।

12–**वैवाहिक प्रास्थिति** :–सेवा में किसी पद पर नियुक्ति के लिए ऐसा पुरुष अभ्यर्थी पात्र न होगा जिसकी एक से अधिक पत्नियां जीवित हों या ऐसी महिला अभ्यर्थी पात्र न होंगी जिसने ऐसे पुरुष से विवाह किया हो जिसकी पहले से एक पत्नी जीवित हो :

परन्तु राज्यपाल किसी व्यक्ति को इस नियम के प्रवर्तन से छूट दे सकते हैं यदि उनका समाधान हो जाय कि ऐसा करने के लिए विशेष कारण विद्यमान है।

13–**शारीरिक स्वस्थता** :–किसी अभ्यर्थी की सेवा में किसी पद पर तब तक नियुक्त नहीं किया जायगा जब तक कि मानसिक और शारीरिक दृष्टि से उसका स्वास्थ्य अच्छा न हो और वह किसी ऐसे शारीरिक दोष से मुक्त न हो जिससे उसे अपने कर्तव्य का दक्षतापूर्वक पालन करने में बाधा पड़ने की संभावना हो। किसी अभ्यर्थी को नियुक्ति के लिए अंतिम रूप में अनुमोदित किये जाने के पूर्व उससे यह अपेक्षा की जायगी कि वह फंडामेंटल रूल्स 10 के अधीन बनाये गये और फाइनेंशियल हैण्डबुक खंड दो, भाग–तीन के अध्याय तीन में दिये गये नियमों के अनुसार स्वस्थता प्रमाण–पत्र प्रस्तुत करें :

परन्तु पदोन्नति द्वारा भर्ती किये गये अभ्यर्थी से स्वस्थता प्रमाण–पत्र की अपेक्षा नहीं की जायगी।

भाग–5 भर्ती की प्रक्रिया

14–**रिक्तियों की अवधारणा** :–आयुक्त वर्ष के दौरान प्रत्येक जिले में भरी जाने वाली रिक्तियों की संख्या और नियम 6 के अधीन अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों और अन्य प्रवर्गों के अभ्यर्थियों के लिए आरक्षित की जाने वाली रिक्तियों की संख्या भी अवधारित करेगा और सेवायोजन कार्यालय को अधिसूचित करेगा। रिक्तियों को संबधित जिलों में परिचालित समाचार–पत्रों में भी अधिसूचित किया जायगा और उन्हें अन्य प्रकार से भी प्रकाशित किया जा सकता है।

15–(1)सीधी भर्ती की प्रक्रिया:–प्रशिक्षण के प्रयोजनार्थ अभ्यर्थियों का चयन, एक चयन समिति के माध्यम से, जिसमें निम्नलिखित होंगे, जिलावार तैयार किया जायगा :–

(एक) जिला मजिस्ट्रेट या उसका नाम–निर्दिष्ट कोई व्यक्ति।

(दो) जिला परिषद का कोई अधिकारी या सदस्य।

(तीन) जिला विकास अधिकारी/अपर जिला मजिस्ट्रेट (विकास)।

<u>टिप्पणी:–</u>समिति का अध्यक्ष जिला मजिस्ट्रेट होगा और उसकी अनुपस्थिति में अपर जिला मजिस्ट्रेट (विकास)/जिला विकास अधिकारी अध्यक्षता करेगा।

(2) चयन समिति आवेदन पत्रों की समीक्षा करेगी और पात्र अभ्यर्थियों से लिखित परीक्षा और शारीरिक परीक्षा में उपस्थित होने की अपेक्षा करेंगी।

<u>टिप्पणी</u> :–लिखित परीक्षा का पाठय–विवरण और शारीरिक परीक्षा का मानक परिशिष्ट "स" में दिया गया है। अभ्यर्थियों की योग्यता का निर्धारण करने में विभागीय अभ्यर्थियों को शारीरिक परीक्षा में छूट दी जायगी।

(3) चयन समिति अभ्यर्थियों द्वारा लिखित परीक्षा में प्राप्त किये गये अंको को सारणीबद्ध कर लिये जाने के पश्चात नियम 6 के अनुसार अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों और अन्य प्रवर्गों के अभ्यर्थियों का सम्यक् प्रतिनिधित्व सुनिश्चितर करने की आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए साक्षात्कार और शारीरिक परीक्षा के लिए केवल उन अभ्यर्थियों को बुलायेगी जिन्होंने कम से कम 50 प्रतिशत (अनुसूचित जाति के अभ्यर्थी की दशा में 40 प्रतिशत) अंक प्राप्त किये हों। समिति अन्य बातों के साथ–साथ ग्रामीण पृष्ठ–भूमि, सेवा में नियुक्ति के लिए उसकी शारीरिक और सामान्य उपयुक्तता के साथ ही परिशिष्ट 'ख' में इंगित अन्य बातों का भी ध्यान रखेगी। शारीरिक परीक्षा और साक्षात्कार में दिये गये अंक लिखित परीक्षा में प्राप्त किये गये अंको में जोड़ दिये जायेंगे।

(4) ततपश्चात समिति चुने गये अभ्यर्थियों की (क) नियम 5 के अधीन सीधे भर्ती किये गये अभ्यर्थियों के लिए और (ख) नियम 5 के परन्तुक के अधीन स्थायी पंचायत सेवकों में से भरती के लिए पृथक–पृथक सूचियां तैयार करेंगी और उनके नामों को उनकी प्रवीणता के क्रम में जैसा कि प्रत्येक अभ्यर्थी को अंतिम रूप से दिये गये अंको के कुल योग से प्रकट हो, रखेगा और इस नियमावली की परिशिष्ठ, "ग" में विहित प्रारूप में आयुक्त को अग्रसारित करेगा। आयुक्त नियम 6 और 16 के अधीन रहते हुए ऐसे अभ्यर्थियों का चयन करेगा जो जिले की समितियों से प्राप्त सूची में अधिमानता क्रम में उच्चतम स्थान पर हों।

16–प्रशिक्षण–(1)–चयन किये गये अभ्यर्थियों को मौलिक रूप से नियुक्त किये जाने के पूर्व अपने खर्चे पर सरकार द्वारा समय–समय पर यथा विर्निदिष्ट स्थान पर दो वर्ष का प्रशिक्षण प्राप्त करना होगा।

(2) प्रशिक्षण की अवधि में उन्हें 50 रूपये प्रतिमास की वृत्तिका या ऐसी वृत्तिका दी जायगी जो सरकार द्वारा समय–समय पर अवधारित की जाय।

(3) अभ्यर्थी एक बंधपत्र निष्पादित करेंगे जिससे वे राज्य सरकार के अधीन तीन वर्ष तक ग्राम सेवक के रूप में सेवा करने के लिए बचनबद्ध होंगे।

(4) आयुक्त, प्रशिक्षण की समाप्ति पर अभ्यर्थियों की, प्रशिक्षण में उनके द्वारा प्राप्त किये गये अंको के कुल योग के आधार पर एक योग्यता सूची तैयार करेगा और संबधित नियुक्ति प्राधिकारी को अपेक्षित संख्या में नाम भेजेगा।

भाग–6 नियुक्ति परिवीक्षा स्थाईकरण और ज्येष्ठता

17–नियुक्ति–(1) मौलिक रिक्तियां होने पर, नियुक्ति प्राधिकारी अभ्यर्थियों को उस क्रम से लेकर जिसमें उनके नाम नियम 16 के अधीन तैयार की गई सूची में हों, नियुक्तियां करेगा।

(2) यदि किसी एक चयन के संबध में एक से अधिक नियुक्ति के आदेश जारी किये जांय तो एक संयुक्त आदेश भी जारी किया जायगा, जिसमें व्यक्तियों के नाम का उल्लेख ज्येष्ठताक्रम में किया जायगा, जैसी कि यथास्थिति, चयन में अवधारित की जाय, या जैसी कि उस संवर्ग में हो जिससे उन्हें पदोन्नत किया जाय।

(3) नियुक्ति प्राधिकारी उपनियम (1) के अधीन तैयार की गयी सूची से अस्थायी और स्थानापन्न रूप से भी नियुक्तियां कर सकता है यदि इन सूचियों का कोई अभ्यर्थी उपलब्ध न हो तो वह ऐसी रिक्तियों में इस नियमावली के अधीन पात्र व्यक्तियों में से नियुक्तियां कर सकता है। ऐसी नियुक्तियां एक वर्ष से अधिक अवधि के लिए या इस नियमावली के अधीन अगला चयन किये जाने के बाद, इसमें जो भी पहले हो, नहीं रहेंगी।

18–परिवीक्षा–1–सेवा में किसी पद पर जो अभिलिखित किये जायेंगे, अलग–अलग मामलों में परिवीक्षा अवधि बढ़ा सकता है, जिसमें ऐसा दिनांक विर्निदिष्ट किया जायगा जब तक के लिए अवधि बढ़ायी जाय :

परन्तु आपवादित परिस्थितियों के सिवाय परिवीक्षा अवधि एक वर्ष से अधिक और किसी भी परिस्थिति में दो वर्ष से अधिक नहीं बढ़ायी जायगी।

(3) यदि परिवीक्षा अवधि या बढ़ायी गयी परिवीक्षा अवधि के दौरान या उसके अन्त में किसी भी समय नियुक्ति प्राधिकारी को यह प्रतीत हो कि परिवीक्षाधीन व्यक्ति ने अपने अवसरों का पर्याप्त उपयोग नहीं किया है या संतोष प्रदान करने में अन्यथा विफल रहा है तो उसे उसके मौलिक पद पद, यदि कोई हो, प्रत्यावर्तित किया जा सकता है और यदि उसका किसी पद पर धारणाधिकार न हो तो उसकी सेवायें समाप्त की जा सकती हैं।

(4) ऐसा परिवीक्षाधीन व्यक्ति जिसको उपनियम (3) के अधीन प्रत्यावर्तित किया जाय या जिसकी सेवायें समाप्त की जायं, किसी प्रतिकर का हकदान न होगा।

(5) नियुक्ति प्राधिकारी सेवा के संवर्ग में सम्मिलित किसी पद पर या किसी अन्य समकक्ष या उच्च पद पर स्थानापन्न या अस्थायी रूप में की गयी निरन्तर सेवा की परिवीक्षा अवधि की संगणना करने के प्रयोजन के लिए गणना करने की अनुज्ञा दे सकता है।

19–स्थायीकरण–किसी परिवीक्षाधीन व्यक्ति को परिवीक्षा–अवधि या बढ़ायी गयी परिवीक्षा अवधि के अन्त में उसके पद पर स्थायी कर दिया जायेगा, यदि–

(क) उसका कार्य और आचरण संतोषजनक बढाया जाय,

(ख) उसकी सत्यनिष्ठा प्रमाणित कर दी जाय, और

(ग) नियुक्ति प्राधिकारी का यह समाधान हो जाय कि वह स्थायीकरण के लिए अन्यथा उपयुक्त है।

20–ज्येष्ठता (1)–एतदद्वारा यथा उपबंधित के सिवाय किसी प्रवर्ग के पद पर व्यक्तियों की ज्येष्ठता मौलिक नियुक्ति के आदेश के दिनांक से, और यदि दो या अधिक व्यक्ति एक साथ नियुक्त किये जायं तो उस क्रम से जिसमें उनके नाम नियुक्ति के आदेश में रखे गये हों, अवधारित की जायगी :–

परन्तु यदि नियुक्ति के आदेश में कोई ऐसा विशिष्ट पूर्ववर्ती दिनांक विर्निदिष्ट किया जाय जब से किसी व्यक्ति की मौलिक रूप से नियुक्ति की जानी हो तो उस दिनांक की मौलिक नियुक्ति के आदेश का दिनांक समझा जायगा, और अन्य मामलों में उसका तात्पर्य आदेश जारी किये जाने के दिनांक से होगा।

परन्तु यह और कि यदि किसी चयन के संबध में एक से अधिक नियुक्ति के आदेश जारी किये जायं तो ज्येष्ठता वही होगी जो नियम 17 के उपनियम (2) के अधीन जारी किये गये नियुक्ति के संयुक्त आदेश में उल्लिखित की जाय।

(2) यदि एक चयन के परिणाम के आधार पर सीधे नियुक्त किये गये व्यक्तियों की पारस्परिक ज्येष्ठता वही होगी, जो चयन समिति द्वारा अवधारित की जाय :–

परन्तु सीधे भर्ती किया गया कोई अभ्यर्थी अपनी ज्येष्ठता खो सकता है, यदि किसी रिक्त पद का उसे प्रस्ताव किये जाने पर वह विधिमान्य कारणों के बिना कार्य–भार ग्रहण करने में विफल रहे। कारणों की विधि मान्यता के संबध में नियुक्ति प्राधिकारी का विनिश्चय अंतिम होगा।

भाग–7 वेतन आदि

21–वेतनमान आदि–(1)–सेवा में विभिन्न प्रवर्गो के पदों पर, चाहे मौलिक या स्थानापन्न रूप में या अस्थायी आधार पर नियुक्त व्यक्तियों का अनुबन्ध वेतनमान ऐसा होगा जैसा सरकार द्वारा समय–समय पर अवधारित किया जाय।

(2) इस नियमावली के प्रारम्भ के समय विद्यमान वेतनमान नीचे दिया गया है :–

पद का नाम	वेतनमान
(1) ग्राम सेवक (साधारण श्रेणी)	230–6–280–द0रो0–335–द0रो0–10–385 रूपया।
(2) ग्राम सेवक (चयन श्रेणी)	230–7–285–द0रो0–9–375–द0रो0–10–425 रूपया।

टिप्पणी:–(1) ग्राम सेवकों के कुल स्थायी पदो के 15 प्रतिशत पदों को "चयन श्रेणी" के पद घोषित किया गया है। चयन श्रेणी, अनुपयुक्त को अस्वीकार करते हुए, ज्येष्ठता के आधार पर केवल ऐसे ग्राम सेवकों को दी जायगी जो स्थायी घोषित कर दिये गये हों और जिन्होंनें हाईस्कूल या उसके समकक्ष परीक्षा उत्तीर्ण कर ली हो।

(2) 15 रू0 प्रति मास यात्रा भत्ता भी दिया जायगा।

22–परिवीक्षा अवधि में वेतन (1)–फंडामेंटल रूल्स में किसी प्रतिकूल उपबन्ध के होते हुए भी, किसी परिवीक्षाधीन व्यक्ति को, यदि वह पहले से स्थायी सरकारी सेवा में न हो, समयमान में उसकी प्रथम वेतनवृद्धि तभी दी जायगी जबकि उसने एक वर्ष की संतोषप्रद सेवा पूरी कर ली हो, विभागीय परीक्षा उत्तीर्ण कर ली हो और प्रशिक्षण जहां विहित हो, पूरा कर लिया हो, और द्वितीय वेतन वृद्धि दो वर्ष की सेवा के पश्चात तभी दी जायगी जब कि उसने परिवीक्षा अवधि पूरी कर ली हो और उसे स्थायी भी कर दिया गया हो :–

परन्तु यदि संतोष प्रदान न कर सकने के कारण परिवीक्षा अवधि बढ़ायी जाय तो इस प्रकार बढ़ायी गयी अवधि की गणना वेतन वृद्धि के लिए तब तक नहीं की जायगी जब तक कि नियुक्ति प्राधिकारी अन्यथा निर्देश न दें।

(2) ऐसे व्यक्ति का जो पहले से सरकार के अधीन कोई पद धारण कर रहा हो, परिवीक्षा अवधि में वेतन सुसंगत फंडामेंटल रूल्स द्वारा विनियमित होगा।

परन्तु यदि संतोष प्रदान न कर सकने के कारण परिवीक्षा अवधि बढ़ायी जाय तो इस प्रकार बढ़ायी अवधि की गणन वेतनवृद्धि के लिए तब तक नहीं की जायगी जब तक कि नियुक्ति प्राधिकारी अन्यथा निर्देश न दे।

(3) ऐसे व्यक्ति का जो पहले से स्थायी सरकारी सेवा में हो, परिवीक्षा अवधि में वेतन राजय के कार्यकलापों के संबध्न में सामान्यतया सेवारत सरकारी सेवकों पर लागू सुसंगत नियमों द्वारा विनियमित होगा।

23–दक्षतारोक पार करने का मानदंड–किसी व्यक्ति को –

(1) प्रथम दक्षतारोक पार करने के अनमति तब तक नहीं दी जायगी जब तक कि उसका कार्य और आचरण संतोषजनक न पाया जाय और जब तक कि उसकी सत्यनिष्ठा प्रमाणित न कर दी जाय।

(2) द्वितीय दक्षतारोक पार करने की अनुमति तब तक नहीं दी जायगी जब तक कि उसने परिश्रम और अपनी सर्वोत्तम योग्यता से कार्य न किया हो और उसका कार्य और आचरण संतोप्रद न पाया जाय और जब तक कि उसकी सत्यनिष्ठा प्रमाणित न कर दी जाय।

भाग–8 अन्य उपबन्ध

24–पक्ष समर्थन:–किसी पद या सेवा के संबध में लागू नियमों के अधीन अपेक्षित सिफारिश से भिन्न किसी अन्य सिफारिश पर चाहे लिखित हो या मौखिक विचार नहीं किया जायगा। किसी अभ्यर्थी की ओर से अपनी असमर्थता के लिए प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से समर्थन प्राप्त करने का कोई प्रयास उसे नियुक्ति के लिए अनर्ह कर देगा।

26–अन्य विषयों का विनियमन–ऐसे विषयों के संबध में जो विर्निदिष्ट रूप में इस नियमावली या विशेष आदेशों के अन्तर्गत न आते हों सेवा में नियुक्त व्यक्ति ऐसे नियमों, विनियमों और आदेशों द्वारा शासित होंगे जो राजय के कार्यकलापों के संबध में सेवारत सरकारी सेवकों पर सामान्यतया लागू होते हैं।

26–सेवा की शर्तों में शिथिलता:–जहां राज्य सरकार का यह समाधान हो जाय कि सेवा में नियुक्त किसी व्यक्ति की सेवा की शर्तों को विनियमित करने वाले किसी नियम के प्रवर्तन से किसी विशिष्ट मामले में अनुचित कठिनाई होती है, वह उस मामले में लागू होने वाले नियमों में किसी बात के होते हुए भी आदेश द्वारा उस नियम की अपेक्षाओं को उस सीमा तक और ऐसी शर्तों के अधीन रहते हुए जिन्हें उस मामले में न्यायसंगत तथा साम्यिक रीति से कार्यवाही करने के लिए आवश्यक समझें, अभिमुक्त या शिथिल कर सकती है।

27–व्यावृत्ति :–इस नियमावली में किसी बात का ऐसे आरक्षण और अन्य रियायतों पर कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा जिनकी राज्य सरकार द्वारा इस संबध में समय–समय पर जारी किये गये आदेशों के अनुसार अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों और अन्य विशेष प्रवर्गों के व्यक्तियों के लिए व्यवस्था करना अपेक्षित हो।

परिशिष्ट–'क'

(नियम 4 देखिए)

सेवा की सदस्य संख्या

पद नाम.....	पदों की संख्या	
	स्थायी	अस्थाई
	10916	704
ग्राम सेवक		8975
इन पदों का विवरण और विभाजन इस प्रकार है :–		
क– सामुदायिक विकास खंड।	175	
ख– प्रशिक्षण योजना (सामुदायिक विकास से संबधित)		8
ग–अग्रगामी प्रायोजना।	2484	

(घ)–कृषि विभाग।

(च)–चयन श्रेणी स्थायी पदों का 20 प्रतिशत।

परिशिष्ट 'ख'

(नियम 15 देखिए)

लिखित/शारीरिक परीक्षा का पाठय विवरण और नियम

1–(क) नियम 5 के अधीन ग्राम सेवक के पदों के अभ्यर्थियों की इंटरमीएिट स्तर की लिखित परीक्षा देनी होगी, परीक्षा में एक प्रश्न पत्र होगा, जो तीन घंटे का होगा और उसके अधिकतम अंक 200 होंगे। इसमें 20 प्रश्न दिये जायेंगे जिनमें में से आठ प्रश्न अनिवार्य होंगे।

(ख) ऐसे अभ्यर्थी को जो उक्त प्रश्न पत्र में कम से कम 50 प्रतिशत अंक प्राप्त करें, चयन के लिए लिखित परीक्षा में अर्ह समझा जाएगा। अनुसूचित जाति के अभ्यर्थियों की दशा में लिखित परीक्षा में अर्हकारी प्रतिशत 40 प्रतिशत होगा।

2–(क) नियम 5 के अध्धीन ग्राम सेवक के पद पर सीधी भर्ती के लिए अभ्यर्थियों का शारीरिक परीक्षा किया जायगा जिसमें निम्नलिखित बातें होंगी :–

क्र0 सं0	विवरण	न्यूनतम निर्दिष्टियां	विहित स्तम्भ के अनुसार न्यूनतम निर्दिष्टियां के लिए दिये गये अंक	योग्यता को निर्दिष्टियां	दिये जाने वाले अधिकतम अंक
1	2	3	4	5	6
(एक)	एक मील की दौड़	नौ मिनट में पूरी करने पर	पांच	दो मिनट में पूरी करने पर	दस
(दो)	शारीरिक व्यायाम, दंड और बैठक	पन्द्रह दंड और तीस बैठक	पांच	पच्चीस दंड और पचास बैठक	दस
(तीन)	लम्बी कूद	दस फूट तक	पांच	पन्द्रह फूट तक	दस
(चार)	चार मील की साइकिल दौड़	पैंतालीस मिनट में पूरी करने पर	पांच	पन्द्रह मिनट में पूरी करने पर	दस
(पांच)	दो मील चलना	पैंतालीस मिनट मे पूरा करने पर	पांच	पन्द्रह मिनट में पूरी करने पर	दस

(ख) पर्वतीय सम्भागों में, जहां साइकिल दौड़ सम्भव न हो या जहां साइकिल का कम उपयोग किया जाता है, साइकिल दौड़ के स्थान पर घुड़सवारी या इसी प्रकार की अन्य परीक्षा ली जा सकती है।

(ग) ऐसे अभ्यर्थी को जो शारीरिक परीक्षा में कम से कम पन्द्रह अंक प्राप्त करनें, इस प्रयोजन के लिए शारीरिक परीक्षा में अर्ह समझा जायगा।

3–ऐसे अभ्यर्थी जो नियम 5 के अन्तर्गत आते हैं। शारीरिक परीक्षा से मुक्त होंगे, ऐसे अभ्यर्थी को जो लिखित और शारीरिक परीक्षा में अर्ह हो जाय। साक्षात्कार के लिए बुलाया जायगा और उनको निम्न प्रकार से अंक आंवटित किये जायेंगे। :–

अधिकतम अंक	100
न्यूनतम अंक	40 प्रतिशत

1–क्रम संख्या

2–नाम और पता

3–संभागीय/विभागीय सेवा का अनुभव, यदि कोई हो

अधिकतम अंक (10)

4–ग्राम्य जीवन का अनुभव (अधिकतम अंक 10)

5–फौज सेवा या उसका अनुभव, यदि कोई हो (अधिकतम अंक 10)

6–शारीरिक गठन और व्यक्तिम्व (अधिकतम अंक 20)

7–पद के लिए उपयुक्त (अधिकतम अंक 30)

8–सामान्य बुद्धि (अधिकतम अंक 20)

9–योग

10–अभियुक्ति

परिशिष्ट 'गा'
(नियम 15 देखिए)
जिले में ग्राम सेवकों की योग्यता सूची

1–क्रम संख्या
2–योग्यता क्रम
3–अभ्यर्थी का नाम और पता
4–शैक्षिक अर्हता
5–आयु
6–लिखित परीक्षा में प्राप्त किये गये अंक
7–शारीरिक परीक्षा में प्राप्त किये गये अंक
8–साक्षात्कार में प्राप्त किये गये अंक
9–कुल प्राप्त किये गये अंक
10–अभ्युक्ति

टिप्पणी :– अनुसूचित जातियों/पिछड़े वर्गों और पर्वतीय क्षेत्रों के अभ्यर्थियों को अभ्युक्ति के स्तम्भ में क्रमशः अक्षर अनु0 जा0, पि0व0, और (प0) में इंगित किया जाना चाहिए।

अभ्यर्थी को साक्षात्कार में सभी साक्षात्कार लेने वाले व्यक्तियों द्वारा दिये गये अंक जोड़े जायेंगे और इस प्रकार उपलब्ध कुल योग का साक्षात्कार लेने वाले व्यक्तियों की संख्या में विभाजित किया जायेगा। दूसरे शब्दों में इस स्तम्भ में दी गयी संख्या साक्षात्कार में किसी अभ्यर्थी द्वारा प्राप्त किये गये अंको की औसत संख्या होगी।

चुने गये अभ्यर्थियों को अधिमान क्रम में सूची का आधार उपर्युक्त स्तम्भ 9 में दिये गये अंको का कुल योग होगा।

आज्ञा से,
सुरेन्द्र मोहन,
सचिव

In pursuance of the provision of clause (8) of Article 348 of the Constitution, the Governor is pleased to order the publication of the following English translation of notificaiton no. 1608/1-1616-78, dated October 7, 1980 :

No. 1608/38-1-1616-78

NOTIFICATION

MISCELLANEOUS

Dated Lucknow, October 7, 1980

Preamble-In exercise of the power under the provision to Article 309 of the Constitution and in supedrsession of all existing rules and orders on the subject, the Governor is pleased to make the following rules regulating recruitment and the conditions of servies of persons appointed to the Uttar

Pradesh Rural Development (Gram Sewak) Service.

THE UTTAR PRADESH RURAL DEVELOPMENT

(GRAM SEWAK) SERVICE RULES, 1980

PART I-GENERAL

1. Short title and commencement-(I) These rules may be called the Rural Development (Gram Sewak) Service Rules, 1980.

(2) They shall come into force at once.

2. Status of the service-The Rural Development Service (Gram Sewak) is a subordinate non-gazetted service.

3. Definitions:-In these rules, unless there is anything repugnant in the subject or context-

(a) "appointing authority" means the Additional District Magistrate (Development)/District Development Officer :

(b) "citizen of India" means a person who is or is deemed to be a citizen of India under Part II of the Contitution ;

(c) "Commissioner" means the Commissioner, Agriculturazl Production and Rural Development, Uttar Pradesh and includes Commissioner, Rural Development ;

क्रम संख्या–475 (ख) रजिस्टर्ड

नं0 ए0डी0–4

सरकारी गजट, उत्तर प्रदेश

उत्तर प्रदेशीय सरकार द्वारा प्रकाशित

असाधारणा

विधायी परिशिष्ट

भाग–4, खण्ड (ख)

(परिनियत आदेश)

लखनऊ मंगलवार, 14 नवम्बर, 1980

कार्तिक 23, 1902 शक सम्वत्

उत्तर प्रदेश सरकार

ग्राम्य विकास अनुभाग–1

संख्या 3336/38–1–1654–77

लखनऊ, 14 नवम्बर, 1980

अधिसूचना

प्रकीर्ण

म0आ0–467 प्रस्तावना :–संविधान के अनुच्छेद 309 के परन्तुक के अधीन शक्ति का प्रयोग करके और इस विषय पर विद्यमान आदेशों का अतिक्रमण करके राज्यपाल उत्तर प्रदेश, कृषि उत्पादन और ग्राम्य विकास (विभाग लिपिक और उसमें नियुक्त) व्यक्तियों की सेवा की शर्तों के लिए निम्नलिखित नियमावली बनाते हैं :–

प्रदेश कृषि उत्पादन और ग्राम्य विकास विभाग लिपिक वर्ग सेवा नियमावली 1980

वह नियमावली "उत्तर प्रदेश कृषि उत्पादन और ग्राम्य विकास विभाग लिपिक संक्षिप्त नाम

नियमावली 1980" कही जायेगी। और

प्रारम्भ

प्रदेश कृषि उत्पादन और ग्राम्य विकास विभाग लिपिक वर्ग सेवा में समूह "ग" के सेवा की आस्थिति

23–(1)–फण्डामेन्टल रूल्स में किसी अधिकृत उपबन्ध के होते हुए भी किसी परिवीक्षाधीन व्यक्ति की यदि वह पहले से स्थायी सरकारी सेवा में न हो, समयमान में उसकी प्रथम वेतन वृद्धि तभी दी जायेगी जब उसमें एक वर्ष की संतोषजनक सेवा पूरी कर ली हो, और द्वितीय वेतन वृद्धि में 1 वर्ष की सेवा के पश्चात तभी दी जायेगी जब उसमें परिवीक्षा अवधि पूरी कर ली हो और उसे स्थायी भी कर दिया गया हो।

परन्तु यदि संतोष प्रदान न कर सकने के कारण परिवीक्षा अवधि बढ़ायी जाय तो इस प्रकार बढ़ायी गयी अवधि की गणन वेतन वृद्धि के लिए तब तक नहीं की जायेगी जब तक कि नियुक्ति प्राधिकारी अन्यथा निर्देश न दे।

(2) ऐसे व्यक्ति का जो पहले से सरकार के अधीन कोई पद धारण कर रहा हो, परिवीक्षा अवधि में वेतन सुसंगत फण्डामेण्टल रूल्स द्वारा विनियमित होगा :–
परन्तु यदि संतोष प्रदान न कर सकने के कारण परिवीक्षा अवधि बढ़ायी जाय तो इस प्रकार बढ़ायी गयी अवधि की गणना वेतन वृद्धि के लिए तब तक नहीं की जायगी जब तक नियुक्ति अधिकारी अन्यथा निर्देश न दे।
(3) ऐसे व्यक्ति का जो पहले से स्थायी सरकारी सेवा में हो, परिवीक्षा अवधि में वेतन राजय के कार्यकलाप के संबध में सामान्यतया सेवारत सरकारी सेवकों पर लागू सुसंगत नियमों द्वारा विनियमित होगा।
24(1):–अधीक्षक की दक्षतोरोक पार करने की अनुमति तब तक नहीं दी जायेगी जब तमक कि यह न पाया जाय कि उसने तत्परतापूर्वक और अपनी सर्वोत्तम योग्यता से कार्य किया है, विभाग के कार्य का पर्याप्त ज्ञान अर्जित कर लिया है, उसका कार्य और आचरण संतोषजनक न बताया जाय और जब तक कि उसकी सत्यनिष्ठा प्रमाणित न कर दी जाय।
(2) अधीक्षक से मिन्न किसी व्यक्ति की –
(एक) प्रथम दक्षतारोक पार करने की अनुमति तब तक नहीं दी जायगी जब तक कि उसका कार्य और आचरण "संतोषजनक न पाया जाय और जब तक कि उसकी सत्यनिष्ठा प्रमाणित न कर दी जाय,
(दो) द्वितीय दक्षतारोक पार करने की अनुमति तब तक नहीं दी जायगी जब तक कि यह न पाया जाय कि उसने धीरतया और अपनी योग्यता से कार्य किया है, विभाग के कार्य का पर्याप्त ज्ञान अर्जित कर लिया है, उसका कार्य और आचरण संतोषजनक न पाया जाय और तब तक कि उसकी सत्यनिष्ठा प्रमाणित न कर दी जाय।

भाग आठ–अन्य उपबन्ध

25–किसी पद या सेवा पर लागू नियमों के अधीन अपेक्षित सिफारिश से मिन्न किसी अन्य सिफारिश पर, चाहे वह लिखित हो या मौखिक, विचार नहीं किया जायगा। अभ्यर्थी की ओर से अपनी अभ्यर्थिता के लिए प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से समर्थन प्राप्त करने का कोई प्रयास उसे नियुक्ति के लिए अनर्ह कर देगा।
26–ऐसे विषयों के संबध में जो विर्निदिष्ट रूप में इस नियामवली या विशेष आदेशो के अन्तर्गत न आते हो, सेवा में नियुक्त नियमों, विनियमों और आदेशों द्वारा शासित होगें, जो राज्य के कार्यकलापों के सम्बन्ध में सेवारत सरकारी सेवकों पर सामान्यतया लागू होते हैं
27–जहां राज्य सरकार का यह समाधान हो जाय कि सेना में नियुक्त किसी व्यक्ति की सेवा की शर्तों को नियमित करने वाले किसी नियम के प्रवर्तन से किसी विशिष्ट मामले में अनुचित कठिनाई होती है वह उन मामलों में लागू होने वाले नियमों में किसी बात के होते हुये भी आदेशा द्वारा उस नियम की अपेक्षाओं को उस सीमा तक और ऐसी शर्तों के अधीन रहते हुये जिन्हें वह उस मामले में न्यायसंगत तथा साम्यिक रीति से कार्यावाही करने के लिए आवश्यक समझे, अभिमुक्त या शिथिल कर सकती हैं।
28–इस नियमावली में किसी बात का ऐसे आरक्षण और अन्य रियायतों पर कोई प्रभाव नही पडेगा जिनकी राज्य सरकार द्वारा इस सम्बन्ध में समय–समय पर जारी किये गये आदेशों के अनुसार अनुसूचित जातियां, अनुसूचित जनजातियां और अन्य विशेष प्रवर्गो के व्यक्तियों के लिऐ व्यवस्था करना अपेक्षित हो।

परिशिष्ट "क"
(नियम 4 देखिये)
सेवा की पद संख्या

पद नाम		पदों की संख्या	
		स्थायी	अस्थायी
		10916	704
ग्राम सेवक	इन पदों का विवरण और विभाजन निम्न प्रकार है :–		
	क–सामुदायिक विकास खण्ड		8975
	ख–प्रशिक्षण योजना(सामुदायिक विकास से सम्बन्धित)		175
	ग–अपगामी प्रायोजना		8
	घ–कृषि विभाग		2484
	ङ–चयन श्रेणी स्थाई पदों का 20प्रतिशत		

परिशिष्ट 'ख'
(नियम 15 देखिये)
लिखित/शारीरिक परीक्षा का पाठ्य–विवरण और नियम

1–(क) नियम 5 के अधीन ग्राम सेवक के पदों के अभ्यर्थियों को इंटरमीडिएट स्तर की लिखित परीक्षा देनी होगी, परीक्षा में एक प्रश्न–पत्र होगा, जो तीन घंटे का होगा और उसके अधिकतम अंक 260 होंगे। उसमें 20 प्रश्न दिये जायेंगें जिनमें से आठ प्रश्न अनिवार्य होंगे।

(ख) ऐसे अभ्यर्थी को जो उक्त प्रश्नपत्र में कम से कम 50 प्रतिशत अंक प्राप्त करें, चयन के लिए लिखित परीक्षा में अर्ह समझा जायेगा। अनुसूचित जाति के अभ्यर्थियों की दशा में लिखित परीक्षा में अर्हकारी प्रतिशत 40 प्रतिशत होगा।

2–(क) नियम 5 के अधीन ग्राम सेवक के पद पर सीधी भर्ती के लिए अभ्यर्थियों का शारीरिक परीक्षण किया जायेगा जिसमें निम्नलिखित बातें होगीं–

क्र०सं०	विवरण	न्यूतम निर्दिष्टियां	विहित स्तम्भ के अनुसार न्यूनतम निर्दिष्टियों के लिये दिये गये अंक	योग्यता की निर्दिष्टियां	दिये जाने वाले अधिकतम अंक
1	2	3	4	5	6
(एक)	एक मील की दौड़	नौ मिनट में पूरी करने पर।	पांच	छः मिनट में पूरी करने पर।	दस
(दो)	शारीरिक व्यायाम,दंड और बैठक	पन्द्रह दंड और तीस बैठक	पांच	पच्चीस दंड और पच्चीस बैठक	दस
(तीन)	लम्बी कूद	दस फुट तक	पांच	पन्द्रह फुट तक	दस
(चार)	चार मील की साइकिल दौड़	पैतालीस मिनट में पूरी करने पर	पांच	पन्द्रह मिनट में पूरी करने पर	दस
(पांच)	दो मील चलना	पैतालिस मिनट में पूरा करने पर	पांच	पन्द्रह मिनट में पूरा करने पर	दस

(ख) पर्वतीय सम्भागों में, जहां साइकिल दौड़ सम्भव न हो या जहां साइकिल का कम उपयोग किया जाता है साइकिल दौड़ के स्थान पर घुड़सवारी या इसी प्रकार की अन्य परीक्षा की जा सकती है।

(ग) ऐसे अभ्यर्थी को जो शारीरिक परीक्षा में कम से कम पन्द्रह अंक प्राप्त करे, इस प्रयोजन के लिए शारीरिक परीक्षा में अर्ह समझा जायेगा।

3– ऐसे अभ्यर्थी जो नियम 5 के अन्तर्गत आने हो ,शारीरिक परीक्षा से मुक्त होगें, ऐसे अभ्यर्थी को जो लिखित और शारीरिक परीक्षा में अर्ह हो जाय, साक्षात्कार के लिए बुलाया जायेगा और उनको निम्न प्रकार से अंक आवंटित किये जायेंगें:–

अधिकतम अंक	100
न्यूनतम उत्तीर्णांक	40 प्रतिशत

1– क्रम संख्या
2– नाम और पता
3– संभागीय/विभागीय सेवा का अनुभव, यदि कोई हो।
4– ग्राम्य जीवन का अनुभव (अधिकतम अंक 10)
5– फौज सेवा या उसका अनुभव, यदि कोई हो (अधिकतम अंक 10)
6–शारीरिक गठन और व्यक्तित(अधिकतम अंक 20)
7– पद के लिए उपयुक्ता(अधिकतम अंक 30)
8– सामान्य बुद्धि (अधिकतम अंक 20)
9– योग
10– अभ्युक्ति

परिशिष्ट 'ख'
(नियम 15 देखिये)
जिले में ग्राम सेवकों की योग्यता सूची

1– क्रम संख्या
2– योग्यता क्रम
3– अभ्यर्थी का नाम और पता
4– शैक्षिक अर्हता
5– आयु
6– लिखित परीक्षा में प्राप्त किये गये अंक
7– शारीरिक परीक्षा में प्राप्त किये गये अंक
8– साक्षात्कार में प्राप्त किये गये अंक
9– कुल प्राप्त किये गये अंक
10– अभ्युक्ति

टिप्पणी– अनुसूचित जातियों, पिछड़े वर्गों और पर्वतीय क्षेत्रों के अभ्यर्थियों को अभ्युक्ति के स्तम्भ में क्रमशः अदार अनु०जा०, पि०व० और (प०) से इंगित किया जाना चाहिये।

अभ्यर्थी को साक्षात्कार में सभी साक्षात्कार लेने वाले व्यक्तियों द्वारा दिये गये अंक जोड़े जायेंगें और इस प्रकार उपलब्ध कुल योग का साक्षात्कार लेने वाले व्यक्तियों की संख्या से विभाजित किया जायेगा। दूसरे शब्दों में इस स्तम्भ में दी गई संख्या साक्षात्कार में किसी अभ्यर्थी द्वारा प्राप्त किये गये अंकों की औसत संख्या होगी।

चुने गये अभ्यर्थियों की, अभिमान क्रम में सूची का आधार उपयुक्त स्तम्भ 9 में दिये गये अंकों का कुल योग होगा।

आज्ञा से,
सुरेन्द्र मोहन,
सचिव

Is pursuance of the provisions of clause (8)of Article 848 of the Constitution, the Governor is pleased to order the publication of the following English translation of notification no. 1608/88-1-1616-78, dated October7,1980:

No9. 1608/88-1-1616-78

NOTIFICATION

MISCELLANEOUS

Dated Lucknow, October7, 1980

Preamble-In exercise of the power under the proviso to Article 309 of the Constitution and in super session of all existing rules and orders on the subject, the Governor is pleased to make the following rules regulation recruitment and the conditions of services of persons appointed to the Uttar Pradesh Rural Development (Gram Sewak) Service.

THE UTTAR PRADESH RURAL DEVELOPMENT
(GRAM SEWAK) SERVICE RULES, 1980

PART I- GENERAL

1. Short title and commencement-(1) These rules may be called the Rural Development (Gram Sewak) Service Rules, 1980.
   (2) They shall come into force at once.
2. Status of the service- The Rural Development Service (Gram Sewak) is a subordinate non-gazetted service.
3. Definitions- In these rules, unless there is anything repugnant in the subject or context-
   (a) "appointing authority" means the Additional District Magistrate (Development) /District Development Officer;
   (b) " citizen of India" means a person who is or is deemed to be a citizen of India under Part II of the Constitution;
   (c) " Commissioner" means the Commissioner, Agricultural Production and Rural Development, Uttar Pradesh and includes Commissioner, Rural Development;

रजिस्टर नं० ए०जी०–4

सरकारी गजट, उत्तर प्रदेश

उत्तर प्रदेशीय सरकार द्वारा प्रकाशित
असाधारण
विधायी परिशिष्ट
भाग–4, खण्ड (ख)
(परिनियत आदेश)
लखनऊ, शुक्रवार, 14 नवम्बर, 1980
कार्तिक 23, 1902 शक सम्वत्

उत्तर प्रदेश सरकार

ग्राम्य विकास अनुभाग–1

संख्या–3386 / 38–1––1654–77

लखनऊ 1 नवम्बर, 1980

अधिसूचना

प्रकीर्ण

संविधान के अनुच्छेद 309 के परन्तु क द्वारा प्रदत्त अंकित का प्रयोग करके और इस विषय पर समान विद्यमान प्रदेशों को अतिक्रमण करके राज्यपाल, उत्तर प्रदेश कृषि उत्पादन और ग्राम्य विकास विभाग लिपिक और उसमें नियुक्त व्यक्तियों की सेवा की भर्ती को विनियमित करने के लिये निम्नलिखित नियमों –

प्रदेश कृषि उत्पादन और ग्राम्य विकास विभाग लिपिक वर्ग सेवा नियमावली, 1980

भाग एक सामान्य

संक्षिप्त नाम और प्रारम्भ

यह नियमावली "उत्तर प्रदेश कृषि उत्पादन और ग्राम्य विकास विभाग लिपिक नामावली 1980" कही जायेगी।

प्राप्त होगी।

सेवा की प्रास्थिति

उत्तर प्रदेश कृषि उत्पादन और ग्राम्य विकास विभाग लिपिक वर्ग सेवा में समूह "ग" के

परिभाषायें :—

3— जब तक विषय या संदर्भ में कोई प्रतिकूल बात न हो इस नियमावली में :—

(क) "नियुक्ति प्राधिकारी" का तात्पर्य :—

(एक) जिस में प्रधान लिपिक एवं लेखाकार, जिला लेखाकार और पदों के सम्बन्ध में जिला मजिस्ट्रेट से है। और अन्य पदों के सम्बन्ध में और (विकास, जिला विकास अधिकारी से है)।

(दो) परिक्षेप में, सम्बन्धित परिक्षेप के संयुक्त एवं/उपनियम आयुक्त।

(तीन) मुख्यालय में,

क—अधीक्षक के पद के लिए आयुक्त, कृषि उत्पादन और से है।

ख—सहायक अधीक्षक, मुख्य लेखाकार, अवर वर्ग सहायक, कनिष्ठ लिपिक, उपलेखक – प्रालेखक, ज्येष्ठ लेखाकार, अवर वर्ग सहायक एवं ज्येष्ठ उपलेखक—प्रालेखक और परीक्षक और आशुलेखक के पद के लिए उप विकास आयुक्त(प्रशासन) से है, और

ग—मुख्यालय में अन्य पदों के सम्बन्ध में सहायक आयुक्त (गुरू) से है।

(ख)—"भारत का नागरिक" का तात्पर्य ऐसे व्यक्ति से है जो संविधान के भाग दो के भारत का नागरिक हो या समझा जाय,

(ग)—"संविधान" का तात्पर्य भारत के संविधान से है।

(घ)—"जिला कार्यालय" का तात्पर्य जिला विकास अधिकारी/अपर जिला मजिस्ट्रेट (विकास) के कार्यालय में है और इसके अन्तर्गत प्रसार प्रशिक्षण केन्द और खण्ड विकास कार्यालय भी है।

(ड)—"सरकार" उत्तर प्रदेश सरकार से है।

(च)—"राज्यपाल" का तात्पर्य उत्तर प्रदेश के राज्यपाल से है।

(छ)—"मुख्यालय" का तात्पर्य राज्य मुख्यालय, लखनऊ में स्थित आयुक्त, कृषि उत्पादन, ग्राम्य विकास, उत्तर प्रदेश के कार्यालय से है।

(ज)—"सेवा का सदस्य" का तात्पर्य सेवा के संवर्ग में किसी पद पर इस नियम या इस नियमावली के प्रारम्भ के पूर्व प्रवृत्त किन्ही नियमों या आदेशों के उपबन्धों के अधीन रूप नियुक्त व्यक्ति से है।

(झ)—"सेवा" का तात्पर्य कृषि उत्पादन और ग्राम्य विकास विभाग लिपिक वर्ग से है

(ट)—"मौलिक नियुक्ति" का तात्पर्य सेवा मे संवर्ग में किसी पद पर ऐसी नियुक्ति जो तदर्थ नियुक्ति न हो और नियमो के अनुसार चयन के पश्चात की गयी हो और यदि न हो तो राज्य सरकार द्वारा जारी किये गये कार्यालय आदेशों द्वारा तत्समय उपबन्धित अनुसार की गई हो;

(ठ)—"भर्ती का वर्ष" का तात्पर्य किसी कलेण्डर वर्ष की पहली जुलाई से प्रारम्भ बारह माह की अवधि से है;

(ड)—"परिक्षेत्रीय कार्यालय" का तात्पर्य किसी राजस्व प्रभाग के कार्यालय संयुक्त/उपविकास आयुक्त के कार्यालय से है।

भाग दो—संवर्ग

सेवा का संवर्ग

4— (1) सेवा की सदस्य संख्या और उसमें प्रत्येक प्रवर्ग के पदों की संख्या जिसकी राज्यपाल के द्वारा समय—समय पर अवधारित की जाय।

(2) सेवा की सदस्य संख्या और उसमें प्रवर्ग के पदों की संख्या, समान नियम(1) के अधीन उसमें परिवर्तन करने के आदेश न दिये जाय, उतनी होगी जितनी "क" में दी गई है,

परन्तु —

(एक) नियुक्ति प्राधिकारी किसी रिक्त पद को बिना भरे हुये या राज्यपाल उसे परिवर्तित रख सकते है, जिससे कोई व्यक्ति प्रतिकर का या

(दो) राज्यपाल समय—समय पर ऐसे अतिरिक्त स्थायी या अस्थायी कर सकते है जिन्हें वह उचित समझें।

(भाग तीन– भर्ती)

सेवा में विभिन्न प्रवर्गों के पदों पर भर्ती निम्नलिखित श्रोतों से की जायेगी – भर्ती को श्रोत

(एक) मुख्यालय

(1) अधीक्षक– मुख्यालय के स्थायी सहायक अधीक्षकों और मुख्य लेखाकारों में से मनोयति द्वारा।

(2) सहायक अधीक्षक/मुख्य लेखाकार–स्थायी प्रवर, वर्ग सहायकों, लेखाकारों निर्देश लिपिकों, उप लेखक प्रालेखकों, ज्येष्ठ लेखाकारों प्रवर वर्ग सहायक एवं स्टोर कीपर, ज्येष्ठ उपलेखक–प्रालेखकों और संवरीक्षकों में से पदान्नति द्वारा।

(3) प्रवर वर्ग सहायक, लेखाकार निर्देश लिपिक, उपलेखक–प्रालेखक, ज्येष्ठ लेखाकार, प्रवर एवं सहायक वर्ग स्टोरकीपरर, ज्येष्ठ उपलेखक–प्रालेखक और संवरीक्षक :– मुख्यालय के स्थायी कनिश्ठ उपलेखक प्रालेखकों, अपर वर्ग सहायकों, लेखा लिपिकों, सहायक निर्देश लिपिकों, लिपिकों और टंकणों में से पदोन्नति द्वारा।

(4) कनिष्ठ उपलेखक प्रालेखक–मुख्यालय के स्थायी अपव वर्ग सहायकों, लेखा लिपिकों, सहायक लेखाकारों, अवर वर्ग सहायक एवं स्टोरकीपर, सहायक निर्देश लिपिकों, लिपिकों, टंकणों में से पदोन्नति द्वारा।

(5) अवर वर्ग सहायक और उसी वेतन मांग में यग्य लिपिक वर्ग के पद सीधी भर्ती द्वारा।

(6) आशुलेखक– सीधी भर्ती द्वारा।

ख– परिक्षेत्रीय कार्यालय

(1) मुख्य लेखाकार –

(एक) परिक्षेत्रीय कार्यालयों के स्थायी लेखाकारों,

(दो) जिला कार्यालयों के स्थायी जिला लेखाकारों में से पदोन्नति द्वारा परन्तु भर्ती इस प्रकार की जायेगी कि यथासाध्य संवर्ग के पद दोनों श्रोतों के पदाधिारियों द्वारा समान अनुपात में धृत किये जायेगें।

(2) लेखाकार :– जिला कार्यालयों में स्थायी ज्येष्ठ लिपिकों और उसी वेतनमान में कार्यरत अन्य कर्मचारियों में से पदोन्नति द्वारा।

(3) उपलेखक–प्रालेखक :– परिक्षेत्र कार्यालयों के स्थायी अवर वर्ग सहायक और कनिष्ठ लिपिकों में से पदोन्नति द्वारा।

(4) अवर वर्ग सहायक और उसी वेतनमान के अन्य पद :– सीधी भर्ती द्वारा।

(5) प्रालेखक – सीधी भर्ती द्वारा।

ग– जिला कार्यालय

(1) प्रधान लिपिक एवं लेखाकार/ जिला लेखाकार– जिला कार्यालयों में ऐसे स्थायी ज्येष्ठ और उसी वेतनमान में कार्यरत अन्य कर्मचारियों में से, जिन्होनें कम से कम 3 वर्ष की सेवा पूरी कर ली हो, पदोन्नति द्वारा।

(2) ज्येष्ठ लिपिक और उसी वेतनमान मे अन्य लिपिक वपर्ग के पद जिला कार्यालयों में स्थायी कनिष्ठ लिपिकों और उसी वेतनमान में अन्य लिपिक वर्ग के कर्मचारियों में से पदोन्नति द्वारा।

(3) कनिष्ठ लिपिक और उसी वेतनमान में अन्य लिपिक वर्ग के पद– सीधी भर्ती द्वारा।

(4) आशुलेखन– सीधी भर्ती द्वारा।

6 –अनुसूचित जातियां, अनुसूचित जनजातियों और अन्य प्रवर्गों के अभ्यर्थियों के लिए आरक्षण भर्ती के समय प्रवृत्त सरकार के आदेशों के अनुसार किया जायेगा। आरक्षण

भाग चार– अर्हतायें

7– सेवा में किसी पद पर सीधी भर्ती के लिये यह आवश्यकता है कि अभ्यर्थी :– राष्ट्रीयता

(क) भारत का नागरिक हो

(ख) तिब्बती शरणार्थी हो, जो भारत में स्थायी रूप से निवास करने के अभिप्राय से 1 जनवरी, 1962 के पूर्व भारत आया है।

भाग तीन– भर्ती

भाग तीन– भर्ती

भर्ती का स्रोत

5– सेवा में विदित प्रवर्गों की पदों पर भर्ती निम्नलिखित स्रोतों में दी जायेगी –

क– मुख्यालय

(1) अधीक्षक–मुख्यालय के स्थायी सहायक अधीक्षकों और मुख्य लेखाकारों में से पदोन्नति द्वारा।

(2) सहायक अधीक्षक/प्रवर लेखाकार–स्थायी प्रवर, वर्ग सहायकों, लेखाकारों निर्देश लिपिकों, उप लेखक–प्रालेखकों और संवरीक्षकों में से पदोन्नति द्वारा।

(3) प्रवर वर्ग सहायक, लेखाकार निर्देश लिपिक, उपलेखक–प्रालेखक, ज्येष्ठ लेखाकार, प्रवर एवं सहायक वर्ग स्टोर कीपर, ज्येष्ठ उपलेखक–प्रालेखक और संवरीक्षक :– मुख्यालय के स्थायी कनिष्ठ उपलेखक–प्रालेखकों, प्रवर वर्ग सहायकों, लेखा लिपिकों, सहायक निर्देश लिपिकों, नीयक लिपिकों और टंकणों में से पदोन्नति द्वारा।

(4) कनिष्ठ उपलेखक–प्रालेखक–मुख्यालय के स्थायी प्रवर वर्ग सहायकको, लेखा लिपिकों, सहायक लेखाकारों, अवर वर्ग सहायक एवं स्टोरकीपर, सहायक निर्देश लिपिकों, नैरयक लिपिकों, टंकणों में से पदोन्नति द्वारा।

(5) अवर वर्ग सहायक और उसी वेतनमान में अन्य लिपिक वर्ग के पद सीधी भर्ती द्वारा।

(6) आशुलेखक :– सीधी भर्ती द्वारा।

ख– परिक्षेत्रीय कार्यालय

(1) मुख्य लेखाकार :–

(एक) जिला कार्यालयों के स्थायी लेखाकारों

(दो) जिला कार्यालयों के स्थायी जिला लेखाकारों में से पदोन्नति द्वारा परन्तु भर्ती इस प्रकार की जायेगी कि यथासाध्य संवर्ग के पदद दोनोंक श्रोतों के पदधारियां द्वारा समान अनुपात में धृत किये जाय।

(2) लेखाकार :– जिला कार्यालयों में स्थायी ज्येष्ठ लिपिकों और उसी वेतनमान में कार्यरत अन्य कर्मचारियों में से पदोन्नति द्वारा।

(3) उपलेखक–प्रालेखक– परिक्षेक कार्यालयों के स्थायी अवर वर्ग सहायक और कनिष्ठ लिपिकों में से पदोन्नति द्वारा।

(4) अवर वर्ग सहायक और उसी वेतनमान के अन्य पद :– सीधी भर्ती द्वारा।

(5) प्रालेखक– सीधी भर्ती द्वारा।

ग– जिला कार्यालय

(1) प्रधान लिपिक एवं लेखाकार/जिला लेखाकार– जिला कार्यालयों में ऐसे स्थायी ज्येष्ठ और उसी वेतनमान में कार्यरत अन्य कर्मचारियों में से, जिन्होने कम से कम तीन वर्ष की सेवा पूरी कर ली हो, पदोन्नति द्वारा।

(2) ज्येष्ठ लिपिक और उसी वेतनमान से अन्य लिपिक वर्ग के पद जिला कार्यालयो में स्थायी कनिष्ठ लिपिकों और उसी वेतन मान में अन्य लिपिक वर्ग के कर्मचारियों में से पदोन्नति द्वारा।

(3) कनिष्ठ लिपिक और उसी वेतनमान में अन्य लिपिक वर्ग के पद—सीधी भर्ती द्वारा।

(4) आशुलेखक— सीधी भर्ती द्वारा।

आरक्षण

6– अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों और अन्य प्रवर्गों के अभ्यर्थियों के लिए आरक्षण, भर्ती के समय प्रवृत्त सरकार के आदेशों के अनुसार किया जायेगा।

भाग चार –अर्हतायें

राष्ट्रीयता

7– सेवा में किसी पद पर सीधी भर्ती के लिए यह आवश्यक है कि अभ्यर्थी :–

(क) भारत का नागरिक हो ;

(ख) तिब्बती शरणार्थी हो, जो भारत में स्थायी रूप से निवास करने के अभिप्राय से 1 जनवरी, 1962 के पूर्व भारत आया है।

(ग) भारतीय उद्भव का ऐसा व्यक्ति हो जिसने भारत में स्थायी रूप से निवास के अभिप्राय से पाकिस्तान, बर्मा, श्रीलंका या केनिया, यूगान्डा और यूनाइटेड रिपब्लिक ऑफ तंजानिया (पूर्व वर्ती संगानिका और जंजीबार) के किसी पूर्वी अफ्रीकी देश प्रवजन किया हो।

परन्तु उपयुक्त प्रवर्ग (ख) या (ग) का अभ्यर्थी ऐसा होना चाहिए जिसे पद में सरकार द्वारा पात्रता का प्रणाम पत्र जारी किया गया हो।

परन्तु यह और कि प्रवर्ग (घ) के अभ्यर्थी से यह भी अपेक्षा की जायेगी कि वह पुलिस उपनिरीक्षक, गुप्तचर शाखा, उत्तर प्रदेश से पात्रता का प्रमाण–पत्र प्राप्त कर लें ;

परन्तु यह भी कि यदि कोई अभ्यर्थी उपयुक्त प्रवर्ग (ग) का हो तो पात्रता प्रमाण–पत्र वर्ग से अधिक अवधि के लिए अब जारी नही किया जायेगा और ऐसा व्यक्ति को एक दो अवधि से आगे सेवा में इस शर्त पर रहने दिया जायेगा कि वह भारत की नागरिकता प्राप्त कर ले।

टिप्पणी :– ऐसा अभ्यर्थी को जिसके मामले में पात्रता का प्रमाण–पत्र आवश्यक हो वह न तो जारी किया गया हो और न देने से इन्कार किया गया हो, किसी परीक्षा या साक्षात्कार में सम्मिलित किया जा सकता है और उसे इस शर्त पर अन्तिम रूप से नियुक्त भी किया जा सकता है कि आवश्यक प्रमाण–पत्र उसके द्वारा प्राप्त कर लिया जाय या उसके पक्ष में जारी कर दिया जाय।

शैक्षिक अर्हताएं :– 8– सेवा में विभिन्न पदों पर सीधी भर्ती के लिए अभ्यर्थी की निम्नलिखित अर्हताएं होनी चाहिए :–

पद	अर्हतायें
(1) अवर वर्ग सहायक/कनिष्ठ लिपिक और उसी वेतनमान के अन्य पद	(एक) माध्यमिक शिक्षा परिषद, उत्तर प्रदेश से इण्टरमीडिएट परीक्षा या उसके समकक्ष मान्यता प्राप्त कोई परीक्षा ; (दो) हिन्दी टंकण का ज्ञान ;
(2) आशुलेखक	(एक) माध्यमिक शिक्षा परिषद, उत्तर प्रदेश से इण्टरमीडिएट परीक्षा या उसके समकक्ष मान्यता प्राप्त कोई परीक्षा ; (दो) हिन्दी आशुलिपि और टंकण का ज्ञान और न्यूनतम गति क्रमशः 80 शब्द और 25 शब्द प्रति मिनट।

अधिमानी अर्हतायें – 9–ऐसे अभ्यर्थी को जिसने,

(एक) प्रादेशिक सेना में दो वर्ष में न्यूनतम अवधि तक सेवा की हों, या

(दो) राष्ट्रीय ग्रुप सैनिक निकाय (नेशनल केडिट कोर) का "बी" प्रमाण–पत्र प्राप्त किया हो,

अन्य बातों के समान होने पर सीधी भर्ती के मामले में अधिमान दिया जायेगा।

आयु 10– सीधी भर्ती के लिए अभ्यर्थी की आयु, जिस वर्ष भर्ती की जानी हो उस वर्ष की पहली जनवरी को, यदि पद पहली जनवरी से 30 जून की अवधि में विज्ञापित की जाय और पांच जुलाई को, यदि पद पहली जुलाई से 31 दिसम्बर की अवधि में विज्ञापित किये जायें, 18 वर्ष होनी चाहिए और 28 वर्ष से अधिक नही होनी चाहिए ;

परन्तु अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों और अन्य प्रवर्गों के जो सरकार द्वारा समय–समय पर अभिसूचित किये जायं, अभ्यर्थियों की दशा उच्चतर आयु सीमा उससे अधिक होगी जितनी विनिर्दिष्ट की जाय।

चरित्र 11– सेवा में रिक्त पद पर सीधी भर्ती के लिए अभ्यर्थी का चरित्र ऐसा होना चाहिए कि वह सरकारी सेवा में नियोजन के लिए सभी प्रकार से उपयुक्त हो सकें, नियुक्ति प्राधिकारी सम्बन्ध में अपना समाधान करेगा।

टिप्पणी :– संघ सरकार द्वारा या राज्य सरकार द्वारा या संघ सरकार या किसी सरकार के स्थापित अधिग्रहण में किसी स्थानीय अधिकारी या निगय या निकाय द्वारा स्थापित सेवा में किसी परस्पर नियुक्ति के लिए प्राप्त नही होगें। अधिक परगना के किसी प्रवर लिए दोषसिद्ध स्थापित नही होगे।

12–सेवा में किसी पद पर नियुक्ति के लिए पुरूष अभ्यर्थी पात्र नही होगा, जिसकी एक से अधिक पत्नियां जीवित हों या ऐसी महिला अभ्यर्थी पात्र न होगी जिसने ऐसे पुरूष से विवाह किया हो जिसकी पहले से एक पत्नी जीवित हो। — वैवाहिक प्रास्थिति

परन्तु राज्यपाल किसी व्यक्ति को इस नियम के प्रवर्तन से छूट दे सकते है यदि उसका यह समाधान हो जाय कि ऐसा करने के लिए निर्गत कारण विद्यमान है।

13– किसी अभ्यर्थी को सेवा में किसी पद पर तब तक नियुक्त नही किया जायेगा जब तक कि मानसिक और शारीरिक दृष्टि से उसका स्वास्थ्य अच्छा न हो और जिससे उसे अपने कर्तव्यों का दक्षता पूर्व पालन करने में बाधा पड़ने की सम्भावना हो। किसी अभ्यर्थी को नियुक्ति के लिऐ अन्तिम रूप से अनुमोदित किये जाने से पूर्व उसे यह अपेक्षा की जायेगी की वह फण्डामेन्टल कुल 10 के अधीन बनाये गये और फाइनेन्शियल हैन्ड बुक, खण्ड दो, भाग तीन के अध्याय तीन में दिये गये नियमों के अनुसार स्वस्थता प्रमाण पत्र प्रस्तुत करें। — शारीरिक स्वस्थता

परन्तु पदोन्नति द्वारा भर्ती किये गये अभ्यर्थी से स्वस्थता प्रमाण–पत्र की अपेक्षा नही की जायेगी।

भाग पांच– भर्ती की प्रक्रिया

14– नियुक्ति प्राधिकारी, वर्ष के दौरान भरी जानी वाली रिक्तियों की संख्या और नियम 6 के अधीन अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों और प्रवर्गो के अभ्यर्थियों के लिए आरक्षित की जाने वाली रिक्तियों की दशा में तत्समय प्रवृत्त नियमों और आदेशों के अनुसार सेवायोजन कार्यालय को सूचित करेगा। — रिक्तियों का अवधारण

15– अवर वर्ग सहायकों और उसी वेतनमान में अन्य लिपिक वर्ग के पदों पर भर्ती समय–समय पर यथा संशोधित अधीनस्थ कार्यालय लिपिक वर्ग (सीधी भर्ती) नियमावली, 1975 में निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार की जायेगी। — अवर वर्ग सहायकों और उसी वेतनमान में अन्य लिपिक वर्ग के पदों पर सीधी भर्ती की प्रक्रिया

16– आशुलेखक के पद पर भर्ती के प्रयोजनार्थ एक सघन समिति का गठन किया जायेगा जिसमें निम्नलिखित होगें :– — आशुलेखक के पद पर सीधी भर्ती की प्रक्रिया

(1) मुख्यालय के पदों के लिए :–

1–सयुक्त उप विकास आयुक्त, (प्रशासन) उत्तर प्रदेश	अध्यक्ष
2–सहायक विकास आयुक्त, (मुख्यालय)	सदस्य
3–सहायक विकास आयुक्त, (प्रशासन)	सदस्य

(2) परिक्षेत्रीय कार्यालयों के पदो के लिए :–

1– सयुक्त उप विकास आयुक्त	अध्यक्ष
2– अपर जिला मजिस्ट्रेट (विकास) जो उप विकास आयुक्त द्वारा नाम निर्दिष्ट किया जाय।	सदस्य
3–सहायक सेवा अधिकारी	सदस्य

(3) जिला कार्यालयों के पदों के लिये–

1– जिलाधिकारी	अध्यक्ष
2– अपर जिला मजिस्ट्रेट (विकास)/जिला विकास अधिकारी	सदस्य
3– जिला कृषि अधिकारी	सदस्य

(2) चयन समिति आवेदन पत्रों की समीक्षा करेगी और पात्र अभ्यर्थियों से प्रतियोगिता प्रतिवर्तित होने की अपेक्षा करेगी।

प्रतियोगिता परीक्षा का पाठ्य–विवरण और प्रक्रिया परिशिष्ट "ख" में दी गई है।

(3) चयन समिति अभ्यर्थियों की योग्यता के क्रम में जैसा कि लिखित परीक्षायें उनके किये गये अंकों से प्रकट हो, एक सूची तैयार करेगी। यदि दो या अधिक अभ्यर्थी सफलता प्राप्त करे तो चयन समिति उनके नाम सेवा के लिए उनकी सामन्य उपयोगिता के के योग्यता के क्रमों में रखेगी। सूची में नामों की प्रक्रिया रिक्तियों की संख्या से अधिक प्रतिशत से अधिक नही) होगी।

(1) पदोन्नति द्वारा भर्ती नियम 16 के अधीन गठित चयन समिति के माध्यम से अस्वीकार करते हुए ज्येष्ठता के आधार पर की जायेगी। — पदोन्नति द्वारा भर्ती की प्रक्रिया

(4) नियुक्ति प्राधिकारी अभ्यर्थियों की, ज्येष्ठता क्रम से एक पात्रता सूची तैयार करेगी।

की चरित्रता–प्रक्रिया और उससे सम्बन्धित ऐसे

(3) चयम समिति उपनियम (2)में निर्दिष्ट अभिलेखों के आधार पर अभ्यर्थियों के मामलों पर विचार करेगी और यदि यह आवश्यक समझे तो वह अभ्यर्थियों का साक्षात्कार भी कर सकती है।

(4) चयन समिति चयन किये गये अभ्यर्थियों की ज्येष्ठताक्रम में, एक सूची तैयार करेगी और उसे नियुक्ति प्राधिकारी को अग्रसारित करेगी।

नियुक्ति

18–(1) मौलिक रिक्तियां होने पर नियुक्ति प्राधिकारी अभ्यर्थियों को उस क्रम से लेकर, जिसमें उनके नाम, यथास्थिति नियम 15, 16 और 17 के अधीन तैयार की गयी सूचियों में हो, नियुक्तियां करेगा।

(2) यदि किसी एक चयन के संबंध में एक से अधिक नियुक्ति के आदेश जारी किये जायें, तो एक संयुक्त आदेश भी जारी किया जायेगा, जिसमें व्यक्तियों के नाम का उल्लेख ज्येष्ठताक्रम में किया जायेगा। जैसी कि यथास्थिति, चयन में अवधारियों की जाय, या जैसी कि उस संवर्ग में हो जिसमें उन्हें पदोन्नत किया जाय।

(3) नियुक्ति प्राधिकारी उपनियम (1) के अधीन तैयार की गयी सूची से अस्थायी और स्थानापन्न रुप से भी नियुक्तियां कर सकता है। यदि इन सूचियों का कोई अभ्यर्थी उपलब्ध न हो तो वह ऐसी नियुक्तियों में इस नियमावली के अधीन पात्र व्यक्तियों में से नियुक्तियां कर सकता है। ऐसी नियुक्तियां एक वर्ष से अधिक अवधि के लिए किया इस नियमावली के अधीन अगला चयन किये जाने के बाद इसमें जो भी पहले हो नहीं रहेगी।

परिवीक्षा

19– (1) सेवा में किसी पद पर मौलिक रिक्तियों या उसके प्रति नियुक्त किये जाने पर प्रत्येक व्यक्ति को दो वर्ष की अवधि के लिए परिवीक्षा पर रखा जायेगा।

(2) नियुक्ति पदाधिकारी ऐसे कारणों से जो अभिलिखित किये जायेंगे, अलग–अलग मामलों में परिवीक्षा अवधि बढ़ा सकता है, जिसमें ऐसा दिनांक विनिर्दिष्ट किया जावेगा जब तक कि अवधि बढ़ाई जाए। परन्तु अपवादित परिस्थितियों के सिवाय परिवीक्षा अवधि एक वर्ष से अधिक और किसी भी परिस्थिति में दो वर्ष से अधिक नहीं बढ़ाई जायेगी।

(3) यदि परिवीक्षा अवधि या बढ़ाई गयी परिवीक्षा अवधि के दौरान किसी भी समय या उसके अन्त में नियुक्ति प्राधिकारी को यह प्रतीत हो कि परिवीक्षा अधीन व्यक्ति ने अवसरों का पर्याप्त उपयोग नहीं किया है या संतोष प्रदान करने में अन्यथा विफल रहा है तो उसके मौलिक पद पर, यदि कोई हो, प्रत्यावर्तित किया जा सकता है और यदि उसका किसी पद पर धारणाधिकार न हो तो उसकी सेवायें समाप्त की जा सकती हैं।

(4) ऐसा परिवीक्षाधीन व्यक्ति जिसको उपनियम (3) के अधीन प्रत्यावर्तित किया जाय या जिसकी सेवायें समाप्त की जाए, किसी प्रतिकर का हक न होगा।

(5) नियुक्ति प्राधिकारी संवर्ग में सम्मिलित किसी पद पर या किसी अन्य समकक्ष या उच्च पद पर स्थानापन्न या अस्थायी रुप में की गयी निरन्तर सेवा की परिवीक्षा अवधि संगणना करने के प्रयोजन के लिए गणना करने की अनुमति दे सकता है।

स्थायीकरण

20– किसी परिवीक्षाधीन व्यक्ति को परिवीक्षा अवधि या बढ़ायी गई परिवीक्षा अवधि के अन्त में उसकी नियुक्ति में स्थायी कर दिया जायेगा, यदि–

(क) उसका कार्य और आचरण संतोषजनक बताया जाए,

(ख) उसकी सत्यनिष्ठा प्रमाणित कर दी जाए, और

(ग) नियुक्ति प्राधिकारी का यह समाधान हो जाए कि वह स्थायीकरण के लिए अन्यथा उपर्युक्त है,

ज्येष्ठता

21– (1) एतद्द्वारा यथा उपबन्धित के सिवाय किसी प्रवर्ग के पद पर व्यक्तियों की ज्येष्ठता मौलिक नियुक्ति के आदेश के दिनांक से, और यदि दो या अधिक व्यक्ति एक साथ नियुक्त किये जायें तो उस क्रम से जिसमें उनके नाम नियुक्ति के आदेश में रखे गये हों, अवधारित की जाएगी: –

परन्तु यदि नियुक्ति के आदेश में कोई ऐसा विशिष्ट पूर्ववर्ती दिनांक विनिर्दिष्ट किया जाए जबसे किसी व्यक्ति की मौलिक रुप से नियुक्ति की जानी हो तो उस दिनांक को मौलिक नियुक्ति के आदेश का दिनांक समझा जायेगा और अन्य मामलों में उसका तात्पर्य आदेश जारी किये जाने के दिनांक से होगा।

परन्तु यह और कि यदि किसी चयन के सम्बन्ध में एक से अधिक नियुक्ति के आदेश जारी किये जाएं तो ज्येष्ठता वही होगी जो नियम 17 के उपनियम (2) के अधीन जारी किये गये नियुक्ति के संयुक्त के आदेश में उल्लिखित की जायें।

(2) किसी एक चयन के परिणाम के आधार पर सीधे नियुक्त किये गये व्यक्तियों की पारस्परिक ज्येष्ठता वही होगी, जो चयन समिति द्वारा अवधारित की जायेगी:–

परन्तु सीधे भर्ती किया गया कोई अभ्यर्थी अपनी ज्येष्ठता खो सकता है, यदि किसी रिक्त पद का उसे प्रस्ताव किये जाने पर वह विधि मान्य कारणों के बिना कार्य भार ग्रहण करने में विफल रहे। कारणों की विधि मान्यता के संबन्ध में नियुक्ति प्राधिकारी का विनिश्चय अन्तिम होगा।

भाग सात–वेतन आदि

22– (1) सेवा से विभिन्न संवर्गों के पदों पर, चाहे मौलिक या स्थानापन्न रुप में या अस्थायी आधार पर नियुक्त व्यक्तियों का अनुमन्य वेतनमान वही होगा जो सरकार द्वारा समय–समय पर आधारित किया जाए।

(2) इस नियमावली के प्रारम्भ के समय वेतनमान नीचे दिये गये हैं।

पद का नाम	वेतनमान
1	2
क– मुख्यालय	
(1) अधीक्षक	450-25-575- द० रो०-25-700 रू०
(2) सहायक अधीक्षक / पुरुष लेखाकार	300-8-324-9-360-द० रो०-10-44द० रो०-12-500 रू०
(3) अवर वर्ग सहायक / लेखाकार / निर्देश लिपिक / उपलेखक–प्रालेखक।	280-8-296-9-350-द०रो०-10-400-द०रो०-12-460 रू०
(4) ज्येष्ठ लेखाकार / अवर वर्ग सहायक एवं स्टोर कीपर–ज्येष्ठ उपलेखक–प्रालेखक	280-8-296-9-350-द०रो०-10-400-द०रो०-12-460 रू०
(5) संपरीक्षक	280-8-200-9-350-द०रो०-10-335-द०रो०-12-365 रू०
(6) कनिष्ठ उपलेखक–प्रालेखक	200-6-200- द० रो०-9-335- द० रो०-10-365 रू०
(7) अवर वर्ग सहायक / नैत्यक लिपिक / लेखालिपिक / अवर वर्ग सहायक एवं स्टोरकीपर / टंकण	200-5-250- द० रो०-6-280- द० रो०-8-320 रू०
(8) आशुलेखक	300-8-324-9-360-द०रो०-10-440-द०रो०-12-500 रू०
ख– परिक्षेत्रीय कार्यालय	
(1) पुरुष लेखाकार	300-8-324-द०रो०-9-360-द०रो०-10-440द०रो०-12-500 रू०
(2) उपलेखक–प्रालेखक	260-8-296-9-350-द०रो०-10-400द०रो०-12-460 रू०
(3) लेखाकार	280-8-296-9-350-द०रो०-10-400-द०रो०-12-460 रू०
(4) अवर वर्ग सहायक / कनिष्ठ लिपिक / स्टोर कीपर एवं खजांची	200-5-250-द०रो०-6-280-द०रो०-8-320 रू०
(5) आशुलेखक	300-8-324-9-360-द०रो०-10-440-द०रो०-12-500 रू०
ग– जिला कार्यालय	
(1) प्रधान लिपिक एवं लेखाकार / जिलालेखाकार	280-8-296-9-350-द०रो०-10-400-द०रो०-12-460 रू०
(2) प्रधान लिपिक / अभिलेखाकार / ज्येष्ठ लिपिक / लेखाकार / खजांची	230-6-290-द०रो०-9-335-द०रो०-10-385 रू०
(3) कनिष्ठ लिपिक / नैत्यक लिपिक एवं – टंकण / नैत्यक लिपिक / टंकण / स्टोर कीपर / खजांची	200-5-250-द०रो०-6-280-द०रो०-8-320 रू०
(4) आशुलेखक	250-7-285-द०रो०-8-375-द०रो०-10-425 रू०

परिवीक्षा अवधि में वेतन

(1) फण्डामेन्टल रुल्स में किसी प्रतिकूल उपबन्ध के होते हुए भी, किसी परिवीक्षाधीन व्यक्ति को, यदि वहां पहले से स्थायी सरकारी सेवा में न हो, समयमान में उसकी प्रथम वेतनवृद्धि तभी दी जायेगी जबकि उसने एक वर्ष की संतोषप्रद सेवा पूरी कर ली हो, विभागीय परीक्षा उतीर्ण कर ली हो और प्रशिक्षण जहां विहित हो, पूरा कर लिया हो, और द्वितीय वेतन वृद्धि दो वर्ष की सेवा के पश्चात् तभी दी जायेगी जबकि उसने परिवीक्षा अवधि पूरी कर ली हो और उसे स्थायी भी कर दिया गया हो:–

परन्तु यदि संतोष प्रदान न कर पाने के कारण परिवीक्षा अवधि बढ़ायी जाये तो इस प्रकार बढ़ायी गयी अवधि की गणना वेतन वृद्धि के लिये तब तक नहीं की जायेगी जब तक कि नियमित प्राधिकारी अन्यथा निर्देश न दे।

(2) ऐसे व्यक्ति का जो पहले से सरकार के अधीन कोई पद धारण कर रहा हो, परिवीक्षा अवधि में वेतन सुसंगत फण्डामेन्टल रुल्स द्वारा विनियमित होगा:

परन्तु यदि संतोष प्रदान न कर सकने के कारण परिवीक्षा अवधि बढ़ायी जाये तो इस प्रकार बढ़ायी गयी अवधि की गणना वेतन वृद्धि के लिये तब तक नहीं की जायेगी जब तक कि नियमित प्राधिकारी अन्यथा निर्देश न दे।

(3) ऐसे व्यक्ति का जो पहले से सरकार के अधीन कोई पद धारण कर रहा हो, परिवीक्षा अवधि में वेतन सुसंगत फण्डामेन्टल रुल्स द्वारा विनियमित होगा:

दक्षता रोक पार करने का मानदण्ड

24– (1) अधीक्षक को दक्षता रोक पार करने की अनुमति तब तक नहीं दी जायेगी जब तक कि यह न पाया जाय कि उसने तत्परतापूर्वक और अपनी सर्वोत्तम योग्यता से कार्य किया है, विभाग के कार्य का पर्याप्त ज्ञान अर्जित कर लिया है, उसका कार्य और आचरण संतोषजनक न बताया जाय और जब तक कि उसकी सत्यनिष्ठा प्रमाणित न कर दी जाय।

(2) अधीक्षक के भिन्न किसी व्यक्ति को–

(एक) प्रथम दक्षता रोक पार करने की अनुमति तब तक नहीं दी जायेगी जब तक कि उसका कार्य और आचरण संतोषजनक न बताया जाय और जब तक कि उसकी सत्यनिष्ठा प्रमाणित न कर दी जाय।

(दो) द्वितीय दक्षतारोक पार करने की अनुमति तब तक नहीं दी जायेगी जब तक कि उसकी परिश्रम और अपनी सर्वोत्तम योग्यता से कार्य न किया हो और उसका कार्य आचरण संतोषप्रद न पाया जाय और जब तक कि उसकी सत्यनिष्ठा प्रमाणित न कर दी जाय।

भाग आठ–अन्य उपबन्ध

पक्ष समर्थन–

25– किसी पद या सेवा के सम्बन्ध में लागू नियमों के अधीन अपेक्षित सिफारिश से भिन्न किसी अन्य सिफारिश पर चाहे लिखित हो या मौखिक, विचार नहीं किया जायेगा। किसी अभ्यर्थी की ओर से अपनी अभ्यर्थता के लिए प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रुप से समर्थन प्राप्त करने का कोई प्रयास उसे नियुक्ति के लिए अर्हत कर देगा।

अन्य विषयों का विनियमन

26– ऐसे विषयों के सम्बन्ध में जो विनिर्दिष्ट रुप से इस नियमावली या विशेष आदेशों के अर्न्तगत न आते हों, सेवा में नियुक्त व्यक्ति राज्य के कार्य–कलाप के संबंध में सेवारत सरकारी सेवकों पर सामान्यतया लागू नियमों विनियमों और आदेशों द्वारा नियंत्रित होंगे।

सेवा की शर्तों में शिथिलता

27– जहां राज्य सरकार का समाधान हो जाय कि सेवा में नियुक्त किसी व्यक्ति की सेवा की शर्तों को विनियमित करने वाले किसी विषय के परिवर्तन से किसी विशिष्ट मामले में अनुचित कठिनाई होती है, वहां वह उस मामले में लागू नियमों में किसी बात के होते हुए भी, आदेश द्वारा, उस नियम की अपेक्षाओं को उस सीमा तक और ऐसी शर्तों के अधीन रहते हुए जिन्हें यहां उस मामले में न्यायसंगत और न्यायपूर्ण रीति से कार्यवाही करने के लिए आवश्यक समझें, अभियुक्त या शिथिल कर सकती हैं।

व्यावृत्ति

28– इस नियमावली में किसी बात का ऐसे आरक्षण और अन्य रियायतों पर कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा, जिनकी राज्य सरकार द्वारा इस सम्बन्ध में समय–समय पर

जारी किये गये आदेशों के अनुसार अनुसूची जाति, अनुसूचित जनजाति, और अन्य विशेष प्रवर्गों के अभ्यर्थियों के लिये व्यवस्था करना अपेक्षित हों।

आज्ञा से
सुरेन्द्र

मोहन,

आयुक्त एवं सचिव।

परन्तु यह और कि यदि किसी चयन के सम्बन्ध में एक से अधिक नियुक्ति के आदेश जारी किये जाएं तो ज्येष्ठता वही होगी जो नियम 17 के उपनियम (2) के अधीन जारी किये गये नियुक्ति के संयुक्त के आदेश में उल्लिखित की जायें।

(2) किसी एक चयन के परिणाम के आधार पर सीधे नियुक्त किये गये व्यक्तियों की पारस्परिक ज्येष्ठता वही होगी, जो चयन समिति द्वारा अवधारित की जायेगी:–

परन्तु सीधे भर्ती किया गया कोई अभ्यर्थी अपनी ज्येष्ठता खो सकता है, यदि किसी रिक्त पद का उसे प्रस्ताव किये जाने पर वह विधि मान्य कारणों के बिना कार्य भार ग्रहण करने में विफल रहे। कारणों की विधि मान्यता के संबन्ध में नियुक्ति प्राधिकारी का विनिश्चय अन्तिम होगा।

भाग सात–वेतन आदि

22– (1) सेवा से विभिन्न संवर्गों के पदों पर, चाहे मौलिक या स्थानापन्न रुप में या अस्थायी आधार पर नियुक्त व्यक्तियों का अनुमन्य वेतनमान वही होगा जो सरकार द्वारा समय–समय पर आधारित किया जाए।

(2) इस नियमावली के प्रारम्भ के समय वेतनमान नीचे दिये गये हैं।

पद का नाम	वेतनमान
1	2
क– मुख्यालय	
(1) अधीक्षक	450-25-575- द० रो०-25-700 रू०
(2) सहायक अधीक्षक / पुरुष लेखाकार	300-8-324-9-360-द० रो०-10-44द० रो०-12-500 रू०
(3) अवर वर्ग सहायक / लेखाकार / निर्देश लिपिक / उपलेखक–प्रालेखक।	280-8-296-9-350-द०रो०-10-400-द०रो०-12-460 रू०
(4) ज्येष्ठ लेखाकार / अवर वर्ग सहायक एवं स्टोर कीपर–ज्येष्ठ उपलेखक–प्रालेखक	280-8-296-9-350-द०रो०-10-400-द०रो०-12-460 रू०
(5) संपरीक्षक	280-8-200-9-350-द०रो०-10-335-द०रो०-12-365 रू०
(6) कनिष्ठ उपलेखक–प्रालेखक	200-6-200- द० रो०-9-335- द० रो०-10-365 रू०
(7) अवर वर्ग सहायक / नैत्यक लिपिक / लेखालिपिक / अवर वर्ग सहायक एवं स्टोरकीपर / टंकण	200-5-250- द० रो०-6-280- द० रो०-8-320 रू०
(8) आशुलेखक	300-8-324-9-360-द०रो०-10-440-द०रो०-12-500 रू०
ख– परिक्षेत्रीय कार्यालय	
(1) पुरुष लेखाकार	300-8-324-द०रो०-9-360-द०रो०-10-440द०रो०-12-500 रू०
(2) उपलेखक–प्रालेखक	260-8-296-9-350-द०रो०-10-400द०रो०-12-460 रू०
(3) लेखाकार	280-8-296-9-350-द०रो०-10-400-द०रो०-12-460 रू०
(4) अवर वर्ग सहायक / कनिष्ठ लिपिक / स्टोर कीपर एवं खजांची	200-5-250-द०रो०-6-280-द०रो०-8-320 रू०
(5) आशुलेखक	300-8-324-9-360-द०रो०-10-440-द०रो०-12-500 रू०
ग– जिला कार्यालय	
(1) प्रधान लिपिक एवं लेखाकार / जिलालेखाकार	280-8-296-9-350-द०रो०-10-400-द०रो०-12-460 रू०
(2) प्रधान लिपिक / अभिलेखाकार / ज्येष्ठ लिपिक / लेखाकार / खजांची	230-6-290-द०रो०-9-335-द०रो०-10-385 रू०
(3) कनिष्ठ लिपिक / नैत्यक लिपिक एवं – टंकण / नैत्यक लिपिक / टंकण / स्टोर कीपर / खजांची	200-5-250-द०रो०-6-280-द०रो०-8-320 रू०
(4) आशुलेखक	250-7-285-द०रो०-8-375-द०रो०-10-425 रू०

एफीडेविट"1"

(भाग–3 के समा में टिप्पणी देखिये)

प्रतिष्ठान के विभिन्न समूह (ग) श्रेणी के लिपिक वर्गीय कर्मचारियों के 11–4–77 तक उपलब्ध स्वीकृति पदों की संख्या

क्रम सं0	पदों का विवरण	पदों की संख्या	स्थाई पद	अस्थाई पद
1	2	3	4	5
(अ) कार्यालय आयुक्त कृषि उत्पादन एवं ग्राम्य विकास, उत्तर प्रदेश (मुख्यालय) संवर्ग।				
1 अधीक्षक		2	2	
2 सहायक अधीक्षक		5	5	
3 प्रवर वर्ग सहायक		31	30	1
4 एकाउन्टैन्ट		8	8	
5 रेफेंस क्लर्क		9	9	
6 नोटर एण्ड ड्राफ्टर		2	2	
7 सीनिएर एकाउन्टैन्ट		1	1	
8 प्रवर वर्ग सहायक एवं स्टोर कीपर		1	1	
9 सीनिएर नोटर एण्ड ड्राफ्टर		6	6	
10 जूनियर नोटर एण्ड ड्राफ्टर		3	3	
11 गुरुयौगिक		1	1	
12 ऑडिटर		3	3	
13 अवर वर्ग सहायक		46	46	
14 एकाउन्ट्स क्लर्क		2	2	
15 सहायक यौगिक		1	1	
16 अवर वर्ग सहायक एवं स्टोर कीपर		1	1	
17 असिस्टेंट रेफरेस क्लर्क		2	2	
18 वटीन क्लर्क		7	7	
19 टंकण		1	1	
20 स्टोनोग्राफर		13	11	2
21 पेड अपेंटिस		7		7
	योग	152	142	10
(ब) मण्डलीय संयुक्त/उपविकास आयुक्त कार्यालय, उत्तर प्रदेश (मण्डलीय कार्यालय संवर्ग)				
क्रम सं0	पदों का विवरण	पदों की संख्या	स्थाई पद	अस्थाई पद
1 गुरुयौगिक		20	19	1
2 यौगिक		37	36	1
3 प्रवर वर्ग सहायक		25	24	1
4 अवर वर्ग सहायक		22	20	2
5 कनिष्ठ लिपिक		24	23	1
6 आशुलिपिक		11	7	4
	योग	130	129	10

जिला विकास कार्यालय के लिपिकीय एवं चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी

1 सहायक लिपिक एवं यौगिक	56	51	5
2 जिला यौगिक	86	81	5
3 ज्येष्ठ लिपिक	433	407	26
4 ज्येष्ठ लेखा लिपिक	58	53	5
5 रिकार्ड कीपर	56	51	5
6 कनिष्ठ लिपिक	1242	1172	70
7 दफ्तरी	57	52	5
8 चौकीदार	51	51	
9 पद्यवाहक	56	51	5
10 चपड़ासी	318	279	39
11 स्वीपर	51	51	
12 स्वीपर सह चौकीदार	5		5
13 वाटरमैन	51	51	
14 ड्राइवर	54	51	3
15 पैड अप्रेंटिस	102		102
16 आशुलिपिक	54	49	5
17 अर्द्धलीय–चपरासी (प्रति जिलाधिकारी (विकास) / जिलाविकास अधिकारी के सम्बद्ध।	54	6	48
18 अर्द्धलीय–चपरासी (प्रतिरिक्त जिलाधिकारी से सम्बद्ध)	11	11	
योग	2764	2437	327

विकास खण्ड के पराजपत्रित (लिपिकीय एवं चतुर्थ श्रेणी) कर्मचारी

क्रम सं0	पदों का विवरण	पदों की संख्या	स्थाई पद	अस्थाई पद
1 लेखाकार (ब्लॉक एकाउन्टैन्ट)		885	678	208
2 ज्येष्ठ लिपिक		855	657	198
3 स्टोर कीपर सह सीनियर		876	678	198
4 टंकण एवं लिपिक		925	718	207
5 ड्राइवर (जीप चालक)		657	657	
6 चपरासी / संदेश वाहक		1644	1634	10
7 भंगी / चौकीदार		876	875	गदरपुर
8 साईस		12	12	
योग		6730	5909	821

एपेंटिक्स–1

आशुलिपिकों की भर्ती के लिये प्रतियोगिता परीक्षा के विषय पाठ्यक्रम और नियम

आशुलिपिकों की भर्ती के लिये प्रतियोगिता परीक्षा के विषय में अधिकतम अंक निम्नलिखित होंगे:–

विषय	अंक
1– अंग्रेजी में आशुलिपि	50
2– हिन्दी में आशुलिपि	50
3– अंग्रेजी में टंकण	50
4– हिन्दी में टंकण	50
5– हिन्दी में कम्पोजीशन	50
6– अंग्रेजी में कम्पोजीशन	50

टिप्पणी– हिन्दी और अंग्रेजी आशुलिपि में परीक्षा अलग–अलग होगी और उसमें से प्रत्येक में पांच मिनट के लिए भाषा के पर्याप्त डिक्टेशन के लिये होंगे। प्रत्येक डिक्टेशन के आशुलिपि की प्रतिलिखित करने और टंकित करने के लिये एक घंटे का समय दिया जायेगा।

(2) हिन्दी और अंग्रेजी विषय के लिए लिखित परीक्षा की जायेगी जिसमें अभ्यर्थियों को सामान्य अभिरूचि के विषय पर एक पत्र अथवा एक निबन्ध (_____कॉलम), विषय होगा और की परीक्षा का समय मिनट होगा।

(3) हिन्दी और अंग्रेजी टंकण में से प्रत्येक की परीक्षा का समय पांच मिनट होगा।

(4) नियुक्ति का पास होने के लिए अभ्यर्थियों को आशुलिपि और टंकण में निम्नलिखित गति प्राप्त करना होगा।

(क) हिन्दी आशुलिपि	80 शब्द प्रति मिनट
(ख) अंग्रेजी आशुलिपि	100 शब्द प्रति मिनट
(ग) हिन्दी टंकण	25 शब्द प्रति मिनट
(घ) अंग्रेजी टंकण	40 शब्द प्रति मिनट

2—यह आवश्यक है कि अभ्यर्थी ने आशुलिपि के गद्य के प्रतिलेखन में पांच प्रतिशत से अधिक अशुद्धता न की हो।

3—अभ्यर्थी ने हिन्दी और अंग्रेजी के निबन्ध के प्रश्न पत्रों में कुल मिलाकर न्यूनतम 40 प्रतिशत अंक प्राप्त किये हो।

गद्यांशों को चयन न केवल अभ्यर्थियों के आशुलेखन में उनकी गति की परीक्षा करने की दृष्टि से किया जायेगा बल्कि अच्छी और मुहावरेदार हिन्दी और अंग्रेजी के उनके ज्ञान के परीक्षा करने की दृष्टि से भी किया जायेगा।

ये परीक्षायें विभिन्न कार्यालयों क्रमशः अवर वर्ग सहायकों, कनिष्ठ लिपिकों तथा परिवक्ष लिपिकों के पदों हेतु अभ्यर्थियों की भर्ती के लिये निर्धारित न्यूनतम शैक्षिक अर्हताओं के स्तर के अनुरूप होगी।

आज्ञा से
सुरेन्द्र मोहन
आयुक्त एवं सचिव।

Is pursuance of the provisions of clause (3)of Article 318 of the Constitution, the Governor is pleased to order the publication of the following English translation of notification no. 2356/XXXVVIII4-1654-77, dated November 14,1980:

No9. 2356/XXXVVIII4-1654-77

Dated Lucknow, November 14, 1980

In exercise of the power under the proviso to Article 309 of the Constitution and in super session of all existing rules and orders on the subject, the Governor is pleased to make the following rules regulation recruitment and the conditions of services of persons appointed to the Uttar Pradesh Rural Development (Gram Sewak) Service.

THE UTTAR PRADESH RURAL DEVELOPMENT (GRAM SEWAK) SERVICE RULES, 1980

PART 1- GENERAL

(1) These rules may be called the Rural Development (Gram Sewak) Service Rules, 1980.

(2) They shall come into force at once.

The Uttar Pradesh Agricultural Production and Rural Development Ministrial Service comprises of group 'c' posts.

In these rules, unless there is anything repugnant in the subject or context-

(d) "appointing authority" means the Additional District Magistrate (Development) /District Development Officer;

(e) " citizen of India" means a person who is or is deemed to be a citizen of India under Part II of the Constitution;

(f) " Commissioner" means the Commissioner, Agricultural Production and Rural Development, Uttar Pradesh and includes Commissioner, Rural Development;

सरकारी गजट, उत्तर प्रदेश

उत्तर प्रदेशीय सरकार द्वारा प्रकाशित

असाधारण

विधार्थी परिशष्ट

भाग–4, खण्ड(ख)

(परिनियत आदेश)

लखनऊ, बुधवार, 17 अक्टूबर, 1979

आश्विन 25, 1901 शक सम्वत

उत्तर प्रदेश सरकार ग्राम्य विकास अनुभाग–1

संख्या 4226 / 38–1––3526–1977

लखनऊ, 17 अक्टूबर, 1979

अधिसूचना

प्रकीर्ण

प0 आ0––80

सविधान के अनुच्छेद 309के परन्तुक के अधीन शक्ति का प्रयोग करके और इस विषय पर विद्यमान समस्त नियमों और आदेशों का अतिक्रमण करके राज्यपाल, उत्तर प्रदेश ग्राम्य विकास (महिला) राजपत्रित सेवा में भर्ती और उसमें नियुक्त व्यक्तियों की सेवा की शर्तो को विनियगित करने के लिये निम्नलिखित नियमावली बनाते है :–

उत्तर प्रदेश ग्राम्य विकास (महिला) राजपत्रित सेवा नियमावली, 1979

भाग एक – सामान्य

1–– (1) यह नियमावली उत्तर प्रदेश ग्राम्य विकास (महिला) राजपत्रित / सेवा नियमा– संक्षिप्त नाम वली, 1979 कही जायेगी। और प्रारम्भ

(2) यह तुरन्तु प्रवृत्त होगी।

2–– उत्तर प्रदेश ग्राम्य विकास (महिला) राजपत्रित सैया एक राजपत्रित सेवा है जिसमें सेवा की समूह 'क' और 'ख' के पद सम्मिलित है।

प्रास्थिति

परिभाषाएं

3 — जब तक विषय या सन्दर्भ में कोई प्रतिकूल बात न हो, इस नियमावली में—

(क) "नियुक्ति प्राधिकारी" का तात्पर्य राज्यपाल से है।

(ख) "भारत का नागरिक" का तात्पर्य ऐसे व्यक्ति से है जो संविधान में भाग–2 के अधीन भारत का नागरिक हो या समझा जाये,

(ग) "आयुक्त" का तात्पर्य आयुक्त, कृषि उत्पादन एवं ग्राम विकास, उत्तर प्रदेश है।

(घ) "आयोग" का तात्पर्य उत्तर प्रदेश लोक–सेवा आयोग, से है

(ङ) "संविधान" का तात्पर्य भारत के संविधान से है

(च) "राज्यपाल" का तात्पर्य उत्तर प्रदेश के राज्यपाल से है

(छ) "सरकार" का तात्पर्य उत्तर प्रदेश सरकार से है।

(ज) "सेवा का सदस्य" का तात्पर्य सेवा के संवर्ग में किसी पद पर इस नियमावली या इस नियमावली के प्रारम्भ होने के पूर्व प्रवृत्त नियमों या आदेशों के आधीन मौलिक रूप से नियुक्त व्यक्ति से है।

(झ) "सेवा" का तात्पर्य उत्तर प्रदेश ग्राम विकास (महिला) राजपत्रित सेवा से है। और

(ञ) "भरती का वर्ष" का तात्पर्य किसी कलेण्डर वर्ष की पहली जुलाई से प्रारम्भ होने वाली बारह मास की अवधि से है।

भाग दो—संवर्ग

सेवा की सदस्य

4—(1) सेवा की सदस्य संख्या और उसमें प्रत्येक प्रवर्ग के पदों की संख्या उतनी होगी संख्या जितनी राज्यपाल द्वारा संख्या समय–समय पर अवधारित की जाय।

(2) सेवा की स्थायी सदस्य संख्या और उसमें प्रत्येक प्रवर्ग के पदे/की संख्या, जब तक कि उपनियम (1) के अधीन उसमें परिवर्तन करने के आदेश न दिये जायें, निम्न लिखित होगी–

	स्थायी	अस्थायी
सहायक निदेशक(प्रयुक्त पोषाहार कार्यक्रम) : :	2	—
उप निदेशक (महिला कल्याण पोषाहार) : :	1	—
निदेशक (महिला कल्याण पोषाहार) : : :		1

परन्तु राज्यपाल—

(क) समय–समय पर ऐसे अतिरिक्त स्थायी या अस्थायी पदों का सृजन कर सकते है जिन्हे वे उचित समझें।

(ख) किसी रिक्त पद को बिना भरे हुए छोड़ सकते है या उसे प्रत्याशित रख सकते है जिससे कोई व्यक्ति किसी प्रतिकर का हकदार नहीं होगा।

भाग–तीन—भर्ती

भर्ती का स्रोत:–

5—सेवा में विभिन्न प्रवर्गों के पदों पर भर्ती निम्नलिखित स्रोतों से की जायगी–

(1) सहायक निदेशक (प्रयुक्त पोषाहार कार्यक्रम) – ऐसे स्थायी महिला खण्ड विकास अधिकारियों में से जिन्होंने इस रूप में कम से कम 6 वर्ष की लगातार सेवा (अस्थायी सेवा को सम्मिलित करके) पूरी कर ली हो और जिनके पास कम से कम किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय की कोई उपाधि है, अनुपयुक्त को अस्वीकार करते हुए ज्येष्ठता के आधार पर पदोन्नति द्वारा.

परन्तु यदि पदोन्नति के लिये उपयुक्त स्थायी खंड विकास अधिकारी (महिला) उपलब्ध न हों, तो ऐसे स्थायी सहायक विकास अधिकारियों (महिला) को जिन्होंने इस रूप में कम से कम 7 वर्ष की लगातार सेवा (अस्थायी सेवा को सम्मिलित करके) पूरी कर ली हो, और जिनके पास कम से कम किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय की स्नातक की उपाधि हो, सम्मिलित करने के लिये पात्रता के क्षेत्र का विस्तार किया जा सकता है।

(2) उप निदेशक (महिला कल्याण पोषाहार)— स्थायी सहायक निदेशक (प्रयुक्त पोषाहार कार्यक्रम) में से अनुपयुक्त को अस्वीकार करते हुए ज्येष्ठता के आधार पर पदोन्नति द्वारा।

(3) निदेशक (महिला कल्याण पोषाहार)— स्थायी उप निदेशक(महिला कल्याण पोषाहार) में से अनुपयुक्त को अस्वीकार करते हुए ज्येष्ठता के आधार पर पदोन्नति द्वारा :

परन्तु यदि पदोन्नति के लिये उपयुक्त पद निदेशक (महिला कल्याण पोषाहार) उपलब्ध न हो तो ऐसे स्थायी सहायक निदेशक (प्रयुक्त पोषाहार कार्यक्रम) को, जिन्होंने उस रूप में कम से कम 15 वर्ष की लगातार सेवा (अस्थायी सेवा को सम्मिलित करके) पूरी कर ली है, सम्मिलित करने के लिये पात्रता के क्षेत्र का विस्तार किया जा सकता है।

6— अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जन जातियों और अन्य प्रवर्गों के अभ्यर्थियों के लिये आरक्षण भर्ती के समय प्रवृत्त सरकार के आदेशों के अनुसार किया जायेगा। आरक्षण

<u>भाग चार—भर्ती की प्रक्रिया</u>

7— नियुक्ति प्राधिकारी, वर्ष के दौरान भरी जाने वाली रिक्तियों की संख्या और नियम 6 के अधीन अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जन जातियों और अन्य प्रवर्गों के अभ्यर्थियों के लिये आरक्षित की जाने वाली रिक्तियों की संख्या भी अवधारित करेगा और सहायक निदेशक(प्रयुक्त पोषाहार कार्यक्रम) के पद के संबंध में उसकी सूचना आयोग को देगा। रिक्तियों का अवधारण

8— (1) पदोन्नति द्वारा भर्ती अनुपयुक्त को अस्वीकार करते हुए ज्येष्ठता के आधार पर विभागीय चयन समिति द्वारा की जायेगी, जिसका गठन निम्न प्रकार से किया जायेगा। निदेशक और उप निदेशक के पद पर पदोन्नति द्वारा भर्ती की प्रक्रिया

निदेशक के पद के लिए

(एक) सचिव, उत्तर प्रदेश सरकार, ग्राम्य विकास विभाग और जब सचिव और विभागाध्यक्ष एक ही हो तो विशेष सचिव, उत्तर प्रदेश सरकार।

(दो) सचिव, उत्तर प्रदेश सरकार, कार्मिक विभाग।

(तीन)विभागाध्यक्ष।

उपनिदेशक के पद के लिये

(एक) आयुक्त।

(दो) ऐसा अधिकारी जो विशेष सचिव, उत्तर प्रदेश सरकार, ग्राम्य/विकास–विभाग/से निम्न पद का न हो।

(तीन)आयुक्त द्वारा नाम–निर्दिष्ट कोई (अधिकारी, जो (विशेष सचिव, उत्तर प्रदेश सरकार से निम्न पद का न हो।

(2) नियुक्ति प्राधिकारी अभ्यर्थियों को , ज्येष्ठता क्रम में रखकर एक पात्रता सूची तैयार करेगा और उसे उनकी चरित्र–पंजियों और उनसे संबंधित ऐसे अन्य अभिलेख के साथ, जो उचित समझे जाय, चयन समिति के समक्ष रखेगा।

(3) चयन समिति उप नियम (2) में निर्दिष्ट अभिलेखों के आधार पर अभ्यर्थियों के मामलों पर विचार करेगी और यदि व आवश्यक समझे तो वह अभ्यर्थियों का साक्षात्कार भी कर सकती है।

(4) चयन समिति चुने गये अभ्यर्थियोंकी ज्येष्ठता के क्रम में एक सूची तैयार करेगी और उसे नियुक्ति प्राधिकारी को अग्रसारित करेगी।

9— सहायक निदेशक (प्रयुक्त पोषाहार कार्यक्रम) द्वारा भर्ती समय–समय पर यथा संशोधित उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग संपरामर्श चयनोन्नति (प्रक्रिया) नियमावली, 1970 के अनुसार अनुपयुक्त को अस्वीकार करते हुए ज्येष्ठता के आधार पर की जायेगी: सहायक, निदेशक (प्रयुक्त पोषाहार कार्यक्रम) के पद भर्ती की प्रक्रिया

परन्तु यदि सहायक विकास अधिकारी (महिला) में से पदोन्नति की जानी हो तो पदोन्नति का मानदंड योग्यता होगी।

<u>भाग–पांच— नियुक्ति, परिवीक्षा, स्थायी करण और ज्येष्ठता</u>

10—(1) मौलिक रिक्तियां होने पर नियुक्ति प्राधिकारी अभ्यर्थियों को उस क्रम से लेकर जिसमें वह यथास्थिति, नियम 8 या 9 के अधीन तैयार की गई सूची में हो, नियुक्तियां करेगा। नियुक्ति

(2) नियुक्ति प्राधिकारी अस्थायी और स्थानापन्न रिक्तियों में भी उपनियम (1) में विदिष्ट सूचियों से नियुक्तियां कर सकता है। यदि इन सूचियों का कोई अभ्यर्थी उपलब्ध न हो तो वह इस नियमावली के अधीन नियुक्ति के लिये पात्र व्यक्तियों में से ऐसी रिक्तियों में नियुक्तियां कर सकता है:

परन्तु निदेशक और उप निदेशक (महिला कल्याण पोषाहार) के पद पर ऐसी नियुक्तियां एक वर्ष से अनधिक की अवधि के लिये या अगले चयन तक, इनमें जो भी पहले हो, की जायगी और सहायक निदेशक (प्रयुक्त पोषाहार कार्यक्रम) के पद पर नियुक्त किया गया व्यक्ति पश्चनागत पद को आयोग से परामर्श किये बिना कुल मिला कर लगातार एक वर्ष से अधिक अवधि तक धारण नहीं करेगा।

परिवीक्षा 11—(1) किसी पद पर या सेवा में मौलिक रिक्ति में या उसके प्रति नियुक्त किये जाने पर कोई व्यक्ति दो वर्ष की अवधि के लिये परिवीक्षा पर रखा जायगा।

(2) नियुक्ति प्राधिकारी ऐसे कारणों से जो अभिलिखित किये जायेंगे, अलग–अलग मामलों में परिवीक्षा अवधि को बढ़ा सकता है, जिसमें ऐसा दिनांक विनिर्दिष्ट किया जायेगा जब तक की अवधि बढ़ायी जाय।

परन्तु आपवादिक परिस्थितियों के सिवाय परिवीक्षा अवधि एक वर्ष से अधिक और किसी भी परिस्थिति में दो वर्ष से अधिक नहीं बढ़ायी जायगी।

(3) यदि परिवीक्षा अवधि या बढ़ायी गयी परिवीक्षा अवधि के दौरान्य किसी भी समय या उसके अन्त में नियुक्ति प्राधिकारी को यह प्रतीत हो कि परिवीक्षाधीन व्यक्ति ने अपने अवसरों का पर्याप्त उपयोग नहीं किया है या संतोष प्रदान करने में अन्यथा विफल रहा है तो उसे उसके मौलिक पद पर यदि कोई हो प्रत्यावर्तित किया जा सकता है और यदि उसका किसी पद पर धारणाधिकार न हो तो उसकी सेवाये समाप्त की जा सकती है।

(4) ऐसा परिवीक्षाधीन व्यक्ति जिसे उपनियम(3) के अधीन प्रत्यावर्तित किया जाय, किसी प्रतिकर का हकदार नहीं होगा।

(5) नियुक्ति प्राधिकारी संवर्ग में सम्मिलित किसी पद पर या किसी अन्य समकक्ष या उच्च पद परी स्थानापन्न या अस्थायी रूप से की गयी निरन्तर सेवा की परिवीक्षा अवधि की /संगणना करने के प्रयोजन के लिये गणना करने की अनुमति दे सकता है।

स्थायीकरण 12— किसी परिवीक्षाधीन व्यक्ति को परिवीक्षा अवधि या बढ़ायी गयी परिवीक्षा अवधि के अन्त में उसकी नियुक्ति में स्थाई कर दिया जायेगा, यदि—

(क) उसने विहित प्रशिक्षण, यदि कोई हो, सफलता पूर्वक पूरा कर लिया हो,

(ख) उसका कार्य और आचरण संतोषजनक बताया जाय,

(ग) उसी सत्यनिष्ठ प्रमाणित कर दी जाय और

(घ) प्राधिकारी का यह समाधान हो जाय कि वह स्थायी करण के लिए अन्यथा उपयुक्त है

ज्येष्ठता 13— किसी भी प्रवर्ग के पद पर व्यक्तियों की ज्येष्ठता उनकी मौलिक रूप में नियुक्ति के दिनांक से अवधारित की जायेगी।

परन्तु ऐसे व्यक्तियों की परस्पर ज्येष्ठता वही होगी जो पदोन्नति के समय उनके द्वारा धृत मौलिक पद पर रही हो।

भाग छः– वेतन आदि

वेतनमान 14—(1) सेवा में विभिन्न प्रवर्गों के पदों पर, चाहे मौलिक या स्थानापन्न रूप से या अस्थायी आधार पर नियुक्ति व्यक्तियों का अनुमन्य वेतनमान ऐसा होगा, जो सरकार द्वारा समय समय पर अवधारित किया जाय।

(2) इस नियमावली के प्रारम्भ के समय वेतनमान नीचे दिये हुए हैं।

क्र. सं.	पद का नाम	वेतनमान
1.	सहायक निदेशक (प्रयुक्त पोषाहार कार्यक्रम)	550–30–700–द0रो0–40–90 द0रो0–50–1,200 रू0
2.	उप निदेशक (महिला कल्याण पोषाहार)	600–50–1,050–द0रो0–50–1,300–द0रो0–50–1,400 रू0
3.	निदेशक(महिला कल्याण पोषाहार)	1,400–50–1,500–द0रो0–60–1,800 रू0

परिवीक्षा अवधि

15.— (1) ऐसे व्यक्ति का जो पहले से सरकार के अधीन कोई पद धारण कर रहा हो परिवीक्षा अवधि के दौरान वेतन सुसंगत फण्डामैन्टल रूप द्वारा विनियमित होगा:

परन्तु यदि संतोष प्रदान न कर सकने के कारण परिवीक्षा अवधि बढ़ायी जाय तो इस प्रकार बढ़ाई गयी अवधि की गणना वेतन वृद्धि के लिये तब तक नहीं की जायेगी जब तक कि नियुक्ति प्राधिकारी अन्यथा निर्देश न दे।

(2) ऐसे व्यक्ति का जो पहले से स्थायी सरकारी सेवा में हो, परिवीक्षा अवधि में वेतन राज्य के कार्यकलाप के संबंध में सामान्यतया सेवारत सरकारी सेवकों पर लागू सुसंगत नियमों द्वारा विनियमित होगा।

दक्षता रोक पार करने पर मानदंड

16.—(1) निदेशक को दक्षता–रोक पार करने की अनुमति तब तक नहीं दी जायगी जब तक कि उसने निरन्तर अध्यवसाय से कार्य न किया हो, पर्याप्त परिपक्वता प्राप्त न कर ली हो, उसका कार्य और आचरण अन्यथा संतोषजनक न पाया जाय और जब तक कि उसकी सत्यनिष्ठा प्रमाणित न कर दी जाय।

(2) उप निदेशक या सहायक निदेशक को—

(एक) प्रथम दक्षतारोक पार करने की अनुमति तब तक नहीं दी जायगी जब तक कि उसने निरन्तर अध्यवसाय से कार्य न किया हो, उसका कार्य और आचरण संतोषजनक न पाया जाय और उसकी सत्यनिष्ठा प्रमाणित न कर दी जाय।

(दो) द्वितीय दक्षतारोक पार करने की अनुमति तब तक नहीं दी जायगी जब तक कि उसने पर्याप्त परिपक्वता प्राप्त न कर ली हो, अच्छे ज्ञान का प्रदर्शन न किया हो, उसका कार्य और आचरण संतोषजनक न पाया जाय और उसकी सत्यनिष्ठा प्रमाणित न कर दी जाय।

भाग सात—अन्य उपबन्ध

पक्ष समर्थन

17— किसी पद पर या सेवा में लागू नियमों के अधीन अपेक्षित सिफारिश से भिन्न किसी अन्य सिफारिश पर चाहे लिखित हो या मौखिक, विचार नहीं किया जायगा। अभ्यर्थी की ओर से अपनी अभ्यर्थिता के लिये प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से समर्थन प्राप्त करने का कोई प्रयास उसे निर्योग्यता के लिये अनर्ह कर देगा।

अन्य विषयों का विनियमन

18— ऐसे विषयों के संबंध में जो विनिर्दिष्ट रूप से इस नियमावली या विशेष आदेशों के अन्तर्गत न आते हों, सेवा में नियुक्त व्यक्ति राज्य के कार्यकलाप के संबंध में सेवारत सरकारी सेवकों पर सामान्यतया लागू नियमों विनियमों या आदेशों द्वारा शासित होंगे।

सेवा की शर्तों में शिथिलता

19— जहां राज्य सरकार का यह समाधान हो जाय कि सेवा में नियुक्त व्यक्ति की सरकारी शर्तों को विनियमित करने वाले किसी नियम के प्रवर्तन से किसी विशिष्ट मामलों में अनुचित कठिनाई होती है वहां वह उस मामले में लागू नियमों में किसी बात के होते हुए भी, और आयोग के परामर्श से, जहां आवश्यक हो, आदेश द्वारा उस नियम की अपेक्षाओं को उस सीमा तक और ऐसी शर्तों के अधीन रहते हुए, जिन्हें वह मामले में न्यायसंगत और साम्यपूर्ण रीति से कार्यवाही करने के लिये आवश्यक समझे, अभिमुक्त या शिथिल कर सकती है।

व्यावृति

20— इस नियमावली में किसी बात का कोई प्रभाव ऐसे आरक्षण और अन्य रियायतों पर नहीं पड़ेगा जिनका इस संबंध में सरकार द्वारा समय–समय पर जारी किये आदेशों के अनुसार अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जन जातियों, और अन्य विशेष प्रवर्गों के अभ्यर्थियों के लिये उपबन्ध किया जाना अपेक्षित हो।

आज्ञा से,
सुधीर कुमार भिश्वास,
सचिव।

उत्तर प्रदेश सरकार
ग्राम्य विकास विभाग
अनुभाग–1
अधिसूचना
26 सितम्बर, 1991 ई0

सं0 6630/38–1—1991–1512–92–संविधान के अनुच्छेद 309 के परन्तुक द्वारा प्रदत्त शक्ति का प्रयोग करके और इस विषय पर समस्त विद्यमान नियमों और आदेशों का अतिक्रमण करके राज्यपाल महोदय उत्तर प्रदेश लेखा परीक्षक (ग्राम्य विकास विभाग) सेवा में भर्ती और उसमें नियोजित व्यक्तियों की सेवा की शर्तों को विनियमित करने के लिये निम्नलिखित नियमावली व शर्तें हैं।

उत्तर प्रदेश लेखा परीक्षक (ग्राम्य विकास विभाग)
सेवा नियमावली, 1991

भाग एक–सामान्य

1— संक्षिप्त नाम और प्रारम्भ— (1) यह नियमावली "प्रदेश लेखा परीक्षक (ग्राम्य विकास विभाग) सेवा नियमावली, 1991" कही जायेगी।

(2) यह तुरन्त प्रवृत्त होगी।

2— सेवा की प्रास्थिति– उत्तर प्रदेश लेखा परीक्षक (ग्राम्य विकास विभाग) सेवा एक अधीनस्थ सेवा है जिसमें समूह "ग" के पद समाविष्ट हैं।

3— परिभाषायें— जब तक विषय या संदर्भ में कोई प्रतिकूल बात न हो, इस नियमावली में–

(क) "नियुक्ति प्राधिकारी" का तात्पर्य आयुक्त, ग्राम्य विकास, उत्तर प्रदेश से है ;

(ख) "भारत का नागरिक" का तात्पर्य ऐसे व्यक्ति से है जो संविधान के भाग दो के अधीन भारत का नागरिक हो, या समझा जाय ;

(ग) "आयोग" का तात्पर्य उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग से है ;

(घ) "संविधान" का तात्पर्य "भारत का संविधान" से है ;
(ङ) "मुख्यालय" का तात्पर्य आयुक्त, ग्राम्य विकास, उत्तर प्रदेश के कार्यालय से है ;
(च) "परिक्षेत्रीय कार्यालय" का तात्पर्य राजस्व प्रभाग के मुख्यालयों पर स्थित संयुक्त या उप विकास आयुक्त के कार्यालय से है ;
(छ) "सरकार" का तात्पर्य उत्तर प्रदेश की राज्य सरकार से है ;
(ज) "राज्यपाल" का तात्पर्य उत्तर प्रदेश के राज्यपाल से है ;
(झ) "सेवा का सदस्य" का तात्पर्य सेवा के संदर्भ में किसी पद पर इस नियमावली के या इस नियमावली के प्रारम्भ होने से पूर्व प्रवृत्त नियमों या आदेशों के अधीन मौलिक रूप से नियुक्त व्यक्ति से है ;
(ञ) "सेवा" का तात्पर्य उत्तर प्रदेश लेखा–परीक्षक (ग्राम्य विकास विभाग) सेवा से है ;

(ट) "मौलिक नियुक्ति" का तात्पर्य सेवा के संदर्भ में किसी पद ऐसी नियुक्ति से है, जो तदर्थ नियुक्ति न हो और नियमों के अनुसार चयन के पश्चात् की गयी हो और यदि कोई नियम न हो तो सरकार द्वारा जारी किये गये कार्यपालक अनुदेशों द्वारा तत्समय निहित प्रक्रिया के अनुसार की गयी हो।

(ठ) "भर्ती का वर्ष" का तात्पर्य किसी कलेण्डर वर्ष की पहली जुलाई से प्रारम्भ होने वाली बारह मास की अवधि से है।

भाग दो–संवर्ग

4— सेवा का संवर्ग— (1) सेवा की पदस्थ संख्या और उसमें प्रत्येक श्रेणी के पदों की संख्या उतनी होगी जितनी सरकार द्वारा समय–समय पर अवधारित की जाय।

(2) जब तक कि उपनियम (1) के अधीन परिवर्तन करने के आदेश न दिये जाएं, सेवा की सदस्य संख्या और उसमें प्रत्येक श्रेणी के पदों की संख्या उतनी होगी जितनी परिशिष्ट में दी गई है ;

परन्तु––

(एक) नियुक्ति प्राधिकारी किसी स्थित पद को बिना भरे हुए छोड़ सकता है या राज्यपाल उसे आस्थगित रख सकते हैं, जिससे कोई व्यक्ति प्रतिकर का हकदार न होगा ;

(दो) राज्यपाल ऐसे अतिरिक्त स्थायी या अस्थायी पदों का सृजन कर सकते हैं, जैसे वह उचित समझें।

भाग तीन—भर्ती

5— भर्ती का स्रोत— सेवा में विभिन्न श्रेणी पदों पर भर्ती निम्नलिखित स्रोतों से की जायेगी ;

(1) ज्येष्ठ लेखा परीक्षक— मौलिक रूप से नियुक्त लेखा परीक्षकों में से, पदोन्नति द्वारा ;

(2) लेखा परीक्षक— सीधी भर्ती द्वारा।

6— आरक्षण— अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जन जातियों और अन्य श्रेणियों के अभ्यर्थियों के लिये आरक्षण भर्ती के समय प्रवृत्त सरकारी आदेशों के अनुसार किया जायगा।

भाग चार— अर्हता

7— राष्ट्रिकता— सेवा में किसी पद पर भर्ती के लिये यह आवश्यक है कि अभ्यर्थी–

(क) भारत का नागरिक हो, या

(ख) तिब्बती शरणार्थी हो, जो भारत में स्थायी निवास के अभिप्राय से पहली जनवरी, 1962 के पूर्व भारत आया हो ; या

(ग) भारतीय मूल का ऐसा व्यक्ति हो, जिसने भारत में स्थायी निवास के अभिप्राय से पाकिस्तान,बर्मा,श्रीलंका या किसी पूर्वी अफ्रीकी देश केनिया, युगांडा और यूनाइटेड रिपब्लिक आफ तैंजानिया (पूर्ववर्ती तांगानिका और जंजीबार) से प्रव्रजन किया हो ;

परन्तु उपर्युक्त श्रेणी (ख) या (ग) का अभ्यर्थी ऐसा व्यक्ति होना चाहिये जिसके पक्ष में राज्य सरकार द्वारा पात्रता का प्रमाण–पत्र जारी किया गया हो।

परन्तु यह और कि श्रेणी (ख) के अभ्यर्थी से यह भी अपेक्षा की जायेगी वह पुलिस उप–महानिरीक्षक अभिसूचना शाखा, उत्तर प्रदेश से पात्रता का प्रमाण–पत्र प्राप्त कर ले.

परन्तु यह भी कि यदि कोई अभ्यर्थी उपर्युक्त श्रेणी (ग) का हो तो पात्रता का प्रमाण–पत्र एक वर्ष से अधिक अवधि के आगे सेवा में इस शर्त पर रहने दिया जायेगा कि वह भारत की नागरिकता प्राप्त कर ले।

टिप्पणी:

ऐसे अभ्यर्थी को जिसके मामले में पात्रता का प्रमाण–पत्र आवश्यक हो, किन्तु न तो यह जारी किया गया हो और न देनेसे इन्कार किया गया हो, किसी परीक्षा या साक्षात्कार में सम्मिलित किया जा सकता है और उसे इस शर्त पर अनन्तिम रूप से नियुक्त भी किया जा सकता है कि उसके द्वारा आवश्यक प्रमाण–पत्र प्राप्त कर लिया जाय या उसके पक्ष में जारी कर दिया जाय।

8— शैक्षिक अर्हता— लेखा परीक्षक के पद पर सीधी भर्ती के लिए किसी अभ्यर्थी के लिये यह आवश्यक है कि विधि द्वारा स्थापित किसी मान्यता प्राप्त शिक्ष–विद्यालय से एकाउन्टेंसी या लेखा परीक्षा के साथ बी०काम० की उपाधि रखता हो। उन अभ्यर्थियों को अधिमान्य दिया जायेगा जो लेखा परीक्षा और लेखा कार्य में अनुभव रखते हों।

9— अधिमानी अर्हता— अन्य बातों के समान होने पर ऐसे अभ्यर्थी को सीधी भर्ती के मामले में अधिमान दिया जायगा, जिसने:–

(एक) प्रादेशिक सेना में दो वर्ष की न्यूनतम अवधि तक सेवा की हो, या

(दो) राष्ट्रीय कैडेट कोर का "बी" प्रमाण–पत्र प्राप्त किया हो।

10— आयु— सीधी भर्ती के लिये किसी अभ्यर्थी की आयु भर्ती के वर्ष जिसमें आयोग द्वारा रिक्तियां विज्ञापित की जायं, के प्रथम दिवस को इक्कीस वर्ष हो जानी चाहिए और बत्तीस वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए

परन्तु अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जन–जातियों और ऐसी अन्य श्रेणियों के जो सरकार द्वारा समय–समय पर अधिसूचित की जाय, अभ्यर्थियों की स्थिति में उच्चतर आयु सीमा उतने वर्ष अधिक होगी जितनी विनिर्दिष्ट की जाय।

11—चरित्र— सेवा में किसी पद पर सीधी भर्ती के लिये अभ्यर्थी का चरित्र ऐसा होना चाहिए कि वह सरकारी सेवा में नियोजन के लिये सभी प्रकार से उपयुक्त हो। नियुक्ति प्राधिकारी इस संबंध में अपना समाधान कर लेगा।

टिप्पणी—संघ सरकार या किसी राज्य सरकार या किसी स्थानीय प्राधिकारी द्वारा या संघ सरकार या किसी राज्य सरकार के स्वामित्वाधीन या नियंत्रणाधीन किसी निगम या निकाय द्वारा पदच्युत व्यक्ति सेवा में किसी पद पर नियुक्ति के लिये पात्र नहीं होंगे। नैतिक अधमता के किसी अपराध के लिये दोष सिद्ध व्यक्ति भी पात्र नहीं होंगे।

12—वैवाहिक प्रास्थिति— सेवा में किसी पद पर नियुक्ति के लिये ऐसा पुरुष अभ्यर्थी पात्र न होगा, जिसकी एक से अधिक पत्नियां जीवित हों या ऐसी महिला अभ्यर्थी पात्र न होगी, जिसने ऐसे पुरुष से विवाह किया हो जिसकी पहले से कोई पत्नी जीवित हो :

परन्तु राज्यपाल किसी व्यक्ति को इस नियम के प्रवर्तन से छूट दे सकते हैं, यदि उनका यह समाधान हो जाय कि ऐसा करने के लिये विशेष कारण विद्यमान हैं।

13—शारीरिक स्वस्थता— किसी अभ्यर्थी को सेवा में किसी पद पर नियुक्ति नहीं किया जायगा जब तक कि मानसिक और शारीरिक दृष्टि से उसका स्वास्थ्य अच्छा ना हो और वह किसी ऐसे शारीरिक दोष से मुक्त न हो जिससे उसे अपने कर्त्तव्यों का दक्षतापूर्वक पालन करने में बाधा पड़ने की संभावना हो। किसी अभ्यर्थी को नियुक्ति के लिये अन्तिम रूप से अनुमोदित किये जाने के पूर्व उससे यह अपेक्षा की जायेगी कि वह फाइनेन्शियल हैन्ड बुक खण्ड–दो, भाग तीन के अध्याय तीन में दिये गये फन्डामेन्टल रूल 10 (घ) के अधीन बनाये गये नियमों के अनुसार स्वस्थता प्रमाण–पत्र प्रस्तुत करें।

परन्तु पदोन्नति द्वारा भर्ती किये गये अभ्यर्थी से स्वस्थता प्रमाण–पत्र प्रस्तुत किये जाने की अपेक्षा नहीं की जायेगी।

भाग–तीन—भर्ती की प्रक्रिया

14—रिक्तियों का अवधारण— नियुक्ति प्राधिकारी वर्ष के दौरान सीधी भर्ती द्वारा भरी जाने वाली रिक्तियों की संख्या और नियम–6 के अधीन अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जन जातियों और अन्य श्रेणियों के अभ्यर्थियों के लिए आरक्षित की जाने वाली रिक्तियों की संख्या भी अवधारित करेगा। सीधी भर्ती की रिक्तियों की सूचना आयोग को दी जायेगी।

15—सीधी भर्ती की प्रक्रिया— (1) प्रतियोगी परीक्षा में सम्मिलित होने की अनुमति के लिए आवेदन–पत्र आयोग द्वारा विज्ञापित प्रपत्र में आमंत्रित किये जायेंगे।

(2) किसी अभ्यर्थी को परीक्षा में सम्मिलित नहीं किया जायेगा जब तक कि उसके पास आयोग द्वारा जारी किया गया प्रवेश प्रमाण–पत्र न हो।

(3) आयोग लिखित परीक्षा का परिणाम प्राप्त होने और सारणीबद्ध कर लिये जाने के पश्चात् नियम–6 के अधीन अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जन जातियों और अन्य अभ्यर्थियों को साक्षात्कार के लिये बुलायेगा जितने इस संबंध में लिखित परीक्षा के परिणाम के आधार पर आयोग द्वारा निर्धारित स्तर तक पहुंच सके हों। साक्षात्कार में प्रत्येक अभ्यर्थी को दिये गये अंक लिखित परीक्षा में उसके द्वारा प्राप्त किये गये अंकों में जोड़ दिये जायेंगे।

(4) आयोग अभ्यर्थियों की प्रवीणता के क्रम में, जैसा कि लिखित परीक्षा और साक्षात्कार में प्रत्येक अभ्यर्थी द्वारा प्राप्त किये गये अंकों के कुल योग से प्रकट हो, एक सूची तैयार करेगा और उतनी संख्या में अभ्यर्थियों की सिफारिश करेगा जितनी वह नियुक्ति के लिए उचित समझे। यदि दो या अधिक अभ्यर्थी बराबर–बराबर कुल अंक प्राप्त करने वाले अभ्यर्थी का नाम सूची में उच्चतर स्थान पर रखा जायगा। सूची में नामों की संख्या रिक्तियों की संख्या से अधिक (किन्तु 25 प्रतिशत से अनधिक) होगी। आयोग नियुक्ति प्राधिकारी को सूची अग्रसारित करेगा।

16— पदोन्नति द्वारा भर्ती की प्रक्रिया (1) ज्येष्ठ लेखा–परीक्षक के पद पर पदोन्नति द्वारा भर्ती अनुपयुक्त को अस्वीकार करते हुए ज्येष्ठता के आधार पर चयन समिति के माध्यम से की जायगी, जिसमें निम्नलिखित होंगे :–

(एक) आयुक्त, ग्राम्य विकास, उत्तर प्रदेश — अध्यक्ष

(दो) उपायुक्त (लेखा), मुख्यालय — सदस्य

(2) नियुक्ति प्राधिकारी अभ्यर्थियों की पात्रता सूचियां उत्तर प्रदेश (लोक सेवा आयोग के क्षेत्र के बाहर के पदों पर) पदोन्नति पात्रता सूची नियमावली, 1986 के अनुसार तैयार करेगा और उन्हें उनकी चरित्र पंजियों और उनसे संबंधित ऐसे अन्य अभिलेखों के साथ, जिन्हें वह उचित समझे, चयन समिति के समक्ष रखेगा।

(3) चयन समिति उप–नियम (2) में निर्दिष्ट अभिलेखों के आधार पर अभ्यर्थियों के मामलों पर विचार करेगी और यदि वह आवश्यक समझे तो अभ्यर्थियों का साक्षात्कार भी कर सकती है।

(4) चयन समिति चयनित अभ्यर्थियों की एक सूची भर्ती के समय प्रवृत्त सरकार के आदेशों के अनुसार तैयार करेगी और उसे नियुक्ति प्राधिकारी को अग्रसारित करेगी।

भाग–छः नियुक्ति, परिवीक्षा, स्थायीकरण और ज्येष्ठता

17– नियुक्ति– (1) नियुक्ति प्राधिकारी अभ्यर्थियों की नियुक्तियाँ उसी क्रम में करेगा जिसमें उनके नाम, यथास्थिति नियम 15 या 16 के अधीन तैयार की गयी सूचियों में आये हों।

(2) यदि किसी एक चयन के सम्बन्ध में नियुक्ति के एक से अधिक आदेश जारी किये जाये तो एक संयुक्त आदेश भी जारी किया जायेगा, जिसमें व्यक्तियों के नामों का उल्लेख ज्येष्ठता क्रम में किया जायेगा, जैसी कि यथास्थिति, चयन में अवधारित की जाय, या जैसी कि उस संवर्ग में हो जिससे उन्हें पदोन्नत किया जाय।

18—परिवीक्षा— (1) सेवा में किसी पद पर स्थायी रिक्ति में या उसके प्रति नियुक्त किये जाने पर प्रत्येक व्यक्ति को दो वर्ष की अवधि के लिये परिवीक्षा पर रखा जायगा।

(2) नियुक्ति प्राधिकारी ऐसे कारणों से, जो अभिलिखित किये जायेंगे, अलग–अलग मामलों में परिवीक्षा अवधि को बढ़ा सकता है जिसमें ऐसा दिनांक विनिर्दिष्ट किया जायगा जब तक अवधि बढ़ायी जाय :

परन्तु आपवादिक परिस्थितियों के सिवाय परिवीक्षा अवधि एक वर्ष से अधिक और किसी भी परिस्थिति में दो वर्ष से अधिक नहीं बढ़ायी जायगी।

(3) यदि परिवीक्षा अवधि या बढ़ायी गयी परिवीक्षा अवधि के दौरान किसी भी समय या उसके अन्त में नियुक्ति प्राधिकारी को यह प्रतीत हो कि परिवीक्षाधीन व्यक्ति ने अपने अवसरों का पर्याप्त उपयोग नहीं किया है या संतोष प्रदान करने में अन्यथा विफल रहा है तो उसके मौलिक पद पर, यदि कोई हो, प्रत्यावर्तित किया जा सकता है और यदि उसका किसी पद धारणाधिकार न हो तो उसकी सेवायें समाप्त की जा सकती हैं।

(4) उपनियम (3) के अधीन जिस परिवीक्षाधीन व्यक्ति को प्रत्यावर्तित किया जाय या जिसकी सेवायें समाप्त की जायं, वह किसी प्रतिकर हकदार न होगा।

(5) नियुक्ति प्राधिकारी संवर्ग में सम्मिलित किसी पद पर या किसी अन्य समकक्ष या उच्चतर पद पर स्थानापन्न या अस्थायी रूप में की गयी निरन्तर सेवा को परिवीक्षा अवधि की संगणना करने के प्रयोजनार्थ गिने जाने की अनुमति दे सकता है।

19— स्थायीकरण— (1) उपनियम (2) के उपबन्धों के अधीन रहते हुये किसी परिवीक्षाधीन व्यक्ति को परिवीक्षा अवधि

या बढ़ायी गयी परिवीक्षा अवधि के अन्त में उसकी नियुक्ति में स्थायी कर दिया जायेगा, यदि :

(क) उसका कार्य और आचरण संतोषजनक बताया जाय,

(ख) उसकी सत्यनिष्ठा प्रमाणित कर दी जाय, और

(ग) नियुक्ति प्राधिकारी का यह समाधान हो जाय कि वह स्थायीकरण के लिये अन्यथा उपयुक्त है।

(2) जहाँ, उत्तर प्रदेश राज्य के सरकारी सेवकों की स्थायीकरण नियमावली, 1991 के उपलब्धों के अनुसार स्थायीकरण आवश्यक न हो तो वहां उस नियमावली के नियम 5 के उपनियम (3) के अधीन यह घोषणा करते हुए कि सम्बन्धित व्यक्ति ने परिवीक्षा सफलतापूर्वक पूरी कर ली है, स्थायीकरण का आदेश समझा जायगा।

20— ज्येष्ठता— किसी श्रेणी के पदों पर मौलिक रूप से नियुक्त व्यक्तियों की ज्येष्ठता समय–समय पर यथा संशोधित उत्तर प्रदेश सरकारी सेवक ज्येष्ठता नियमावली, 1991 के अनुसार अवधारित की जायगी।

भाग–सात—वेतन इत्यादि

21—वेतनमान—(1) विभिन्न श्रेणियों के पदों पर नियुक्त व्यक्तियों का अनुमन्य वेतनमान ऐसा होगा जैसा सरकार द्वारा समय–समय पर अवधारित किया जाय।

(2) इस नियमावली के प्रारम्भ के समय वेतनमान नीचे दिये गये हैं।

पद का नाम	वेतनमान
1— ज्येष्ठ लेखा परीक्षक	1400–40–1600–50–2300–EB–60–2600 रुपये।
2— लेखा परीक्षक	1200–30–1560–EB–40–2040।

22—परिवीक्षा अवधि में वेतन—(1) फण्डामेन्टल रूल्स में किसी प्रतिकूल उपबन्ध के होते हुये भी, परिवीक्षाधीन व्यक्ति को, यदि वह पहले से स्थायी सरकारी सेवा में न हो, समयमान में उसकी प्रथम वेतन वृद्धि तभी दी जायेगी जब उसने एक वर्ष की संतोषजनक सेवा पूरी कर ली हो, और द्वितीय वेतन वृद्धि दो वर्ष की सेवा के पश्चात् तभी दी जायगी जब उसने परिवीक्षा अवधि सफलतापूर्वक पूरी कर ली हो और यदि नियम 19 के अधीन ऐसा करना अपेक्षित हो, तो उसे स्थायी भी कर दिया गया हो :

परन्तु यदि संतोष प्रदान न कर सकने के कारण परिवीक्षा अवधि बढ़ायी जाय तो इस प्रकार बढ़ायी गयी अवधि की गणना वेतन वृद्धि के लिये नहीं की जायेगी जब तक कि नियुक्ति प्राधिकारी अन्यथा निर्देश न दें।

(2) ऐसे व्यक्ति का, जो पहले से सरकार के अधीन कोई पद धारण कर रहा हो, परिवीक्षा अवधि में वेतन सुसंगत फण्डामण्डल रूल्स द्वारा विनियमित होगा :

परन्तु यदि संतोष प्रदान न कर सकने के कारण परिवीक्षा अवधि बढ़ायी जाय तो इस प्रकार बढ़ायी गयी अवधि की गणना वेतन वृद्धि के लिये नहीं की जायगी जब तक कि नियुक्ति प्राधिकारी अन्यथा निर्देश न दें।

(3) ऐसे व्यक्ति का, जो पहले से स्थायी सरकारी सेवा में हो, परिवीक्षा अवधि में वेतन राज्य के कार्य–कलापों के सम्बन्ध में सेवारत सरकारी सेवकों पर सामान्यतया लागू सुसंगत नियमों द्वारा विनियमित होगा।

23— दक्षता रोक पार करने का मानदण्ड— (1) किसी भी ज्येष्ठ लेखा परीक्षक को दक्षता रोक पार करने की अनुमति नहीं दी जायेगी, जब तक कि उसने तत्परता से और अपनी सर्वोत्तम योग्यता से कार्य न किया हो, वित्तीय नियमों, लेखा और विभागीय, लेखा और लेखा परीक्षा कार्य का पर्याप्त ज्ञान न प्राप्त कर लिया हो, उसका कार्य और आचरण संतोषजनक न पाया जाय और जब तक कि उसकी सत्यनिष्ठा प्रमाणित न कर दी जाय।

(2) किसी भी लेखा–परीक्षक की दक्षता रोक पार करने की अनुमति नहीं दी जायगी जब तक कि उसका कार्य और आचरण संतोषजनक न पाया जाय, उसकी सत्यनिष्ठा प्रमाणित न कर दी जाय और उसने धीरतया और अपनी सर्वोत्तम योग्यता से कार्य न किया हो और लेखा–परीक्षा, लेखा–नियमों और विभागीय आदेश के सम्बन्ध में पर्याप्त ज्ञान न प्राप्त कर लिया हो और लेखा–परीक्षा कार्य स्वतंत्र रूप से करने में सक्षम न हो गया हो।

भाग–आठ—अन्य उपबन्ध

24— पक्ष समर्थन— किसी पद या सेवा के सम्बन्ध में लागू नियमों के अधीन अपेक्षित सिफारिश से भिन्न किसी अन्य सिफारिश पर, चाहे लिखित हो या मौखिक, विचार नहीं किया जायगा। किसी अभ्यर्थी की ओर से अपनी अभ्यर्थिता के लिये प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से समर्थन प्राप्त करने का कोई प्रयास उसे नियुक्ति के लिये अपात्र कर देगा।

25— अन्य विषयों का विनियमन— ऐसे विषयों के सम्बन्ध में जो विनिर्दिष्ट रूप से इस नियमावली या विशेष आदेशों के अन्तर्गत न आते हों, सेवा में नियुक्त व्यक्ति राज्य के कार्य–कलापों के सम्बन्ध में सेवारत सरकारी सेवकों पर सामान्यतया लागू नियमों, विनियमों और आदेशों द्वारा नियंत्रित होंगे।

26— सेवा की शर्तों में शिथिलता— जहाँ राज्य सरकार का यह समाधान हो जाय कि सेवा में नियुक्त व्यक्तियों की सेवा की शर्तों को विनियमित करने वाले किसी नियम के प्रवर्तन से किसी विशिष्ट मामले में अनुचित कठिनाई होती है, वहाँ वह उस मामले में लागू नियमों में किसी बात के होते हुए भी, आदेश द्वारा, उस नियम का अपेक्षाओं को उस सीमा तक और ऐसी शर्तों के अधीन

होते हुये जिन्हें यह मामले में न्यायसंगत और साम्यपूर्ण रीति से कार्यवाही करने के लिये आवश्यक समझे, अभिमुक्त या लिखित कर सकती है।

27— क्षतिपूर्ति— इस नियमावली के किसी बात का ऐसे आरक्षण और अन्य रियायतों पर कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा, जिसका सरकार द्वारा इस सम्बन्ध में समय–समय पर जारी किये गये और अन्य विशेष श्रेणियों के अभ्यर्थियों के लिये उपबन्ध किया जाना अपेक्षित हो।

परिशिष्ट

नियम 4 (2) देखिये

क्रम–संख्या	नाम योग	वेतनमान	स्थायी	अस्थायी	
		रु0			
1	ज्येष्ठ लेखा परीक्षक	1,400–40–1600–50–2,300–50 चौ0–60–2,600	24	1	25
2	लेखा परीक्षक	1,200–30–1560–द0रो0–40–2,040	51	3	54

उत्तर प्रदेश सरकार

ग्राम्य विकास विभाग

अनुभाग–1

अधिसूचना

28 जुलाई,1992 ई0

सं0 4968/38–1—32–एम–87—संविधान के अनुच्छेद 309 के परन्तुक द्वारा प्रदत्त शक्ति का प्रयोग करके और इस विषय पर समस्त विद्यमान नियमों और आदेशों का अतिक्रमण करके, राज्यपाल, उत्तर प्रदेश ग्राम्य विकास (प्रसार प्रशिक्षण) राजपत्रित अधिकारी सेवा में भर्ती और उसमें नियुक्ति व्यक्तियों की सेवा की शर्तों को विनियमित करने के लिये निम्नलिखित नियमावली बनाते हैं–

उत्तर प्रदेश ग्राम्य विकास (प्रसार प्रशिक्षण) राजपत्रित अधिकारी सेवा नियमावली, 1992

भाग– एक––सामान्य

1— संक्षिप्त नाम और प्रारम्भ— (1) यह नियमावली " उत्तर प्रदेश ग्राम्य विकास (प्रसार प्रशिक्षण) राजपत्रित अधिकारी सेवा नियमावली, 1991" कही जायेगी।

(2) यह तुरन्त प्रवृत्त होगी।

2— सेवा की प्रास्थिति– उत्तर प्रदेश ग्राम्य विकास (प्रसार प्रशिक्षण) राजपत्रित अधिकारी सेवा एक अधीनस्थ सेवा है जिसमें समूह "क" और समूह "ख" के पद समाविष्ट हैं।

3— परिभाषायें— जब तक विषय या संदर्भ में कोई प्रतिकूल बात न हो, इस नियमावली में–

(क) "नियुक्ति प्राधिकारी" का तात्पर्य आयुक्त, राज्यपाल से है ;

(ख) "भारत का नागरिक" का तात्पर्य ऐसे व्यक्ति से है जो संविधान के भाग दो के अधीन भारत का नागरिक हो, या समझा जाय ;

(ग) "संविधान" का तात्पर्य "भारत का संविधान" से है ;

(घ) " आयोग" का तात्पर्य उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग से है ;

(ङ) "सरकार" का तात्पर्य उत्तर प्रदेश की राज्य सरकार से है ;

(च) "राज्यपाल" का तात्पर्य उत्तर प्रदेश के राज्यपाल से है ;"परिक्षेत्रीय कार्यालय" का तात्पर्य राजस्व प्रभाग के मुख्यालयों पर स्थित संयुक्त या उप विकास आयुक्त के कार्यालय से है ;

(छ) "सेवा का सदस्य" का तात्पर्य सेवा के संवर्ग में किसी पद पर इस नियमावली के या इस नियमावली के प्रारम्भ होने से पूर्व प्रवृत्त नियमों या आदेशों के अधीन मौखिक रूप से नियुक्त व्यक्ति से है ;

(ज) "सेवा" का तात्पर्य उत्तर प्रदेश ग्राम्य विकास (प्रसार प्रशिक्षण) राजपत्रित अधिकारी सेवा से है ;

(झ) "मौखिक नियुक्ति" का तात्पर्य सेवा के संवर्ग में किसी पद ऐसी नियुक्ति से है, जो तदर्थ नियुक्ति न हो और नियमों के अनुसार चयन के पश्चात् की गयी हो और यदि कोई नियम न हो तो सरकार द्वारा जारी किये गये कार्यपालक अनुदेशों द्वारा तत्समय निहित प्रक्रिया के अनुसार की गयी हो।

(ञ) "भर्ती का वर्ष" का तात्पर्य किसी कलेण्डर वर्ष की पहली जुलाई से प्रारम्भ होने वाली बारह मास की अवधि से है।

भाग दो–संवर्ग

4— सेवा का संवर्ग— (1) सेवा की सदस्य संख्या और उसमें प्रत्येक श्रेणी के पदों की संख्या उतनी होगी जितनी सरकार द्वारा समय–समय पर अवधारित की जाय।

(2) जब तक कि उपनियम (1) के अधीन परिवर्तन करने के आदेश न दिये जाएं, सेवा की सदस्य संख्या और उसमें प्रत्येक श्रेणी के पदों की संख्या उतनी होगी जितनी परिशिष्ट में दी गई है :

परन्तु—

(एक) नियुक्ति प्राधिकारी किसी रिक्त पद को बिना भरे हुए छोड़ सकता है या राज्यपाल उसे आच्छगित रख सकते हैं, जिससे कोई व्यक्ति प्रतिकर का हकदार न होगा ;

(दो) राज्यपाल ऐसे अतिरिक्त स्थायी या अस्थायी पदों का सृजन कर सकते हैं, जैसे वह उचित समझें।

भाग तीन—भर्ती

5— भर्ती का स्रोत— सेवा में विभिन्न श्रेणी पदों पर भर्ती निम्नलिखित स्रोतों से की जायेगी :

(1) सहायक आयुक्त (प्रशिक्षण) और प्रधानाचार्य समूह "क"

(2) जिला प्रशिक्षण अधिकारी

(3) प्रसार प्रशिक्षण अधिकारी (मृदा विज्ञान), प्रसार प्रशिक्षण अधिकारी ( ),प्रसार प्रशिक्षण अधिकारी (पौध संरक्षण), प्रसार प्रशिक्षण अधिकारी (उद्यान) और प्रसार प्रशिक्षण अधिकारी (कृषि प्रसार)

(4) प्रसार प्रशिक्षण अधिकारी (पंचायत)

मौलिक रूप से नियुक्त ऐसे जिला प्रशिक्षण अधिकारी और प्रसार प्रशिक्षण अधिकारी में से जिन्होंने भर्ती के वर्ष के प्रथम दिवस को इस रूप में पांच वर्ष की सेवा पूरी कर ली हो, पदोन्नति द्वारा।

(एक) 50 प्रतिशत आयोग के माध्यम से सीधी भर्ती द्वारा।

(दो) 50 प्रतिशत आयोग के माध्यम से उत्तर प्रदेश ग्राम्य विकास प्रसार प्रशिक्षण योजना के मौलिक रूप से नियुक्त ऐसे ज्येष्ठ अनुदेशकों में से, जिन्होंने भर्ती के वर्ष के प्रथम दिवस को इस रूप में पांच वर्ष की सेवा पूरी कर ली हो, पदोन्नति द्वारा।

(एक) 50 प्रतिशत आयोग के माध्यम से सीधी भर्ती द्वारा।

(दो) 50 प्रतिशत आयोग के माध्यम से उत्तर प्रदेश ग्राम्य विकास प्रसार प्रशिक्षण योजना के मौलिक रूप से नियुक्त ऐसे ज्येष्ठ अनुदेशक (मृदा विज्ञान),ज्येष्ठ अनुदेशक (उद्यान), ज्येष्ठ अनुदेशक (शस्य विज्ञान), ज्येष्ठ अनुदेशक (पौध संरक्षण) और ज्येष्ठ अनुदेशकों (कृषि प्रसार) में से जिन्होंने भर्ती के वर्ष के प्रथम दिवस को इस रूप में पांच वर्ष की सेवा पूरी कर ली हो, पदोन्नति द्वारा।

(एक) 50 प्रतिशत आयोग के माध्यम से सीधी भर्ती द्वारा।

(दो) 50 प्रतिशत आयोग के माध्यम से उत्तर प्रदेश ग्राम्य विकास प्रसार प्रशिक्षण योजना के मौलिक रूप से नियुक्त ऐसे ज्येष्ठ अनुदेशक (पंचायत) में से, जिन्होंने भर्ती के वर्ष के प्रथम दिवस को इस रूप में पांच वर्ष की सेवा पूरी कर ली हो, पदोन्नति द्वारा।

(5) प्रसार प्रशिक्षण अधिकारी (उत्पादन)	जिन्होंने भर्ती के वर्ष के प्रथम दिवस को इस रूप में पांच वर्ष की सेवा पूरी कर ली हो, पदोन्नति द्वारा।
(6) प्रसार प्रशिक्षण अधिकारी (पशुपालन)	(एक) 50 प्रतिशत आयोग के माध्यम से सीधी भर्ती द्वारा। (दो) 50 प्रतिशत आयोग के माध्यम से उत्तर प्रदेश ग्राम्य विकास प्रसार प्रशिक्षण योजना के मौलिक रूप से नियुक्त ऐसे ज्येष्ठ अनुदेशक (पशुपालन) में से, जिन्होंने भर्ती के वर्ष के प्रथम दिवस को इस रूप में पांच वर्ष की सेवा पूरी कर ली हो, पदोन्नति द्वारा।
(7) प्रसार प्रशिक्षण अधिकारी (जन स्वास्थ्य)	(एक) 50 प्रतिशत आयोग के माध्यम से सीधी भर्ती द्वारा। (दो) 50 प्रतिशत आयोग के माध्यम से उत्तर प्रदेश ग्राम्य विकास प्रसार प्रशिक्षण योजना के मौलिक रूप से नियुक्त ऐसे ज्येष्ठ अनुदेशक (जन स्वास्थ्य) में से, जिन्होंने भर्ती के वर्ष के प्रथम दिवस को इस रूप में पांच वर्ष की सेवा पूरी कर ली हो, पदोन्नति द्वारा।
(8) प्रसार प्रशिक्षण अधिकारी (सहकारिता और क्षेत्रीय सेवा व्यापार)	(एक) 50 प्रतिशत आयोग के माध्यम से सीधी भर्ती द्वारा। (दो) 50 प्रतिशत आयोग के माध्यम से उत्तर प्रदेश ग्राम्य विकास प्रसार प्रशिक्षण योजना के मौलिक रूप से नियुक्त ऐसे ज्येष्ठ अनुदेशक (सहकारिता) में से, जिन्होंने भर्ती के वर्ष के प्रथम दिवस को इस रूप में पांच वर्ष की सेवा पूरी कर ली हो, पदोन्नति द्वारा।
(9) प्रसार प्रशिक्षण अधिकारी (महिला कल्याण)	(एक) 50 प्रतिशत आयोग के माध्यम से सीधी भर्ती द्वारा। (दो) 50 प्रतिशत आयोग के माध्यम से उत्तर प्रदेश ग्राम्य विकास प्रसार प्रशिक्षण योजना के मौलिक रूप से नियुक्त ऐसे ज्येष्ठ अनुदेशक (महिला कल्याण) में से, जिन्होंने भर्ती के वर्ष के प्रथम दिवस को इस रूप में पांच वर्ष की सेवा पूरी कर ली हो, पदोन्नति द्वारा। परन्तु यदि खण्ड (1) से (9) के अधीन विनिर्दिष्ट पदों पर पदोन्नति के लिये उपयुक्त पात्र व्यक्ति उपलब्ध न हों तो पात्रता के क्षेत्र में अपने-अपने पोषक संवर्ग में मौलिक रूप से नियुक्त ऐसे व्यक्तियों को, जिन्होंने भर्ती के वर्ष के प्रथम दिवस को इस रूप में तीन वर्ष की सेवा पूरी कर ली हो, सम्मिलित करने के लिये नियुक्त किया जा सकता है।
(एक) 50 प्रतिशत आयोग के माध्यम से सीधी भर्ती द्वारा। (दो) 50 प्रतिशत आयोग के माध्यम से उत्तर प्रदेश ग्राम्य विकास प्रसार प्रशिक्षण योजना के मौलिक रूप से नियुक्त ऐसे ज्येष्ठ अनुदेशक (कृषि अभियान्त्रिकी) और ज्येष्ठ अनुदेशक (उत्पादन) में से,	

(10) प्रसार प्रशिक्षण अधिकारी (लेखा), प्रसार प्रशिक्षण आयोग के माध्यम से सीधी भर्ती द्वारा।
अधिकारी (प्रशिक्षण और शिक्षा) और प्रसार प्रशिक्षण अधि-
कारी (दृश्य-श्रव्य सहायता और सांख्यिकी)

6— आरक्षण— अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जन जातियों और अन्य श्रेणियों के अभ्यर्थियों के लिये आरक्षण भर्ती के समय प्रवृत्त सरकारी आदेशों के अनुसार किया जायगा।

भाग चार— अर्हता

7— राष्ट्रिकता:— सेवा में किसी पद पर भर्ती के लिये यह आवश्यक है कि अभ्यर्थी—

(क) भारत का नागरिक हो; या

(ख) तिब्बती शरणार्थी हो, जो भारत में स्थायी निवास के अभिप्राय से पहली जनवरी, 1962 के पूर्व भारत आया हो ; या

(ग) भारतीय मूल का ऐसा व्यक्ति हो, जिसने भारत में स्थायी निवास के अभिप्राय से पाकिस्तान,बर्मा,श्रीलंका या किसी पूर्वी अफ्रीकी देश केनिया, युगांडा और यूनाइटेड रिपब्लिक आफ तैंजानिया (पूर्ववर्ती तांगानिका और जंजीबार) से प्रवजन किया हो ;

परन्तु उपर्युक्त श्रेणी (ख) या (ग) का अभ्यर्थी ऐसा व्यक्ति होना चाहिये जिसके पक्ष में राज्य सरकार द्वारा पात्रता का प्रमाण-पत्र जारी किया गया हो।

परन्तु यह और कि श्रेणी (ख) के अभ्यर्थी से यह भी अपेक्षा की जायेगी वह पुलिस उप-महानिरीक्षक अभिसूचना शाखा, उत्तर प्रदेश से पात्रता का प्रमाण-पत्र प्राप्त कर ले

परन्तु यह भी कि यदि कोई अभ्यर्थी उपर्युक्त श्रेणी (ग) का हो तो पात्रता का प्रमाण-पत्र एक वर्ष से अधिक अवधि के आगे सेवा में इस शर्त पर रहने दिया जायेगा कि वह भारत की नागरिकता प्राप्त कर ले।

टिप्पणी— ऐसे अभ्यर्थी को जिसके मामले में पात्रता का प्रमाण-पत्र आवश्यक हो, किन्तु न तो वह जारी किया गया हो और न देनेसे इन्कार किया गया हो, किसी परीक्षा या साक्षात्कार में सम्मिलित किया जा सकता है और उसे इस शर्त पर अनन्तिम रूप से नियुक्त भी किया जा सकता है कि उसके द्वारा आवश्यक प्रमाण-पत्र प्राप्त कर लिया जाय या उसके पक्ष में जारी कर दिया जाय।

8— शैक्षिक अर्हतायें— सेवा में विभिन्न पदों पर सीधी भर्ती के लिए अभ्यर्थी की निम्न अर्हतायें होनी आवश्यक है:-

पद	अर्हतायें
(1) जिला प्रशिक्षण अधिकारी	अनिवार्य : भारत में विधि द्वारा स्थापित किसी विश्वविद्यालय से सस्य विज्ञान या मृदाविज्ञान या उद्यान विज्ञान या कीट विज्ञान या रोग विज्ञान या कृषि वनस्पति विज्ञान या कृषि प्रसार या कृषि अभियांत्रिकी में कम से कम 54 प्रतिशत अंक के साथ स्नातकोत्तर या सरकार द्वारा इसके समकक्ष मान्यता प्राप्त कोई उपाधि। अवांछनीय (1) भारत में विधि द्वारा स्थापित किसी विश्वविद्यालय से उपर्युक्त विषयों में से किसी एक विषय में डाक्टरेट की उपाधि या सरकारद्वारा इसके समकक्ष प्राप्त कोई उपाधि। (2) सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त किसी संस्था से शिक्षण या प्रशिक्षण या शोध का तीन वर्ष का अनुभव।

पद	अर्हताएँ
(2) प्रसार प्रशिक्षण अधिकारी (मृदा विज्ञान, सस्यविज्ञान, पौध संरक्षण, उद्यान और कृषि प्रसार)	अनिवार्य– भारत में विधि द्वारा स्थापित किसी विश्वविद्यालय से कृषि रसायन या मृदा और जल प्रबंध या सस्य विज्ञान या रोग विज्ञान या कीट विज्ञान या कृषि वनस्पति विज्ञान में स्नातकोत्तर उपाधि के साथ वनस्पति रोग विज्ञान या उद्यान विज्ञान या कृषि प्रसार में कम से कम 54 प्रतिशत अंक के साथ विशेषज्ञता या सरकार द्वारा इसके समकक्ष मान्यता प्राप्त कोई उपाधि। अभिमानी– (1) भारत में विधि द्वारा स्थापित किसी विश्वविद्यालय से उपर्युक्त विषयों में से किसी एक विषय में डाक्टरेट की उपाधि या सरकार द्वारा इसके समकक्ष मान्यता प्राप्त कोई उपाधि। (2) किसी मान्यता प्राप्त संस्था से शिक्षण या प्रशिक्षण या शोध का तीन वर्ष का अनुभव।
(3) प्रसार प्रशिक्षण अधिकारी (पंचायत)	अनिवार्य— भारत में विधि द्वारा स्थापित किसी विश्वविद्यालय से कम से कम 54 प्रतिशत अंक के साथ कृषि अर्थशास्त्र में स्नातकोत्तर उपाधि या सरकार द्वारा इसके समकक्ष मान्यता प्राप्त कोई उपाधि। अभिमानी– (1) भारत में विधि द्वारा स्थापित किसी विश्वविद्यालय से कृषि अर्थशास्त्र में डाक्टरेट की उपाधि या सरकार द्वारा इसके समकक्ष मान्यता प्राप्त कोई उपाधि। (2) सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त किसी संस्था से शिक्षण या प्रशिक्षण या शोध का तीन वर्ष का अनुभव।
(4) प्रसार प्रशिक्षण अधिकारी (कृषि अभियांत्रिकी और उत्पादन)	अनिवार्य— भारत में विधि द्वारा स्थापित किसी विश्वविद्यालय से कम से कम 54 प्रतिशत अंक के साथ कृषि अभियांत्रिकी या विद्युत अभियांत्रिकी या यांत्रिक अभियांत्रिकी में स्नातकोत्तर उपाधि या सरकार द्वारा इसके समकक्ष मान्यता प्राप्त कोई उपाधि। अभिमानी– (1) भारत में विधि द्वारा स्थापित किसी विश्वविद्यालय से कृषि अभियांत्रिकी या विद्युत अभियांत्रिकी या यांत्रिक अभियांत्रिकी में स्नातकोत्तर उपाधि या सरकार द्वारा इसके समकक्ष मान्यता प्राप्त कोई उपाधि। (2) सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त किसी संस्था से शिक्षण या प्रशिक्षण या शोध का तीन वर्ष का अनुभव।
(5) प्रसार प्रशिक्षण अधिकारी (पशु पालन)	अनिवार्य— भारत में विधि द्वारा स्थापित किसी विश्वविद्यालय से कम से कम 54 प्रतिशत अंक के साथ पशुचिकित्सा और पशुपालन विज्ञान में स्नातक उपाधि या सरकार द्वारा इसके समकक्ष मान्यता प्राप्त कोई उपाधि।

(6) प्रसार प्रशिक्षण अधिकारी (जन स्वास्थ्य)

अर्हतायें।

अधिमानी–

(1) भारत में विधि द्वारा स्थापित किसी विश्वविद्यालय से पशु चिकित्सा या पशुपालन विज्ञान में स्नातकोत्तर की उपाधि या सरकार द्वारा इसके समकक्ष मान्यता प्राप्त कोई उपाधि।

(2) सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त किसी संस्था से शिक्षण या प्रशिक्षण या शोध का तीन वर्ष का अनुभव।

अनिवार्य—

(1) भारत में विधि द्वारा स्थापित किसी विश्वविद्यालय से कम से कम 54 प्रतिशत अंक के साथ जीव विज्ञान और रसायन शास्त्र में स्नातक उपाधि या सरकार द्वारा इसके समकक्ष मान्यता प्राप्त कोई उपाधि।

(7) प्रसार प्रशिक्षण अधिकारी (सहकारिता)

(2) सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त सफाई निरीक्षक परीक्षा प्रमाण–पत्र।

(3) सरकार के किसी विभाग या सरकार द्वारा मान्यता– प्राप्त किसी संस्था में सफाई निरीक्षक या ज्येष्ठ अनुदेशक (जनस्वास्थ्य) के रूप में कार्य करने का तीन वर्ष का अनुभव।

अधिमानी–

सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त किसी संस्था में प्रशिक्षण या शिक्षण या जन–स्वास्थ्य कार्यक्रम के पर्यवेक्षण का तीन वर्ष का अनुभव।

अनिवार्य—

भारत में विधि द्वारा स्थापित किसी विश्वविद्यालय से कम से कम 54 प्रतिशत अंक के साथ सहकारिता और लोक वित्त में विशेषज्ञता के साथ अर्थशास्त्र में स्नातकोत्तर उपाधि या सरकार द्वारा इसके समकक्ष मान्यता प्राप्त कोई उपाधि।

(8) प्रसार प्रशिक्षण अधिकारी (उद्योग सेवा व्यापार)

अधिमानी–

(1) भारत में विधि द्वारा स्थापित किसी विश्वविद्यालय से अर्थशास्त्र में डाक्टरेट की उपाधि या सरकार द्वारा इसके समकक्ष मान्यता प्राप्त कोई उपाधि।

(2) सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त किसी संस्था से शिक्षण या प्रशिक्षण या शोध का तीन वर्ष का अनुभव।

अनिवार्य—

भारत में विधि द्वारा स्थापित किसी विश्वविद्यालय से कम से कम 54 प्रतिशत अंक के साथ वाणिज्य या व्यापार प्रशासन में स्नातकोत्तर उपाधि या सरकार द्वारा इसके समकक्ष मान्यता प्राप्त कोई उपाधि।

(9) प्रसार प्रशिक्षण अधिकारी (महिला कल्याण)

अधिमानी–

(1) भारत में विधि द्वारा स्थापित किसी विश्वविद्यालय से वाणिज्य या व्यापार प्रशासन में डाक्टरेट की उपाधि या सरकार द्वारा इसके समकक्ष मान्यता प्राप्त कोई उपाधि।

(2) सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त किसी संस्था से शिक्षण या प्रशिक्षण या शोध का तीन वर्ष का अनुभव।

अनिवार्य—

भारत में विधि द्वारा स्थापित किसी विश्वविद्यालय से कम से कम 54 प्रतिशत अंक के साथ समाज शास्त्र या गृह विज्ञान या गृह कला में स्नातकोत्तर उपाधि या सरकार द्वारा इसके समकक्ष मान्यता प्राप्त कोई उपाधि।

	अर्हताएं।
(10) प्रसार प्रशिक्षण अधिकारी (लेखा)	अभिमानी– (1) भारत में विधि द्वारा स्थापित किसी विश्वविद्यालय से खगोल शास्त्र या गृह विज्ञान में डाक्टरेट की उपाधि या सरकार द्वारा इसके समकक्ष मान्यता प्राप्त कोई उपाधि। (2) सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त किसी संस्था से शिक्षण या प्रशिक्षण या शोध का तीन वर्ष का अनुभव। अनिवार्य— भारत में विधि द्वारा स्थापित किसी विश्वविद्यालय से कम से कम 54 प्रतिशत अंक के साथ लेखा शास्त्र के साथ वाणिज्य में स्नातकोत्तर उपाधि या सरकार द्वारा इसके समकक्ष मान्यता प्राप्त कोई उपाधि।
(11) प्रसार प्रशिक्षण अधिकारी (प्रशिक्षण और शिक्षा)	अभिमानी– (1) भारत में विधि द्वारा स्थापित किसी विश्वविद्यालय से वाणिज्य में डाक्टरेट की उपाधि या सरकार द्वारा इसके समकक्ष मान्यता प्राप्त कोई उपाधि। या चार्टर्ड एकाउण्टेण्ट (2) सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त किसी संस्था से शिक्षण या प्रशिक्षण या शोध का तीन वर्ष का अनुभव। अनिवार्य— भारत में विधि द्वारा स्थापित किसी विश्वविद्यालय से कम से कम 54 प्रतिशत अंक के साथ शिक्षा शास्त्र में स्नातकोत्तर उपाधि या सरकार द्वारा इसके समकक्ष मान्यता प्राप्त कोई उपाधि।
(12) प्रसार प्रशिक्षण अधिकारी (कृषि प्रसार सहायता)	अभिमानी– (1) भारत में विधि द्वारा स्थापित किसी विश्वविद्यालय से शिक्षा शास्त्र में डाक्टरेट की उपाधि या सरकार द्वारा इसके समकक्ष मान्यता प्राप्त कोई उपाधि। (2) सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त किसी संस्था से शिक्षण या प्रशिक्षण या शोध का तीन वर्ष का अनुभव। अनिवार्य— भारत में विधि द्वारा स्थापित किसी विश्वविद्यालय से कम से कम 54 प्रतिशत अंक के साथ कृषि प्रसार में स्नातकोत्तर उपाधि या सरकार द्वारा इसके समकक्ष मान्यता प्राप्त कोई उपाधि।
(13) प्रसार प्रशिक्षण अधिकारी (सांख्यिकी)।	अभिमानी– प्रोजेक्ट और नॉन प्रोजेक्ट शादियों विद्युअल एडस पर कार्य करने का तीन वर्ष का अनुभव। अनिवार्य— भारत में विधि द्वारा स्थापित किसी विश्वविद्यालय से कम से कम 54 प्रतिशत अंक के साथ गणित या सांख्यिकीय गणित या सांख्यिकी में स्नातकोत्तर उपाधि या सरकार द्वारा इसके समकक्ष मान्यता प्राप्त कोई उपाधि। अभिमानी— (1) भारत में विधि द्वारा स्थापित किसी विश्वविद्यालय से गणित या वाणिज्यकीय गणित या सांख्यिकी में डाक्टरेट की उपाधि या सरकार द्वारा इसके समकक्ष मान्यता प्राप्त कोई उपाधि।

(2) सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त किसी संस्था से शिक्षण या प्रशिक्षण या शोध का तीन वर्ष का अनुभव।

9— अधिमानी अर्हता— अन्य बातों के समान होने पर ऐसे अभ्यर्थी को सीधी भर्ती के मामले में अधिमान दिया जायगा, जिसने—

(एक) जो नियम 8 में उल्लिखित पद के सम्बन्ध में कोई अधिमानी अर्हता रखता हो, या

(दो) जिसने प्रादेशिक सेना में दो वर्ष की न्यूनतम अवधि तक सेवा की हो, या

(तीन) जिसमें राष्ट्रीय कैडेट कोर का "बी" प्रमाण–पत्र प्राप्त किया हो।

10— आयु— सीधी भर्ती के लिये यह आवश्यक है कि अभ्यर्थी कैलेण्डर वर्ष की जिसमें आयोग द्वारा रिक्तियां विज्ञापित की जायं, पहली जुलाई को इक्कीस वर्ष की आयु प्राप्त कर ली हो और बत्तीस वर्ष से अधिक आयु प्राप्त न की हो ;

परन्तु अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जन–जातियों और ऐसी अन्य श्रेणियों के जो सरकार द्वारा समय–समय पर अधिसूचित की जांय, अभ्यर्थियों की स्थिति में उच्चतर आयु सीमा उतने वर्ष अधिक होगी जितनी विनिर्दिष्ट की जाय।

11—चरित्र— सेवा में किसी पद पर सीधी भर्ती के लिये अभ्यर्थी का चरित्र ऐसा होना चाहिए कि वह सरकारी सेवा में नियोजन के लिये सभी प्रकार से उपयुक्त हो। नियुक्ति प्राधिकारी इस संबंध में अपना समाधान कर लेगा।

टिप्पणी—संघ सरकार या किसी राज्य सरकार या किसी स्थानीय प्राधिकारी द्वारा या संघ सरकार या किसी राज्य सरकार के स्वामित्वाधीन या नियंत्रणाधीन किसी निगम या निकाय द्वारा पदच्युत व्यक्ति सेवा में किसी पद पर नियुक्ति के लिये पात्र नहीं होंगे। नैतिक अधमता के किसी अपराध के लिये दोष सिद्ध व्यक्ति भी पात्र नहीं होंगे।

12—वैवाहिक प्रास्थिति— सेवा में किसी पद पर नियुक्ति के लिये ऐसा पुरूष अभ्यर्थी पात्र न होगा, जिसकी एक से अधिक पत्नियां जीवित हों या ऐसी महिला अभ्यर्थी पात्र न होगी, जिसने ऐसे पुरूष से विवाह किया हो जिसकी पहले से कोई पत्नी जीवित हो ;

परन्तु राज्यपाल किसी व्यक्ति को इस नियम के प्रवर्तन से छूट दे सकते हैं, यदि उनका यह समाधान हो जाय कि ऐसा करने के लिये विशेष कारण विद्यमान हैं।

13—शारीरिक स्वस्थता— किसी अभ्यर्थी को सेवा में किसी पद पर नियुक्ति नहीं किया जायगा जब तक कि मानसिक और शारीरिक दृष्टि से उसका स्वास्थ्य अच्छा न हो और वह किसी ऐसे शारीरिक दोष से मुक्त न हो जिससे उसे अपने कर्तव्यों का दक्षतापूर्वक पालन करने में बाधा पड़ने की संभावना हो। किसी अभ्यर्थी को नियुक्ति के लिये अन्तिम रूप से अनुमोदित किये जाने के पूर्व उससे यह अपेक्षा की जायगी कि वह फाइनेन्शियल हैन्ड बुक खण्ड–दो, भाग तीन के अध्याय तीन में दिये गये फन्डामेन्टल रूल 10 (घ) के अधीन बनाये गये नियमों के अनुसार स्वस्थता प्रमाण–पत्र प्रस्तुत करे।

परन्तु पदोन्नति द्वारा भर्ती किये गये अभ्यर्थी से स्वस्थता प्रमाण–पत्र प्रस्तुत किये जाने की अपेक्षा नहीं की जायेगी।

भाग–चौथ—भर्ती की प्रक्रिया

14—रिक्तियों का अवधारण— नियुक्ति प्राधिकारी वर्ष के दौरान सीधी भर्ती द्वारा भरी जाने वाली रिक्तियों की संख्या और नियम–8 के अधीन अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जन जातियों और अन्य श्रेणियों के अभ्यर्थियों के लिए आरक्षित की जाने वाली रिक्तियों की संख्या भी अवधारित करेगा। सीधी भर्ती की रिक्तियों की सूचना आयोग को दी जायेगी।

15— आयोग के माध्यम से सीधी भर्ती की प्रक्रिया— (1) चयन के विचारार्थ आवेदन–पत्र आयोग द्वारा जारी विज्ञापन में प्रकाशित निहित प्रपत्र में आयोग द्वारा आमंत्रित किये जायेंगे।

(2) आयोग नियम–9 के अनुसार अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जन जातियों और अन्य श्रेणियों के अभ्यर्थियों का सम्यक प्रतिनिधित्व सुनिश्चित करने की आवश्यकता को ध्यान में रखते हुये उतने अभ्यर्थियों को, जितने अपेक्षित अर्हतायें पूरी करते हों, जैसा वह उचित समझे, साक्षात्कार के लिये बुलायेगा।

(3) आयोग अभ्यर्थियों की एक सूची उनकी प्रवीणता क्रम में जैसी कि साक्षात्कार में प्रत्येक अभ्यर्थी द्वारा प्राप्त किये गये अंकों से प्रकट हो, तैयार करेगा। यदि दो या अधिक अभ्यर्थी बराबर–बराबर कुल अंक प्राप्त करने वाले अभ्यर्थी का मान सूची में उच्चतर स्थान पर रखा जायगा। सूची में नामों की संख्या रिक्तियों की संख्या से अधिक (किन्तु 25 प्रतिशत से अनधिक) होगी। आयोग नियुक्ति प्राधिकारी को सूची अग्रसारित करेगा।

16— आयोग के माध्यम से पदोन्नति द्वारा नहीं की प्रक्रिया— पदोन्नति द्वारा भर्ती अनुपयुक्त को अस्वीकार करते हुये ज्येष्ठता के आधार पर समय–समय पर यथा–संशोधित उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग परामर्श चयनोन्नति (प्रक्रिया) नियमावली 1970 के अनुसार की जायगी ।

परन्तु इस नियम के अधीन पात्रता सूची तैयार करते समय जहाँ दो अलग–अलग पोषक संवर्ग हों, वहां—

(क) भिन्न–भिन्न वेतनमान होने की स्थिति में समान वेतनमान वाले संवर्ग के अभ्यर्थियों को पात्रता सूची में उचित स्थान पर रखा जायगा ;

(ख) समान वेतनमान होने की स्थिति में मे अभ्यर्थियों के नाम उनके अपने–अपने संवर्ग में उनकी मौलिक नियुक्ति के दिनांक के क्रम में पात्रता सूची में रखे जायेंगे।

17— विभागीय पदोन्नति समिति के माध्यम से पदोन्नति द्वारा भर्ती की प्रक्रिया— (1) पदोन्नति द्वारा भर्ती, उत्तर प्रदेश विभागीय पदोन्नति समिति का गठन (सेवा आयोग के क्षेत्र के बाहर के पदों के लिये) नियमावली, 1992 के उपबन्धों के अनुसार गठित विभागीय पदोन्नति समिति के माध्यम से अनुपयुक्त को अस्वीकार करते हुये ज्येष्ठता के आधार पर की जायेगी।

(2) नियुक्ति प्राधिकारी अभ्यर्थियों की पात्रता सूची, उत्तर प्रदेश (लोक सेवा आयोग के क्षेत्र के बाहर के पदों पर) चयनोन्नति पात्रता सूची नियमावली, 1986 के अनुसार तैयार करेगा और उसे उनकी चरित्र–पंजियां और उनसे सम्बन्धित ऐसे अन्य अभिलेखों के साथ, जो उचित समझे जायें, चयन समिति के समक्ष रखेगा :

परन्तु इस उपनियम के अधीन पात्रता सूची तैयार करते समय जहां दो अलग–अलग पोषक संवर्ग हों, वहां—

(क) भिन्न–भिन्न वेतनमान होने की स्थिति में उच्च वेतनमान वाले संवर्ग के अभ्यर्थियों को पात्रता सूची में उच्चतर स्थान पर रखा जायगा ;

(ख) समान वेतनमान होने की स्थिति में मे अभ्यर्थियों के नाम उनके अपने–अपने संवर्ग में उनकी मौलिक नियुक्ति के दिनांक के क्रम में पात्रता सूची में रखे जायेंगे।

(3) चयनसमिति उपनियम (2) में निर्दिष्ट अभिलेखों के आधार पर अभ्यर्थियों के मामलों पर विचार करेगी और यदि वह आवश्यक समझे तो अभ्यर्थियों का साक्षात्कार भी कर सकती है।

(4) चयन समिति चयन किये गये एक सूची, उस ज्येष्ठता क्रम में जैसी कि वह उस संवर्ग में थी, जिससे उसे चयनित किया जाता है, तैयार करेगी और उसे नियुक्ति जानकारी को प्रसारित करेगी।

18— संयुक्त चयन सूची— यदि भर्ती के किसी वर्ष में नियुक्तियां सीधी भर्ती और पदोन्नति निम्न प्रकार से की जानी हो, तो संयुक्त चयन सूची तैयार की जायेगी जिसमें अभ्यर्थियों के नाम संसंगत सूचियों से इस प्रकार दिये जायेंगे कि निहित प्रतिशत बना रहे सूची में पहला नाम पदोन्नति द्वारा नियुक्त व्यक्ति का होगा।

भाग–छ:—नियुक्ति, परिवीक्षा,स्थायीकरण और ज्येष्ठता

19— नियुक्ति—(1) उपनियम (2) के उपबन्धों के अधीन रहते हुये नियुक्ति पदाधिकारी अभ्यर्थियों के नाम उसी क्रम में लेकर जिनमें वे यथा स्थिति नियम 15,16,17 या 18 के अधीन तैयार की गयी सूची में आये हों, नियुक्तियां करेगा।

(2) जहां भर्ती के किसी वर्ष में नियुक्तियां सीधी भर्ती और पदोन्नति दोनों प्रकार से की जाती है, वहां नियमित नियुक्ति तब तक नहीं की जायेगी जब तक दोनो स्रोतों से चयन न कर लिया जाय और नियम 18 के अनुसार एक संयुक्त सूची तैयार न कर ली जाय।

(3) यदि किसी एक चयन के सम्बन्ध में नियुक्ति के एक से अधिक आदेश जारी किये जायें तो एक संयुक्त आदेश भी जारी किया जायेगा जिसमें व्यक्ति के नामों का उल्लेख तथा स्थिति चयन में यथा यथाधारित या जैसा कि इस संदर्भ में हो जिससे उन्हें पदोन्नत किया जाय, ज्येष्ठता क्रम में किया जायेगा। यदि नियुक्तियाँ सीधी भर्ती और पदोन्नति दोनों प्रकार से की जायें तो नाम नियम 13 में निर्दिष्ट क्रम के अनुसार रखे जायेंगे।

20— परिवीक्षा— (1) सेवा में किसी पद पर मौलिक रूप से नियुक्त व्यक्ति को दो वर्ष की अवधि के लिए परिवीक्षा पर रखा जायेगा।

(2) नियुक्ति पदाधिकारी ऐसे कारणों से जो अभिलिखित किए जायेंगे, अलग–अलग मामलों में परिवीक्षा अवधि को बढ़ा सकता है जिसमें ऐसा दिनांक निर्दिष्ट किया जायगा जब तक अवधि बढ़ाई जाय :

परन्तु अत्यन्तिक परिस्थितियों के नियम परिवीक्षा अवधि एक वर्ष से अधिक और किसी भी परिस्थिति में दो वर्ष से अधिक नहीं बढ़ाई जायेगी।

(3) यदि परिवीक्षा अवधि या बढ़ायी गयी परिवीक्षा अवधि के दौरान किसी भी समय या उसके अन्त में नियुक्ति प्राधिकारी को यह प्रतीत हो कि परिवीक्षाधीन व्यक्ति अपने आपको का पर्याप्त उपयोग नहीं किया है, या संतोष प्रदान करने अन्यथा विफल रहा है, तो उसे उसके मौलिक पद पर, यदि कोई हो, प्रत्यावर्तित किया जा सकता है और यदि उसका निर्दिष्ट पद पर धारणाधिकार न हो, तो उसकी सेवायें समाप्त की जा सकती हैं।

(4) ऐसा परिवीक्षाधीन व्यक्ति, जिसे उपनियम (3) के अधीन प्रत्यावर्तित किया जाय या जिसकी सेवायें समाप्त की जायं, किसी प्रतिकर का हकदार न होगा।

(5) नियुक्ति पदाधिकारी संवर्ग में शामिल किसी पद पर या किसी अन्य सफलता या उच्चतर पद पर की गयी निरन्तर सेवा को परिवीक्षा अवधि की संगणना करने के परियोजनार्थ गिने जाने की अनुमति दे सकता है।

21— स्थायीकरण—(1) उपनियम (2) के उपबन्धों के अधीन रहते हुये किसी परिवीक्षाधीन व्यक्ति को परिवीक्षा अवधि या बढ़ायी गयी परिवीक्षा अवधि या अन्त में उसकी नियुक्ति में स्थायी कर दिया जायगा यदि—

(क) उसका कार्य और आचरण संतोषजनक बताया गया,

(ख) उसकी सत्यनिष्ठा प्रमाणित कर दी जाय, और

(ग) नियुक्ति प्राधिकारी का यह समाधान हो जाय कि वह स्थायी किये जाने के लिये अन्यथा उपयुक्त है।

(2) जहां उत्तर प्रदेश राज्य के सरकारी सेवकों की स्थायीकरण नियमावली, 1991 के उपबन्धों के अनुसार स्थायीकरण आवश्यक नहीं है वहां उस नियमावली के नियम 5 के उपनियम (3) के अधीन यह घोषणा करते हुये आदेश कि सम्बन्धित व्यक्ति ने परिवीक्षा अवधि सफलता पूर्वक पूरी कर दी है, स्थायीकरण का आदेश समझा जायेगा।

22— ज्येष्ठता— किसी श्रेणी के पदों पर मौलिक रूप से नियुक्त व्यक्तियों की ज्येष्ठता समय-समय पर यथा संशोधित उत्तर प्रदेश सरकारी सेवक ज्येष्ठता नियमावली, 1991 के अनुसार प्रस्तारित की जायेगी।

भाग—सात—वेतन इत्यादि

23—(1) वेतनमान—(1) विभिन्न श्रेणियों के पदों पर नियुक्त व्यक्तियों का अनुमन्य वेतनमान ऐसा होगा जैसा सरकार द्वारा समय-समय पर अवधारित किया जाय।

(2) इस नियमावली के प्रारम्भ के समय वेतनमान नीचे दिये गये हैं।

24—परिवीक्षा अवधि में वेतन—(1) फण्डामेन्टल रूल्स में किसी प्रतिकूल उपबन्ध के होते हुये भी, परिवीक्षाधीन व्यक्ति को, यदि वह पहले से स्थायी सरकारी सेवा में न हो, समयमान में उसकी प्रथम वेतन वृद्धि तभी दी जायेगी जब उसने एक वर्ष की संतोषजनक सेवा पूरी कर ली हो, और द्वितीय वेतन वृद्धि दो वर्ष की सेवा के पश्चात् तभी दी जायगी जब उसने परिवीक्षा अवधि सफलतापूर्वक पूरी कर ली हो और उसे स्थायी भी कर दिया गया हो :

परन्तु यदि संतोष प्रदान न कर सकने के कारण परिवीक्षा अवधि बढ़ायी जाय तो इस प्रकार बढ़ायी गयी अवधि की गणना वेतन वृद्धि के लिये नहीं की जायेगी जब तक कि नियुक्ति प्राधिकारी अन्यथा निर्देश न दें।

(2) ऐसे व्यक्ति का, जो पहले से सरकार के अधीन कोई पद धारण कर रहा हो, परिवीक्षा अवधि में वेतन मूलांगत फण्डामण्डल रूल्स द्वारा विनियमित होगा :

परन्तु यदि संतोष प्रदान न कर सकने के कारण परिवीक्षा अवधि बढ़ायी जाय तो इस प्रकार बढ़ायी गयी अवधि की गणना वेतन वृद्धि के लिये नहीं की जायगी जब तक कि नियुक्ति प्राधिकारी अन्यथा निर्देश न दें।

(3) ऐसे व्यक्ति का, जो पहले से स्थायी सरकारी सेवा में हो, परिवीक्षा अवधि में वेतन राज्य के कार्य-कलापों के सम्बन्ध में सेवारत सरकारी सेवकों पर सामान्यतया लागू सुसंगत नियमों द्वारा विनियमित होगा।

25— दक्षता रोक पार करने का मानदण्ड— (1) किसी व्यक्ति को दक्षता रोक पार करने की अनुमति नहीं दी जायेगी, जब तक कि :—

(1) उसका कार्य और आचरण संतोषजनक न पाया जाय और

(2) उसकी सत्यनिष्ठा प्रमाणित न कर दी जाय।

भाग—आठ—अन्य उपबन्ध

26—पक्ष समर्थन— किसी सेवा या पद के सम्बन्ध में लागू नियमों के अधीन अपेक्षित सिफारिश से भिन्न किसी सिफारिश पर, चाहे लिखित हो या मौखिक, विचार नहीं किया जायगा। किसी अभ्यर्थी की ओर से अपनी अभ्यर्थिता के लिये प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से समर्थन प्राप्त करने का कोई प्रयास उसे नियुक्ति के लिये अपहै कर देगा।

27— अन्य नियमों का विनियमन— उन विषयों के सम्बन्ध में, जो विनिर्दिष्ट रूप से इस नियमावली पर विशेष आदेशों के अन्तर्गत न आते हों, सेवा में नियुक्ति व्यक्ति राज्य के कार्य-कलापों के सम्बन्ध में सेवारत सरकारी सेवकों पर सामान्यता लागू नियमों, विनियमों और आदेशों द्वारा नियंत्रित होंगे।

28— सेवा की शर्तों में शिथिलता— यहाँ राज्य सरकार का यह समाधान हो जाय कि सेवा में नियुक्त व्यक्तियों की सेवा की शर्तों को विनियमित करने वाले किसी नियम के प्रवर्तन से किसी विशिष्ट मामलों में अनुचित कठिनाई होती है, वहाँ वह उस मामले में लागू नियमों में किसी बात के होते हुये भी, आदेश द्वारा उस नियम की अपेक्षाओं को उस सीमा तक और ऐसी शर्तों के अधीन रहते हुये, जिन्हें वह मामले में न्याय-संगत और सारपूर्ण रीति से कार्यवाही करने के लिये आवश्यक समझे, अभिमुक्त या शिथिलित कर सकती है :

परन्तु जहाँ कोई नियम आयोग के परामर्श से बनाया गया हो, वहां उस नियम की अपेक्षाओं से अभिमुक्ति देने या उसे शिथिल करने के पूर्व आयोग से परामर्श किया जायेगा।

29— व्यावृत्ति— इस नियमावली में किसी बात को कोई भलाव ऐसे आरक्षण और अन्य रियायतों पर नहीं पड़ेगा, जिनका इस सम्बन्ध में सरकार द्वारा समय-समय पर जारी किये गये आदेशों के अनुसार अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जन जातियों और अन्य विशेष श्रेणियों के व्यक्तियों के लिये उपबन्ध किया जाना अपेक्षित हो :

परिशिष्ट

[नियम 4 (2) और 23 (2) देखिये]

क्रम-संख्या	पद का नाम	वेतनमान	पदों की संख्या		
			स्थायी	अस्थायी	कुल
1	2	3	4	5	6
1	सहायक आयुक्त (प्रशिक्षण)	3000—100—3500—125—4500	1	—	1
2	प्रधानाचार्य (समूह "क")	3000—100—3500—125—4500	10	12	22
3	जिला प्रशिक्षण अधिकारी	2200—75—2800—द0रो0—100—4000	21	—	21
4	प्रसार प्रशिक्षण अधिकारी	2200—75—2800—द0रो0—100—400	64	54	115
	(पदों का विषयवार ब्योरा)				
	(एक) कृषि अभियांत्रिकी		15	7	22
	(दो) मृदा विज्ञान		6	—	6
	(तीन) सस्य विज्ञान		9	—	9
	(चार) पौध संरक्षण		12	—	12
	(पांच) उद्यान विभाग		7	5	12
	(छ.) पशु—पालन		11	11	22
	(सात) सस्य विज्ञान		4	4	8
	(आठ) सहकारिता और उद्योग सेवा व्यापार		—	6	6
	(नौ) महिला कल्याण		—	6	6
	(दस) लेखा		—	2	2
	(ग्यारह) प्रशिक्षण और शिक्षा		—	2	2
	(बारह) दृश्य श्रव्य सहायक		—	2	2
	(तेरह) उत्पादन		—	2	2
	(चौदह) सांख्यिकी		—	2	2
	(पन्द्रह) जन—स्वास्थ्य		—	2	2
		4 (एक) से पन्द्रह तक का योग—	64	51	115

आज्ञा से,

के0 आर0 नाटी,

सचिव।

टिप्पणी— राजपत्र, दिनांक 31—10—97, का भाग 1—क में प्रकाशित।

प्रतिलिपि सूचनार्थ प्रेषित—]

पी0एस0यू0पी0ए0पी0— 6 सा0 (ग्राम्य विकास)—25—11—92—3,000(मोनो)।

उत्तर प्रदेश सरकार
ग्राम्य विकास विभाग
अनुभाग–1
6 जुलाई, 1992 ई0

संख्या 4228 / 38–1––72–एम–87 संविधान के अनुच्छेद 309 के परन्तुक द्वारा प्रदत्त शक्ति का प्रयोग करके राज्यपाल उत्तर प्रदेश ग्राम्य विकास (प्रसार प्रशिक्षण योजना) अधीनस्थ सेवा नियमावली, 1987 में संशोधन करने की दृष्टि से निम्नलिखित नियमावली बनाते हैं।

उत्तर प्रदेश ग्राम्य विकास (प्रसार प्रशिक्षण योजना) अधीनस्थ सेवा (प्रथम संशोधन) नियमावली, 1992

1– संक्षिप्त नाम और प्रारम्भ (1) यह नियमावली उत्तर प्रदेश ग्राम्य विकास (प्रसार प्रशिक्षण योजना) अधीनस्थ सेवा (प्रथम संशोधन) नियमावली, 1992 कही जायगी।

(2) यह तुरन्त प्रवृत्त होगी।

2– नियम 3 का संशोधन— उत्तर प्रदेश ग्राम्य विकास (प्रसार प्रशिक्षण योजना) अधीनस्थ सेवा नियमावली, 1987 में, जिसे आगे उक्त नियमावली कहा गया है, नीचे स्तम्भ एक में दिये गये वर्तमान नियम 3 के खण्ड (घ) के स्थान पर स्तम्भ दो में दिया गया खण्ड रख दिया जायगा, अर्थात् :–

स्तम्भ–एक वर्तमान खण्ड	स्तम्भ–दो एतद्द्वारा प्रतिस्थापित खण्ड
(घ) "आयोग" का तात्पर्य उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग से है।	(ग) "आयोग का तात्पर्य" उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग से है।

3— नियम 5 का प्रतिस्थापन— उक्त नियमावली में, नीचे स्तम्भ एक में दिये गये नियम 5 के स्थान पर स्तम्भ दो में दिया गया नियम रख दिया जायगा, अर्थात्:–

स्तम्भ–एक वर्तमान नियम	स्तम्भ–दो एतद्द्वारा प्रतिस्थापित नियम
5–भर्ती का स्रोत—(1) ज्येष्ठ अनुदेशक—(भिन्न–भिन्न नियमों के लिये)—	5— भर्ती का स्रोत—(1) ज्येष्ठ अनुदेशक (भिन्न–भिन्न विषयों के लिये)।
(एक) 25 प्रतिशत पद अपने–अपने विषय के ऐसे स्थायी अनुदेशकों, क्षेत्रीय सहायक (पुरुष), क्षेत्रीय सहायक (महिला), अनुदेशक (अधिदर्शक), अनुदेशक (सार्वजनिक स्वास्थ्य) और ऐसे यान्त्रिकों (जो अभियांत्रिकी में तीन वर्ष की डिप्लोमा रखते हों) में से जिन्होंने प्रशिक्षण योजना में कम से कम 10 वर्ष की निरन्तर सेवा की हो, आयोग के माध्यम से पदोन्नति द्वारा।	(एक) 25 प्रतिशत पद अपने–अपने विषय के मौलिक रूप से नियुक्त ऐसे अनुदेशकों, क्षेत्रीय सहायक(पुरुष), क्षेत्रीय सहायक (महिला), अनुदेशक (अधिदर्शक), अनुदेशक (सार्वजनिक स्वास्थ्य) और ऐसे यान्त्रिकों (जो अभियांत्रिकी में तीन वर्ष की डिप्लोमा रखते हों) में से जिन्होंने प्रशिक्षण योजना में कम से कम 10 वर्ष की निरन्तर सेवा की हो, आयोग के माध्यम से पदोन्नति द्वारा।
(दो) 75 प्रतिशत पद आयोग के माध्यम से सीधी भर्ती द्वारा।	(दो) 75 प्रतिशत पद आयोग के माध्यम से सीधी भर्ती द्वारा।
(2) अनुदेशक (अधिदर्शक)— विभागीय चयन समिति के माध्यम से सीधी भर्ती द्वारा।	(2) अनुदेशक (अधिदर्शक)— विभागीय चयन समिति के माध्यम से सीधी भर्ती द्वारा।
(3) यांत्रिक (उच्च श्रेणी)— विभागीय चयन समिति के माध्यम से सीधी भर्ती द्वारा।	(3) यांत्रिक (उच्च श्रेणी)— विभागीय चयन समिति के माध्यम से सीधी भर्ती द्वारा।
(4) अनुदेशक– (एक) 20 प्रतिशत पद ऐसे स्थायी पदधारियों में से जिन्होंने प्रसार सहायक या प्रसार सहायक पुस्तकालयाध्यक्ष या दुग्धशाला	(4) अनुदेशक– (एक) 20 प्रतिशत पद ऐसे स्थायी पदधारियों में से जिन्होंने प्रसार सहायक या प्रसार सहायक पुस्तकालयाध्यक्ष या दुग्धशाला पर्यवेक्षक,

स्तम्भ–एक
वर्तमान नियम

पर्यवेक्षक या प्रौढ़ साक्षरता आयोजक या लेखाकार के पद पर कम से कम 15 वर्ष की निरन्तर सेवा की हो, एक विभागीय चयन समिति के माध्यम से पदोन्नति द्वारा।

(दो) 30 प्रतिशत पद ऐसे स्थायी पदधारियों में से जिन्होंने मशीनमैन या यांत्रिक (निम्न श्रेणी) या हस्तकला प्रशिक्षण, अनुदेशक (मैनुअल ट्रेनिंग इंस्ट्रक्टर) या मलाईगर (टेलर), बढ़ई या लोहार के पद पर 15 वर्ष की निरन्तर सेवा की हो एक विभागीय चयन समिति के माध्यम से पदोन्नति द्वारा।

(तीन) 30 प्रतिशत पद ऐसे स्थायी पदधारियों में से, जिन्होंने प्रशिक्षण योजना में ग्राम्य विकास अधिकारी (प्रदर्शक) पुरुष या महिला के पद पर कम से कम 15 वर्ष की निरन्तर सेवा की हो और प्रशिक्षण योजना में बने रहने का विकल्प दिया हो, एक विभागीय चयन समिति के माध्यम से पदोन्नति द्वारा।

(चार) 20 प्रतिशत पर विभागीय चयन समिति के माध्यम से सीधी भर्ती द्वारा।

(5) अनुदेशक (सार्वजनिक स्वास्थ्य)– विभागीय चयन समिति के माध्यम से सीधी भर्ती द्वारा।

(दो) 50 प्रतिशत प मौलिक रूप से नियुक्त ग्राम विकास अधिकारी (मल्य प्रदर्शक) में से, जिन्होंने भर्ती के वर्ष के प्रथम दिवस को इस रूप में पाँच वर्ष की सेवा पूरी कर ली हो और माध्यमिक शिक्षा परिषद्, उत्तर प्रदेश की इण्टरमीडिएट विज्ञान परीक्षा या सरकार द्वारा उसके समकक्ष मान्यता प्राप्त कोई परीक्षा उत्तीर्ण की हो और जिनके पास सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त सफाई निरीक्षक प्रमाण –पत्र भी हो, पदोन्नति द्वारा।

परन्तु यदि पदोन्नति के लिये उपयुक्त पात्र अभ्यर्थी उपलब्ध न हो तो रिक्तियां सीधी भर्ती द्वारा भरी जा सकती है।

(6) क्षेत्रीय सहायता (पुरुष)–

(एक) 30 प्रतिशत पद मौलिक रूप से नियुक्त ग्राम्य विकास अधिकारी (प्रदर्शक) (पुरुष) में से– (एक) जिन्होंने प्रशिक्षण योजना में कम से कम 15 वर्ष की निरन्तर सेवा की हो, और प्रशिक्षण योजना में बने रहने का विकल्प दिया हो या (दो) जो कृषि की किसी शाखा में परियोजना अधिकारी हों और जिन्होंने प्रशिक्षण योजना में कम से कम पाँच वर्ष की निरन्तर सेवा की हो एक विभागी चयन समिति के माध्यम से पदोन्नति द्वारा।

(दो) 70 प्रतिशत पद चयन समिति के माध्यम से सीधी भर्ती द्वारा।

(7) क्षेत्रीय सहायक (महिला)– 470–785 रूपये के वेतनमान में।

एतद्द्वारा प्रतिस्थापित नियम

प्रौढ साक्षरता आयोजक और कलाकार में से जिन्होंने भर्ती के वर्ष के प्रथम दिवस को इस रूप में पन्द्रह वर्ष की सेवा पूरी कर ली हो, पदोन्नति द्वारा।

(दो) 30 प्रतिशत पद मौलिक रूप से नियुक्त मशीनमैन या यांत्रिक (निम्न श्रेणी) या हस्तकला प्रशिक्षण, अनुदेशक (मैनुअल ट्रेनिंग इंस्ट्रक्टर) या मलाईगर (टेलर), बढ़ई या लोहार में से जिन्होंने भर्ती के वर्ष के प्रथम दिवस की उक्त पदों पर इस रूप में पन्द्रह वर्ष की सेवा पूरी कर ली हो, पदोन्नति द्वारा।

(तीन) 30 प्रतिशत पद मौलिक रूप से नियुक्त ग्राम्य विकास अधिकारी (प्रदर्शक) पुरुष या महिला में से, जिन्होंने प्रशिक्षण योजना के प्रथम दिवस को इस रूप में पन्द्रह वर्ष की सेवा पूरी कर ली हो और जिन्होंने प्रशिक्षण योजना में बने रहने का विकल्प दिया हो, पदोन्नति द्वारा।

(चार) 20 प्रतिशत पर विभागीय चयन समिति के माध्यम से सीधी भर्ती द्वारा।

(5) अनुदेशक (सार्वजनिक स्वास्थ्य)।

(एक) 50 प्रतिशत पद चयन समिति के माध्यम से सीधी भर्ती द्वारा।

(दो) 50 प्रतिशत प मौलिक रूप से नियुक्त ग्राम विकास अधिकारी (मल्य प्रदर्शक) में से, जिन्होंने भर्ती के वर्ष के प्रथम दिवस को इस रूप में पाँच वर्ष की सेवा पूरी कर ली हो और माध्यमिक शिक्षा परिषद्, उत्तर प्रदेश की इण्टरमीडिएट विज्ञान परीक्षा या सरकार द्वारा उसके समकक्ष मान्यता प्राप्त कोई परीक्षा उत्तीर्ण की हो और जिनके पास सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त सफाई निरीक्षक प्रमाण –पत्र भी हो, पदोन्नति द्वारा।

परन्तु यदि पदोन्नति के लिये उपयुक्त पात्र अभ्यर्थी उपलब्ध न हो तो रिक्तियां सीधी भर्ती द्वारा भरी जा सकती है।

(6) क्षेत्रीय सहायता (पुरुष)–

(एक) 30 प्रतिशत पद मौलिक रूप से नियुक्त ग्राम्य विकास अधिकारी (प्रदर्शक) (पुरुष) में से– (एक) जिन्होंने भर्ती के वर्ष के प्रथम दिवस को इस रूप में पन्द्रह वर्ष की सेवा पूरी कर ली हो, और जिन्होंने प्रशिक्षण योजना में बने रहने का विकल्प दिया हो पदोन्नति द्वारा।

जिन्होंने प्रशिक्षण एक विभागी चयन समिति द्वारा पांच वर्ष का समय पूरा कर लिया हो, पदोन्नति द्वारा।

(दो) 70 प्रतिशत पद चयन समिति के माध्यम से सीधी भर्ती द्वारा।

(7) क्षेत्रीय सहायक (महिला)– 470–785 रूपये के वेतनमान में।

स्तम्भ–एक वर्तमान नियम	स्तम्भ–दो एतद्द्वारा प्रतिस्थापित नियम
(एक) 30 प्रतिशत पद ऐसे स्थायी ग्राम्य विकास अधिकारी (प्रदर्शक) (महिला) में से—(एक) जिन्होंने प्रशिक्षण योजना में 15 वर्ष की निरन्तर सेवा की हो, और प्रशिक्षण योजना में बने रहने का विकल्प दिया हो। या (दो) जो गृह विज्ञान या गृह अर्थशास्त्र या पोषणाहार (न्यूट्रिशन) या आहार (फूड) में स्नातक की उपाधि रखती हों जिन्होंने प्रशिक्षण योजना में 5 वर्ष की निरन्तर सेवा की हो। और जिन्होंने प्रशिक्षण योजना में बने रहने का विकल्प दिया हो, पदोन्नति। (दो) 70 प्रतिशत पद चयन समिति के माध्यम से सीधी भर्ती द्वारा। (3) समूह "ग" के अन्य सभी पद और समूह "घ" के समस्त पद विभागीय चयन समिति के माध्यम से सीधी भर्ती द्वारा।	(एक) 30 प्रतिशत पद ऐसे स्थायी ग्राम्य विकास अधिकारी (प्रदर्शक) (महिला) में से—(एक) जिन्होंने प्रशिक्षण योजना में 15 वर्ष की निरन्तर सेवा की हो, और प्रशिक्षण योजना में बने रहने का विकल्प दिया हो। या (दो) जो गृह विज्ञान या गृह अर्थशास्त्र या पोषणाहार (न्यूट्रिशन) या आहार (फूड) में स्नातक की उपाधि रखती हों जिन्होंने प्रशिक्षण योजना में 5 वर्ष की निरन्तर सेवा की हो। और जिन्होंने प्रशिक्षण योजना में बने रहने का विकल्प दिया हो, पदोन्नति। (दो) 70 प्रतिशत पद चयन समिति के माध्यम से सीधी भर्ती द्वारा। (3) समूह "ग" के अन्य सभी पद और समूह "घ" के समस्त पद विभागीय चयन समिति के माध्यम से सीधी भर्ती द्वारा।

4— नियम का संशोधन— उक्त नियमावली में, नीचे स्तम्भ– एक में दिये गये नियम 10 के स्थान पर स्तम्भ–दो दिया गया नियम रख दिया जायगा, अर्थात् :–

स्तम्भ–एक

वर्तमान नियम

10— आयु— सीधी भर्ती के लिये अभ्यर्थी की आयु जिस वर्ष भर्ती की जानी हो, उस वर्ष की पहली जनवरी को, यदि पद पहली जनवरी से 30 जून तक की अवधि में विज्ञापित किया जाये और पहली जुलाई को, यदि पहली जुलाई से 31 दिसम्बर की अवधि में विज्ञापित किये जायें, 21 वर्ष की होनी चाहिये और 30 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिये :

क्रम–संख्या	पद का नाम	न्यूनतम आयु	अधिकतम आयु
1	2	3	4
1	ज्येष्ठ अनुवेशक (भिन्न–भिन्न विषयों के लिये)	21 वर्ष	32 वर्ष
2	अनुवेशक (अधिदर्शक)	तदैव	तदैव
3	यांत्रिक (उच्च श्रेणी)	तदैव	तदैव
4	अनुवेशक (सार्वजनिक स्वास्थ्य)	तदैव	तदैव
5	अनुवेशक	तदैव	तदैव
6	क्षेत्रीय सहायक (पुरुष)	तदैव	तदैव
7	क्षेत्रीय सहायक (महिला)	तदैव	तदैव
8	प्रचार सहायक एवं प्रोजेक्ट आपरेटर	तदैव	तदैव
9	दुग्धशाली पर्यवेक्षक	तदैव	तदैव
10	प्रौढ़–साक्षरता आयोजकर्ता	तदैव	तदैव
11	कलाकार	तदैव	तदैव
12	प्रूफ रीडर	तदैव	तदैव
13	कम्प्यूटर	तदैव	तदैव

स्तम्भ–दो

एतद्द्वारा प्रतिस्थापित नियम

10— आयु— सीधी भर्ती के लिये आवश्यक है कि अभ्यर्थी ने, उस कैलेण्डर वर्ष की पहली जुलाई को, जिसमें रिक्तस्थिति, पद विज्ञापित या अनुसूचित किया जाय, नीचे पद के प्रति स्तम्भ (3) में प्रदर्शित आयु प्राप्त कर ली हो स्तम्भ (4) में प्रदर्शित आयु से अधिक आयु में प्राप्त की हो

क्रम–संख्या	पद का नाम	न्यूनतम आयु	अधिकतम आयु
1	2	3	4
1	ज्येष्ठ अनुवेशक (भिन्न–भिन्न विषयों के लिये)	21 वर्ष	32 वर्ष
2	अनुवेशक (अधिदर्शक)	तदैव	तदैव
3	यांत्रिक (उच्च श्रेणी)	तदैव	तदैव
4	अनुवेशक (सार्वजनिक स्वास्थ्य)	तदैव	तदैव
5	अनुवेशक	तदैव	तदैव
6	क्षेत्रीय सहायक (पुरुष)	तदैव	तदैव
7	क्षेत्रीय सहायक (महिला)	तदैव	तदैव
8	प्रचार सहायक एवं प्रोजेक्ट आपरेटर	तदैव	तदैव
9	दुग्धशाली पर्यवेक्षक	तदैव	तदैव
10	प्रौढ़–साक्षरता आयोजकर्ता	तदैव	तदैव
11	कलाकार	तदैव	तदैव
12	प्रूफ रीडर	तदैव	तदैव
13	कम्प्यूटर	तदैव	तदैव

स्तम्भ– एक वर्तमान नियम	स्तम्भ–दो एतद्द्वारा प्रतिस्थापित नियम

1	2	3	4
14	वितरक एवं लिपिक	21 वर्ष	32 वर्ष
15	मशीनमैन	तदैव	तदैव
16	यांत्रिक (निम्न श्रेणी)	तदैव	तदैव
17	हस्तकला प्रशिक्षण अनुदेशक (मैनुअल ट्रेनिंग इंस्ट्रक्टर)	तदैव	तदैव
18	झलाईगर (वैल्डर)	तदैव	तदैव
19	बढ़ई	तदैव	तदैव
20	लोहार	तदैव	तदैव

स्तम्भ– एक (वर्तमान नियम):

परन्तु अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जन–जातियों और ऐसी अन्य श्रेणियों के, जो सरकार द्वारा समय–समय पर अधिसूचित की जाय, अभ्यर्थियों की स्थिति में उच्चतर आयु सीमा उतने वर्ष अधिक होगी, जितनी विनिर्दिष्ट की जाय।

स्तम्भ–दो (एतद्द्वारा प्रतिस्थापित नियम):

परन्तु अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जन–जातियों और ऐसी अन्य श्रेणियों के, जो सरकार द्वारा समय–समय पर अधिसूचित की जाय, अभ्यर्थियों की स्थिति में उच्चतर आयु सीमा उतने वर्ष अधिक होगी, जितनी विनिर्दिष्ट की जाय।

5— नियम 14 का प्रतिस्थापन उक्त नियमावली में, नीचे स्तम्भ–एक में दिये गये वर्तमान नियम 14 के स्थान पर स्तम्भ दो में दिया गया नियम रख दिया जाएगा, अर्थात् :–

स्तम्भ– एक
वर्तमान–नियम

14— रिक्तियों का अवधारण— नियुक्ति प्राधिकारी वर्ष के दौरान भरी जाने वाली रिक्तियों की संख्या और नियम 6 के अधीन अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जन–जातियों और अन्य श्रेणियों के अभ्यर्थियों के लिये आरक्षित की जाने वाली रिक्तियों की संख्या भी अवधारित करेगा। आयोग के माध्यम से भरा जाने वाली रिक्तियों की सूचना आयोग को दी जायगी और अन्य प्रकार से सीधी भर्ती द्वारा भरी जाने वाली रिक्तियों की सूचना तत्समय प्रवृत्त नियमों और आदेशों के अनुसार सेवायोजन कार्यालय को दी जायेगी।

स्तम्भ–दो
एतद्द्वारा प्रतिस्थापित नियम

14— रिक्तियों का अवधारण— नियुक्ति प्राधिकारी वर्ष के दौरान भरी जाने वाली रिक्तियों की संख्या और नियम 6 के अधीन, अनुसूचित जातियों अनुसूचित जनजातियों और अन्य श्रेणियों के अभ्यर्थियों के लिये आरक्षित की जाने वाली रिक्तियों की संख्या भी अवधारित करेगा। आयोग के माध्यम से भरी जाने वाली रिक्तियां सेवायोजन कार्यालय को अधिसूचित की जायेंगी। नियुक्ति प्राधिकारी उन व्यक्तियों से, जिन्होंने अपने नाम सेवायोजन कार्यालय में रजिस्ट्रीकृत कराये हों, सीधे भी आवेदन–पत्र आमंत्रित कर सकता है। इस प्रयोजन के लिये नियुक्ति प्राधिकारी सूचना पट्ट में नोटिस चिपकाने के साथ–साथ किसी स्थानीय दैनिक समाचार–पत्र में एक विज्ञापन जारी करेगा। ऐसे समस्त आवेदन पत्रों को चयन समिति के समक्ष प्रस्तुत किया जायगा।

6— नियम 15 का संशोधन— उक्त नियमावली में नीचे स्तम्भ–एक में दिये गये नियम 15 के उपनियम (1) के स्थान पर स्तम्भ–दो में दिया गया उपनियम रख दिया जायगा, अर्थात् :–

स्तम्भ– एक
वर्तमान उपनियम

15— आयोग के माध्यम से सीधी भर्ती की प्रक्रिया—
(1) ज्येष्ठ अनुदेशक के पद पर सीधी भर्ती के लिये चयन के लिये विचारार्थ आयोग द्वारा विहित रीति से आमंत्रित किये जायेंगे।

स्तम्भ–दो
(एतद्द्वारा प्रतिस्थापित उपनियम)

15— आयोग के माध्यम से सीधी भर्ती की प्रक्रिया— (1) चयन के लिये विचारार्थ आवेदन–पत्र आयोग द्वारा जारी विज्ञापन में प्रकाशित विहित रीति से आमंत्रित किये जायेंगे।

7— नियम 16 का संशोधन— उक्त नियमावली में नियम 16 में—

(क) नीचे स्तम्भ – एक में दिये गये उपनियम (1) के स्थान पर स्तम्भ – दो में दिया गया उपनियम रख दिया जायगा अर्थात् :–

स्तम्भ–एक वर्तमान–उपनियम	स्तम्भ–दो एतद्द्वारा प्रतिस्थापित उपनियम
16— अनुवेशक (अधिदर्शक, यांत्रिक उच्च श्रेणी), अनुवेशक, अनुवेशक (सार्वजनिक स्वास्थ्य) और क्षेत्रीय सहायक (पुरुष) क्षेत्रीय सहायक (महिला) के पदों पर भर्ती के प्रयोजनार्थ एक चयन समिति का गठन किया जायगा जिसमें निम्नलिखित होंगे:– (एक) अपर आयुक्त (प्रथम), (दो) उपआयुक्त (प्रशिक्षण) या उसकी अनुपस्थिति में सहायक आयुक्त (प्रशिक्षण), (तीन) मुख्यालय पर समूह–क की श्रेणी का एक अधिकारी, जो नियुक्ति अधिकारी द्वारा नाम निर्दिष्ट किया जावेगा, (चार) सरकारी विभाग का नियुक्ति प्राधिकारी द्वारा नाम निर्दिष्ट प्रतिविधिक सदस्य (विषय–वस्तुविशेषक), जो सम्बद्ध विभाग के मुख्यालय पर कार्यरत समूह–क की श्रेणी का अधिकारी होगा।	16— चयन समिति के माध्यम से सीधी भर्ती की प्रक्रिया—(1) सीधी भर्ती के प्रयोजन के लिए एक चयन समिति का गठन निम्न प्रकार किया जायगा। (क) नियुक्ति अधिकारी या उसके द्वारा नाम निर्दिष्ट व्यक्ति ; (ख) यदि नियुक्ति प्राधिकारी या उसके द्वारा नाम निर्दिष्ट व्यक्ति अनुसूचित जाति या अनुसूचित जनजाति का न हो तो जिला मजिस्ट्रेट द्वारा नाम निर्दिष्ट अनुसूचित जाति या अनुसूचित जनजाति का एक अधिकारी यदि नियुक्ति प्राधिकारी या उसके द्वारा नाम निर्दिष्ट व्यक्ति अनुसूचित जाति या अनुसूचित जन–जाति का हो तो जिला मजिस्ट्रेट द्वारा नाम निर्दिष्ट अनुसूचित जाति या अनुसूचित जन–जाति से भिन्न एक अधिकारी , (ग) नियुक्ति प्राधिकारी द्वारा नाम निर्दिष्ट दो अधिकारी जिनमें से एक अल्पसंख्यक समुदाय का और दूसरा पिछड़े वर्ग का होगा। यदि ऐसे उपयुक्त अधिकारी उसके विभाग या संगठन में उपलब्ध न हो तो ऐसे उपयुक्त अधिकारी नियुक्ति प्राधिकारी के अनुरोध पर जिला मजिस्ट्रेट नाम–निर्दिष्ट किये जायेंगे और उपयुक्त अधिकारियों की अनुपलब्धता के कारण उसके ऐसा करने में विफल रहने पर ऐसे अधिकारी मंडल आयुक्त द्वारा नाम निर्दिष्ट किये जायेंगे। (घ) अनुवेशक, अनुवेशक (सार्वजनिक स्वास्थ्य), क्षेत्रीय सहायक (पुरुष) और क्षेत्रीय सहायक (महिला) के पदों के संबंध में नियुक्ति प्राधिकारी द्वारा नाम–निर्दिष्ट सरकारी विभाग का प्रतिविधिक सदस्य (विषय वस्तु विशेषज्ञ) जो मुख्यालय पर कार्यरत समूह 'क' श्रेणी का अधिकारी होगा।

(ख) उपनियम (2) निकाल दिया जायगा।

8— नियम 17 का कनकाला जाना— उक्त नियमावली में नियम 17 निकाल दिया जायगा।

9— नियम 18 का संशोधन— उक्त नियमावली में, नीचे स्तम्भ–एक में दिये गये नियम 18 के उपनियम (1) और (2) के स्थान पर स्तम्भ–दो में दिये गये उपनियम रख दिये जायेंगे। अर्थात् :–

स्तम्भ–एक वर्तमान उपनियम	स्तम्भ–दो एतद्द्वारा प्रतिस्थापित उपनियम
18— विभागीय चयन समिति के माध्यम से पदोन्नति द्वारा भर्ती की प्रक्रिया—(1) नियम 17 के अन्तर्गत न आने वाले पदों	18— पदोन्नति द्वारा भर्ती की प्रक्रिया—(1) पदोन्नति द्वारा भर्ती अनुपयुक्त को अस्वीकार करते हुए ज्येष्ठता के आधार पर चयन समिति के

स्तम्भ–एक वर्तमान उपनियम	स्तम्भ–दो एतद्द्वारा प्रतिस्थापित उपनियम
ग्राम्य विकास विभाग में संचालित योजनाओं के प्रभावी कियान्वयन हेतु सम्पादित कार्यो के निरीक्षण/ भौतिक सत्यापन हेतु मुख्यालय स्तर से अपर आयुक्त, संयुक्त विकास आयुक्त, उपायुक्त(प्रशासन/कार्यक्रम/परियोजना), सहायक आयुक्त, जनपद स्तर से मुख्य विकास अधिकारी, जिला विकास अधिकारी एवं परियोजना निदेशक डी.आर.डी.ए. विकास खण्ड स्तर पर प्रत्येक खण्ड विकास अधिकारी एवं प्रत्येक सहायक खण्ड विकास अधिकारी द्वारा प्रतिमाह निरीक्षण/भौतिक सत्यापन करने हेतु आयुक्त ग्राम्य विकास, उत्तराखण्ड पौड़ी के पत्र सं0 2135/दिनांक 17.1.2017 द्वारा रोस्टर जारी किया गया है।

शासन के निर्देशों के कम में ग्राम विकास अधिकारियों की अपने क्षेत्रों में उपस्थिति सुनिश्चित कराने हेतु दिवसवार रोस्टर जारी किया गया है जिसके अर्न्तगत पर्वतीय क्षेत्रों में ग्राम विकास अधिकारी को 15 दिन में एक बार तथा मैदानी क्षेत्रों में सप्ताह में एक बार अपने से सम्बंधित गांव में अनिवार्य रूप से भ्रमण करना होगा।

महात्मा गॉधी नरेगा– ग्रामीणों को रोजगार के साथ स्वरोजगार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से आजीविका पैकेज मॉडल प्रारम्भ किया गया है जिसमें एक से अधिक आजीविकापरक संसाधन एक परिवार को उपलब्ध कराये जा रहे हैं एवं विभागों के साथ केन्द्राभिसरण कर इन्हीं परिवारों को उनके द्वारा अनुमन्य लाभ उपलब्ध कराये जा रहे हैं। उदाहरण के लिए– आजीविका पैकेज में जिस परिवार को महात्मा गांधी नरेगा से पोल्ट्री शेड उपलब्ध कराया जा रहा है तो उसी परिवार को पशुपालन विभाग द्वारा चूजे उपलब्ध कराये जा रहे हैं। वैज्ञानिक पद्धति से परम्परागत जल स्रोतों के संवर्द्धन हेतु स्रोत संवर्द्धन योजना प्रारम्भ की गयी है।

दीनदयाल अन्त्योदय योजना–राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन– कार्मिकों के ससमय उपस्थिति हेतु बायोमेट्रिक डिवाइस लगायी गई है। समूहों सदस्यों के साथ ही राज्य की जनता कि समस्यों के समाधान एंव मिशन के प्राप्ति जागरूकता हेतु टोल फी नंबर जारी किया गया है। विभाग द्वारा किये जा रहे हैं कार्यो का सोशल मीडिया के माध्यम से प्रचार प्रसार किया जा रहा है।

वाईब्रेन्ट विलेज कार्यकम– वाइब्रेन्ट विलेज प्रोग्राम का उद्‌देश्य उत्तरी सीमा पर राज्य क्षेत्र में चिन्हित गांवों का व्यापक विकास करना है, ताकि वहाँ रहने वाले लोगों के जीवन स्तर में सुधार लाया जा सके जिससे उन्हें अपने मूल स्थानों पर रहने के लिये प्रोत्साहित किया जा सके और सीमा सुरक्षा में सुधार हेतु इन गांवों से पलायन को रोका जा सके। योजना के अन्तर्गत उत्तराखण्ड राज्य में जनपद उत्तरकाशी में भटवाड़ी विकासखण्ड के 10 ग्रामों, जनपद चमोली के विकासखण्ड जोशीमठ में 14 ग्रामों तथा पिथौरागढ के विकासखण्ड मुन्स्यारी के 8 ग्रामों, विकासखण्ड धारचूला के 17 ग्रामों तथा विकासखण्ड कनालीछीना के 2 ग्रामों को मिलाकर राज्य के कुल 51 ग्रामों का चयन किया गया है। इसी प्रकार वी0वी0पी0–II के अंतर्गत जनपद चम्पावत के 11 ग्रामों, उ0सि0नगर के 05 ग्रामों पिथौरागढ़ के 24 ग्रामों को सम्मिलित किया गया है। इस प्रकार भारत सरकार द्वारा राज्य के कुल 91 ग्रामों का चयन वाईब्रेंट विलेज कार्यकम के अंतर्गत किया गया है।

प्रधानमंत्री आवास योजना(ग्रामीण)– राज्य सरकार की ओर से मा0 मुख्यमंत्री घोषणा के तहत प्रति आवास रू0 6000/– की अतिरिक्त सहायता धनराशि किचन बर्तन खरीद हेतु दी जा रही है।

हाउस ऑफ हिमालयाज– मा0 प्रधानमंत्री जी द्वारा 2 करोड़ लखपति दीदीयों को केन्द्र में रखकर उत्तराखण्ड के लिए Invester Summit के दौरान House of Himalayas ब्रांड का लोकार्पण किया गया। वर्तमान में ब्राण्ड द्वारा उत्तराखण्ड के उच्च गुणवत्ता के 27 उत्पादों को प्रसंस्कृत करते हुए मुख्यतः E-Commerce, Modern Trade, Q-Commerce, Institution एवं Website के द्वारा इन उत्पादों को राष्ट्रीय एवं वैश्विक स्तर पर Promote किया जा रहा है।

इन्दिरा अम्मा भोजनालय– समाज के गरीब एवं जरूरत मंद वर्ग को पौष्टिक एवं सस्ता भोजन उपलब्ध कराये जाने के उद्‌देश्य से उत्तराखण्ड राज्य में सस्ते भोजन की कैंटीन की व्यवस्था प्रत्येक जनपद के मुख्यालय में "इन्दिरा अम्मा भोजनालय" के नाम से की गयी हैं। राज्य के समस्त तेरह जनपदों में 21 कैंटीन महिला स्वयं सहायता समूहों द्वारा संचालित की जा रही हैं। शहरी निकायों के क्षेत्रों में राष्ट्रीय शहरी मिशन(छन्स्ड) के अर्न्तगत आने वाले स्वयं सहायता समूह भी इन्दिरा अम्मा कैंटीन के संचालन हेतु पात्र हो सकते हैं, इन्हें ग्राम्य विकास विभाग द्वारा अनुदान दिया जा रहा है।

ग्राम्य विकास एवं पलायन निवारण आयोग– राज्य में हो रहे पलायन की रोकथाम एवं ग्रामीण अंचलों में बेहतर आधारभूत सुविधाऐं उपलब्ध कराये जाने हेतु "**ग्राम्य विकास एवं पलायन निवारण आयोग**" का गठन किया गया है।

मुख्यमंत्री उद्यमशाला योजना की स्थापना (आर.बी.आई.)– ग्रामीण क्षेत्रों में उद्यमिता, व्यवसाय तथा आजीविका सम्बंधी क्षेत्रों में ग्रामीण क्षेत्र में गठित समूहों के सूक्ष्म उद्यम/ Startups को बढावा देकर उनके रोजगार एवं स्वरोजगार हेतु वातावरण तैयार करने हेतु योजना प्रारम्भ की गई है।

मुख्यमंत्री सीमांत क्षेत्र विकास योजना(एम.बी.ए.डी.पी.)– पर्वतीय क्षेत्रों से हो रहे पलायन को रोकने तथा वहां पर रोजगार के अवसर पैदा किये जाने के उद्देश्य से योजना प्रारम्भ की गयी है।

मुख्यमंत्री पलायन रोकथाम योजना– योजना का मुख्य उद्देश्य चिन्हित 50प्रतिशत तक पलायन प्रभावित गांवों में आवासित परिवारों/बेरोजगार युवाओं/रिवर्स माइग्रेन्ट्स आदि को स्वरोजगार उपलब्ध कराने हेतु वर्तमान में कियान्वित विभिन्न विभागीय योजनाओं विशेष कर कृषि, उद्यान तथा पशुपालन एवं अन्य विभागों की स्वरोजगार परक/कौशल विकास की योजनाओं के प्रभावी कियान्वयन के साथ–साथ ऐसे gap जो वर्तमान में संचालित योजनाओं से आच्छादित नही हो पा रहे हों अथवा योजनाओं में वित्तीय कमी या अन्य कारणों से स्वरोजगार परक आजीविका संवर्धन संबंधी कार्यो के कियान्वयन में व्यवधान हो रहा हो तो, ऐसे समस्त प्रकार के कार्यो को विभिन्न विभागों के माध्यम से इस योजना के तहत आच्छादित किया जाना है।

उत्तराखण्ड ग्राम्य विकास एवं पंचायतीराज संस्थान– आजीविका संवर्धन के अन्तर्गत प्रदर्शन के तौर पर संस्थान में उद्यान विभाग के सहयोग से बेमौसमी सब्जी की खेती उत्पादन हेतु एक पौली हाऊस का निर्माण कराया गया है जिससे संस्थान में आने वाले प्रतिभागी, एस0एच0जी0 महिलाऐं, किसान, उद्यमी तथा अन्य लाभार्थी को इसका लाभ मिल सके। ग्रामीणों के समग्र उत्थान हेतु संस्थान में उपलब्ध भूमि पर ग्रामीण प्रौद्योगिकी पार्क (Rural Technology Park) का निर्माण किया जाना प्रस्तावित है।

4. गत वर्ष की परफोरमेंस की समीक्षा

वित्तीय वर्ष 2024–25 हेतु विभागीय समस्त केन्द्रपोषित, राज्य पोषित, जिला सेक्टर एवं बाहय सहायतित योजनाओं एवं अधिष्ठान मद सहित कुल रू0 3296.61 करोड़ का बजट प्राविधान किया गया है।

- महात्मा गॉधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारन्टी योजना– वित्तीय वर्ष 2024–25 हेतु ₹ 38696.32 लाख की बजट व्यवस्था थी। गत अवशेष एवं वित्तीय वर्ष में प्राप्त केन्द्रांश एवं राज्यांश सहित कुल उपलब्ध धनराशि ₹ 70758.68 लाख के सापेक्ष मार्च, 2025 तक ₹ 68141.64 लाख व्यय किया किया गया। भौतिक उपलब्धि में मार्च, 2025 तक 190.02 लाख मानव दिवस सृजित किये गये जिसमें 29.89 लाख अनुजाति, 10.50 लाख अनुसूचित जनजाति के तथा 105.84 लाख मानव दिवस महिलाओं के सृजित किये गये। योजना अन्तर्गत वित्तीय वर्ष में कुल 85827 कार्य पूर्ण कराये गये।

  वर्ष 2025–26 में इस योजना हेतु ₹ 34400.13 लाख (₹ तीन सौ चवालीस करोड़ तेरह हजार मात्र) जिसमें प्रशासनिक मद हेतु ₹ 3000.02 लाख, सी0एफ0पी0 हेतु ₹ 210.02 लाख तथा यू0एन0एन0ए0 टी0आई0 हेतु ₹ 0.03 लाख राज्य सैक्टर से बजट व्यवस्था की गयी है, बजट व्यवस्था में ₹ 7505.02 लाख (₹ पिचहत्तर करोड़ पॉच लाख दो हजार मात्र) अनुसूचित जाति हेतु तथा ₹ 1185.02 लाख (₹ ग्यारह करोड़ पिचासी लाख दो हजार मात्र) जनजाति के कल्याण हेतु मात्राकृत है।

- आजीविका (डे–एन.आर.एल.एम.)– वित्तीय वर्ष 2024–25 हेतु ₹ 21026.34 लाख की बजट व्यवस्था यू0एस0आर0एल0एम0 हेतु स्वीकृत है। कुल उपलब्ध धनराशि ₹ 17306.38 लाख के सापेक्ष माह मार्च, 2025 तक ₹ 13421.46 लाख व्यय किये गये हैं। वर्ष 2014 से वर्तमान तक 68852 स्वयं सहायता समूहों के 501113 सदस्यों के द्वारा विभिन्न आय सृजक गतिविधियों का संचालन किया जा रहा है जिसमें पशुपालन आधारित गतिविधियों में 3490 समूहों के 29157 सदस्यों (डेयरी, बकरी पालन, मुर्गी पालन, मत्स्य पालन आदि), कृषि आधारित गतिविधियों में 45670 समूहों के 3.55 लाख सदस्यों (सब्जी उत्पादन, पारम्परिक फसलें, मसाला, नर्सरी, कैप एवं मैप फसल आदि) तथा 764 समूहों के 5150 सदस्यों द्वारा गैर कृषि कार्यो का संचालन किया जा रहा है।
- फार्म लाइवलिहुड– इसके अलावा यू0एस0आर0एल0एम0 द्वारा फार्म आधारित योजना के अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2020–21 से फार्म लाइवलिहुड के अन्तर्गत 95 विकासखण्डों में 406356 महिला किसानों का चयन कर क्षमता विकास कर उनकी आजीविका में वृद्वि की जा रही है।
- एस0ई0वी0पी0 योजना–गैर कृषि कार्यो हेतु एस0ई0वी0पी0 योजना का क्रियान्वयन वित्तीय वर्ष 2019–20 से जनपद देहरादून के सहसपुर विकासखण्ड व उधमसिंहनगर के जसपुर विकासखण्ड तथा वित्तीय वर्ष 2023–24 से जनपद चामोली के जोशीमठ विकासखण्ड व पिथौरागढ के धारचूला विकासखण्ड में प्रारम्भ किया गया जिसके तहत वर्तमान तक 5093 उद्यमों की स्थापना कर महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाया जा रहा है।
- बाजारीकरण–स्वयं सहायता समूहों द्वारा उत्पादित सामग्री के बाजारीकरण हेतु 13 जनपदों में 33 नैनों पैकेजिंग यूनिट, 19 सरस सेन्टरों को जनपद स्तर पर आउटलेट के रूप में तैयार किया गया है।
- ग्रोथ सेन्टर योजना– वित्तीय वर्ष 2019–20 से वर्तमान तक एम0एस0एम0ई0 द्वारा संचालित ग्रोथ सेन्टर योजना के अन्तर्गत 24 ग्रोथ सेन्टर संचालित किये जा रहे है।

  वर्ष 2025–26 में योजना हेतु ₹ 23723.080 लाख (₹ दो सौ सैंतीस करोड़ तेईस लाख आठ हजार मात्र) राज्य सैक्टर से बजट व्यवस्था की गयी है, बजट व्यवस्था में ₹ 5886.82 लाख (₹ अठावन करोड़ छियासी लाख बयासी हजार मात्र) अनुसूचित जाति हेतु तथा ₹ 4883.04 लाख (₹ अड़तालीस करोड़ तिरासी लाख चार हजार मात्र) जनजाति के कल्याण हेतु मात्राकृत है।

- **दीनदयाल उपाध्याय कौशल्य योजना–** योजनान्तर्गत ग्रामीण गरीब परिवारों के युवक–युवतियों को योजना अन्तर्गत ग्रामीण इस परियोजना में वर्ष 2019 से 2024 तक 25000 ग्रामीण गरीब युवाओं को विभिन्न कौशल विकास के सेक्टरों में प्रशिक्षित किया जाना है। वित्तीय वर्ष 2024–25 में मार्च, 2025 तक 1828 अभ्यर्थियों का प्रशिक्षण पूर्ण करते हुये 3297 अभ्यर्थियों को प्रशिक्षण उपरांत रोजगार से जोड़ा गया है। योजना के कियान्वयन हेतु वित्तीय वर्ष 2024–25 में कुल उपलब्ध धनराशि ₹ 57.50 करोड़ के सापेक्ष ₹ 32.88 करोड़ का व्यय किया जा चुका है।

  वर्ष 2025–26 में योजना हेतु ₹ 2159.92 लाख (₹ इक्सीस करोड़ उनसठ लाख बयानबे हजार मात्र) राज्य सैक्टर से बजट व्यवस्था की गयी है, बजट व्यवस्था में ₹ 1058.32 लाख (₹ दस करोड़ अठावन लाख बतीस हजार मात्र) अनुसूचित जाति हेतु तथा ₹ 167.12 लाख (₹ एक करोड़ सड़सठ लाख बारह हजार मात्र) जनजाति के कल्याण हेतु मात्राकृत है।

- **वाईब्रेन्ट विलेज कार्यक्रम–** योजना उद्देश्य उत्तरी सीमा पर राज्य क्षेत्र में चिन्हित गांवों का व्यापक विकास करना है, ताकि वहाँ रहने वाले लोगों के जीवन स्तर में सुधार लाया जा सके जिससे उन्हें अपने मूल स्थानों पर रहने के लिये प्रोत्साहित किया जा सके और सीमा सुरक्षा में सुधार हेतु इन गांवों से पलायन को रोका जा सके। भारत सरकार द्वारा योजनान्तर्गत उत्तराखण्ड राज्य में जनपद उत्तरकाशी, चमोली तथा पिथौरागढ के कुल 51 गावों का चयन किया गया है। योजनान्तर्गत जनपदों द्वारा कुल 523 योजनायें रू0 520.13 करोड़ की लागत की एम0आई0एस0 पोर्टल पर भारत सरकार को स्वीकृति हेतु प्रेषित की गयी है, जिनमें से वर्तमान में भारत सरकार द्वारा 196 योजनाओं को स्वीकृत किया गया है, जिसमें 118 योजनायें वी0वी0पी मद में एवं 78 योजनायें कनवर्जेन्स मद के अंतर्गत स्वीकृत है। वर्तमान में भारत सरकार द्वारा वी0वी0पी0 के अंतर्गत जनपदों हेतु स्वीकृत योजनाओं के लिये हेतु रू0 8.49 करोड़ की धनराशि आवंटित की जा चुकी है।

  गृह मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा वी0वी0पी0–।। के अंतर्गत जनपद चम्पावत के 11 गांव, पिथौरागढ के 24 गांव, उधम सिंह नगर के 05 गांव सम्मिलित किये गये हैं।

  वित्तीय वर्ष 2025–26 के लिये वाईब्रेन्ट विलेज कार्यक्रम हेतु ₹ 4000.02 लाख (₹ चालीस करोड़ दो हजार मात्र) की राज्य सैक्टर से बजट व्यवस्था की गयी है।

- **प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण)–** योजना के अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2024–25 हेतु ₹ 37846.70 लाख की बजट व्यवस्था थी। वित्तीय वर्ष में प्राप्त केन्द्रांश एवं राज्यांश तथा गत अवशेष सहित कुल उपलब्ध धनराशि ₹ 10127.60 लाख के सापेक्ष माह मार्च, 2025 तक ₹ 7360.46 लाख व्यय करते हुये 8694 आवास निर्मित कराये गये।

  वित्तीय वर्ष 2025–26 के लिये प्रधान मंत्री आवास योजना (ग्रामीण) में टॉपअप सहित कुल ₹ 20718.09 लाख (₹ दो सौ सात करोड़ अठारह लाख नौ हजार मात्र) की राज्य सैक्टर से बजट व्यवस्था की गयी है। बजट व्यवस्था में ₹ 10810.83 लाख (₹ एक सौ आठ करोड़ दस लाख तिरासी हजार मात्र) अनु जाति हेतु तथा ₹ 1591.23 लाख (₹ पन्द्रह करोड़ इकानब्बे लाख तैईस हजार मात्र) जनजाति के कल्याण हेतु मात्राकृत है।

- **प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महा अभियान (पीएम–जनमन)–** योजना के अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2024–25 हेतु ₹ 4212.04 लाख की बजट व्यवस्था थी। वित्तीय वर्ष में प्राप्त केन्द्रांश एवं राज्यांश तथा गत अवशेष सहित कुल उपलब्ध धनराशि ₹ 3067.20 लाख के सापेक्ष माह मार्च, 2025 तक ₹ 2127.20 लाख व्यय करते हुये 1417 आवास निर्मित कराये गये। अधिक्य व्यय की धनराशि का वहन पीएमएवाई–जी मद से ग्रामीण विकास मंत्रालय, भारत सरकार के निर्देशानुसार किया गया है।

  वित्तीय वर्ष 2025–26 के लिये प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महा अभियान (पीएम–जनमन) ₹ 800.02 लाख (₹ आठ करोड़ दो हजार मात्र) की राज्य सैक्टर से बजट व्यवस्था की गयी है।

प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना– योजनान्तर्गत वर्ष 2024–25 में 900 किमी सडक निर्माण के लक्ष्य के सापेक्ष मार्च, 2025 तक 968.35 कि.मी. सड़कों का निर्माण किया गया तथा 250 से अधिक की आबादी के 15 ग्रामों को सम्पर्क मार्ग से जोडा गया। माह मार्च, 2025 तक गत अवशेष सहित कुल उपलब्ध

धनराशि ₹ 178884.00 लाख के सापेक्ष ₹ 107906.00 लाख सडक निर्माण, भूमि मुआवजा, एन0पी0वी0, आधिक्य, नाबार्ड, सडकों की मरम्मत, आपातकालीन निधि, सैन्टेज/पी0एम0सी0 आदि मदों पर व्यय किया गया।

वित्तीय वर्ष 2025–26 हेतु ₹ 117150.03 लाख (₹ एक हजार एक सौ इक्हत्तर करोड पचास लाख तीन हजार मात्र) की बजट व्यवस्था राज्य सेक्टर से की गयी, जो सड़क निमार्ण, निजी भूमि प्रतिकर, क्षतिपूरक वृक्षारोपण, एन0पी0वी0 तथा 50मी0 से अधिक स्पान वाले सेतुओं, पूर्ण मार्गो के अनुरक्षण, व्याधिक्य एवं पी.एम.जी.एस.वाई. के अर्न्तगत सेंटेज चार्जे पी.एम.सी. भुगतान, कार्यालय भवन निर्माण हेतु की गयी है, जिसमें ₹ 950.00 लाख (₹ नौ करोड़ पचास लाख मात्र) अनुसूचित जाति तथा ₹ 200.00 लाख (₹ दो करोड़ मात्र) अनुसूचित जनजाति हेतु मात्राकृत है। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के फेज–I एवं II के लम्बित कार्यो हेतु रू. 4000.00 लाख (₹ चालीस करोड़ मात्र) की बजट व्यवस्था राज्य सेक्टर से की गयी है।

- **प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अन्तर्गत आपातकालीन निधि–** प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत निर्मित/निर्माणाधीन मार्गो में अत्यधिक वर्षा एवं हिमपात के कारण मार्गो के अवरूद्ध होने पर उनको यातायात के सुचारु संचालन हेतु तुरन्त Emergency कार्य कराने होते है। इसके अतिरिक्त दैवीय आपदा के कारण क्षतिग्रस्त हुए मार्गो की मरम्मत/Restoration के कार्य भी कराने हेतु वित्तीय वर्ष 2025–26 हेतु ₹ 1000.00 लाख (₹ दस करोड़ मात्र) की राज्य सैक्टर से बजट व्यवस्था की गयी है।

- **राष्ट्रीय बायोगैस कार्यक्रम–** वर्ष 2024–25 में ₹ 0.02 लाख टोकन मनी प्रस्तावित किया गया था। वर्ष हेतु 195 संयंत्र के भौतिक लक्ष्य के सापेक्ष माह मार्च, 2025 तक 195 बायोगैस संयत्र स्थापित किए गए हैं।

- **उत्तराखण्ड ग्राम्य विकास एवं पंचायतीराज संस्थान–** प्रशिक्षण कलेंण्डर वर्ष 2024–25 में प्रस्तावित कुल 110 प्रशिक्षण कार्यक्रम निर्धारित करते हुए 3770 प्रतिभागियों को प्रशिक्षित किये जाने का लक्ष्य था। संस्थान द्वारा दिनांक 31 मार्च, 2025 तक कुल 172 प्रशिक्षण कार्यक्रम (इन कैम्पस 66 प्रशिक्षण– 1852 प्रतिभागी तथा ऑफ कैम्पस 106 प्रशिक्षण– 3671 प्रतिभागी) आयोजित करते हुए 5523 प्रतिभागियों को प्रशिक्षित किया गया है।

  प्रशिक्षण कलेंण्डर वर्ष 2025–26 में प्रस्तावित कुल 112 प्रशिक्षण कार्यक्रम निर्धारित करते हुए 3520 प्रतिभागियों को प्रशिक्षित किये जाने का लक्ष्य था। संस्थान द्वारा दिनांक 31 दिसम्बर 2025 तक कुल 53 प्रशिक्षण कार्यक्रम (इन कैम्पस) आयोजित करते हुए 1611 प्रतिभागियों को प्रशिक्षित किया गया है।

- **हाउस ऑफ हिमालयाज** प्रारम्भ वर्ष से वर्तमान तक में ₹ 5.00 करोड़ के सापेक्ष ₹ 3.00 करोड़ की खरीददारी की गयी जिससे कि 3500 किसानों/काश्तकारों/हस्तशिल्पियों को प्रत्यक्ष रूप से लाभ मिला, साथ ही किसानों/ काश्तकारों / हस्तशिल्पियों को उच्च गुणवत्ता के उत्पादों के उत्पादन हेतु अलग–अलग सेक्टर में प्रशिक्षण भी दिया जा रहा है। House of Himalayas के माध्यम से विभिन्न उत्पादों की ₹ 3.40 करोड़ का विक्रय किया जा चुका है।

- **विधायक निधि–** वित्तीय वर्ष 2024–25 में विधायक निधि के अन्तर्गत ₹ 352.70 करोड़ लाख की बजट व्यवस्था राज्य सेक्टर से की गयी थी। योजनान्तर्गत गत अवशेष सहित कुल उपलब्ध धनराशि ₹ 564.86 करोड़ के सापेक्ष माह मार्च, 2025 तक ₹ 284.71 करोड़ व्यय किया गया। कुल स्वीकृत 25819 कार्यो के सापेक्ष 12656 कार्य पूर्ण कराये गये, जिसमें 2756 अनुसूचित जाति तथा 252 अनुसूचित जनजाति कल्याण के कार्य भी सम्मिलित हैं।

  वित्तीय वर्ष 2025–26 में विधायक निधि के अन्तर्गत ₹ 354.85 करोड़ (₹ तीन सौ चौवन करोड़ पिच्यासी लाख मात्र) की बजट व्यवस्था राज्य सैक्टर से की गयी है, जिसमें ₹ 67.45 करोड़ (₹ सडसठ करोड़ पैंतालीस लाख मात्र) अनुसूचित जाति तथा ₹ 10.50 करोड़ (₹ दस करोड पचास लाख) जनजाति कल्याण पर व्यय हेतु मात्राकृत है।

- **मेरा गांव मेरी सड़क योजना–** उत्तराखण्ड राज्य एक पर्वतीय राज्य होने तथा भौगोलिक, आर्थिक एवं संसाधनिक परिस्थितियों के कारण राज्य की मूल आवश्यकताऐं, प्राथमिकताऐं, आधार तथा मानक मैदानी

राज्यों से भिन्न है। राज्य में ग्रामीण क्षेत्रों में सम्पर्क विहीन पात्र बसावटों को सड़कों से जोड़ने की आवश्यकता महसूस की जा रही है, राज्य के दुर्गम/अति दुर्गम क्षेत्रों के स्थानीय लोगों को आम जनमानस से जोड़ने तथा उनकी मूलभूत आवश्यकताओं की पूर्ति हेतु मुख्य सड़कों से जोड़ने की अत्यंत आवश्यकता है ताकि ये अन्य लोगों के सम्पर्क में आसानी से आ सकें साथ ही गांव की पैदावार को बाजार उपलब्ध कराते हुए अपनी आजीविका में सुधार कर सकें तथा गांवों से हो रहे पलायन को रोका जा सके। इस उद्देश्य को पूर्ण करने हेतु "मेरा गांव मेरी सड़क" योजना प्रारम्भ की गयी है।

वित्तीय वर्ष 2022–23 एवं 2023–24 में कुल 124 सडकों के सापेक्ष 76 सडकें लम्बाई 123.50 किमी पूर्ण की गयी 35 सडकों का प्रगति पर है, 10 सड़कों की धनराशि आयुक्तालय को वापिस की गयी है। कुल उपलब्ध धनराशि ₹ 4046.12 लाख के सापेक्ष वर्तमान तक ₹ 2661.56 लाख व्यय किये गये। अवशेष 1 सड़क का कार्य माह मार्च, 2026 तक पूर्ण कर लिया जायेगा।

वित्तीय वर्ष 2024–25 में कुल 54 सडकों के सापेक्ष 5 सडकें लम्बाई 52.10 किमी पूर्ण की गयी तथा 17 सडकों का कार्य प्रगति पर है। कुल उपलब्ध धनराशि ₹ 2623.04 लाख के सापेक्ष वर्तमान तक ₹ 2761.81 लाख व्यय किये गये।

वित्तीय वर्ष 2025–26 में कुल 39 सडकों के सापेक्ष 01 सडक का कार्य प्रगति पर है, कुल उपलब्ध धनराशि ₹ 1381.21 लाख के सापेक्ष वर्तमान तक ₹ 46.62 लाख व्यय किये गये।

वित्तीय वर्ष 2025–26 में मेरा गांव मेरी सड़क के अन्तर्गत ₹ 2015 लाख (₹ बीस करोड़ पंद्रह लाख मात्र) की बजट व्यवस्था राज्य सेक्टर से की गयी है, जिसमें ₹ 700.00 लाख (₹ सात करोड़ मात्र) अनु.जाति तथा ₹ 515.00 लाख (₹ पॉच करोड़ पंद्रह लाख मात्र) जनजाति कल्याण पर व्यय हेतु मात्राकृत है।

- **इन्दिरा अम्मा भोजनालय–** समाज के गरीब एवं जरूरतमंद वर्ग को पौष्टिक एवं सस्ता भोजन उपलब्ध कराये जाने के उददेश्य से उत्तराखण्ड राज्य में सस्ते भोजन की कैंटीन की व्यवस्था की गयी है जिसका नाम "इन्दिरा अम्मा भोजनालय" है। इन्दिरा अम्मा भोजनालय की स्थापना प्रत्येक जनपद के मुख्यालय में की गयी है। कैंटीन मुख्य विकास अधिकारी के पर्यवेक्षण/ नियंत्रणाधीन हैं। कैंटीन महिला स्वयं सहायता समूहों द्वारा संचालित की जा रही हैं, जिसमें प्रति थाली पर्वतीय क्षेत्रों ₹ 25.00 एवं जनपद देहरादून, हरिद्वार, ऊधमसिंह नगर, एवं नैनीताल में प्रति थाली दर ₹ 20.00 उपभोक्ता से लिया जाता है तथा ₹ 10.00 राज्य सरकार द्वारा अनुदान के रूपये प्रति थाली वहन किया जा रहा है।

  वित्तीय वर्ष 2024–25 में ₹ 160.00 लाख की बजट व्यवस्था थी, जिसके सापेक्ष ₹ 160.00 लाख की धनराशि जनपदों को अवमुक्त की गयी। योजनान्तर्गत कुल उपलब्ध धनराशि ₹ 160.60 लाख के सापेक्ष माह मार्च, 2025 तक ₹ 143.02 लाख व्यय किया गया तथा 1112845 थालियॉ वितरित की गई।

  वित्तीय वर्ष 2025–26 हेतु रू0 100.00 लाख (₹ एक करोड़ मात्र) की राज्य सैक्टर से बजट व्यवस्था की गयी है।

- **मुख्यमंत्री उद्यमशाला योजना (आर.बी.आई.)–** योजना का कियान्वयन राज्य में वित्तीय वर्ष 2021–22 से किया जा रहा है। राज्य में उद्यमशीलता पारिस्थितिकी तंत्र विकसित करने एवं बढ़ावा देने, स्वरोजगार को प्रोत्साहित करने, स्थानीय अर्थव्यवस्था को मजबूत करते हुये राज्य से युवाओं के पलायन को कम करना तथा रिवर्स माइग्रेशन को बढ़ावा देना साथ ही राज्य के निवासियों को स्वरोजगार हेतु प्रोत्साहित करने एवं उद्यम स्थापना हेतु प्रारम्भ से अंत तक उद्यमियों को सहयोग प्रदान करना इस योजना का मुख्य उद्देश्य है। योजना का कियान्वयन हब एवं स्पोक मॉडल के तहत राज्य के समस्त जनपदों में किया जा रहा है।

  योजना के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2024–25 तक कुल 12000 आवेदकों के आवेदन प्राप्त हुये जिसमें से 4500 से अधिक इन्क्यूबेटीज का चयन किया गया एवं इन्हे इन्क्यूबेशन सहयोग प्रदान किया गया।

  वित्तीय वर्ष 2025–26 हेतु ₹ 2000.00 लाख (₹ बीस करोड़ मात्र) बजट व्यवस्था राज्य सेक्टर से की गयी है।

- **मुख्यमंत्री पलायन रोकथाम योजना–** योजना का मुख्य उद्देश्य पलायन तथा ग्राम्य विकास आयोग द्वारा चिन्हित 50 प्रतिशत तक पलायन प्रभावित कुल 474 गांवों में आवासित परिवारों/बेरोजगार

युवाओं/रिवर्स माइग्रेन्ट्स आदि को स्वरोजगार को उपलब्ध कराने हेतु वर्तमान में कियान्वित विभिन्न विभागीय योजनाओं तथा गैप फिलिंग के रूप में इस योजना के तहत आवश्यक वित्तीय सहायता के माध्यम पलायन रोकना तथा रिवर्स पलायन को बढावा देना है। योजना के तहत कृषि, उद्यान, पशुपालन से संबंधित स्वरोजगार परक/कौशल विकास की योजनाओं हेतु प्राथमिकता दी जाती है।

योजना के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2024–25 में स्वीकृत ₹ 10.00 करोड़ की धनराशि जनपदों को अवमुक्त की गयी, गत अवशेष सहित कुल उपलब्ध धनराशि के सापेक्ष ₹ 19.75 करोड़ की धनराशि व्यय की जा चुकी है, वित्तीय वर्ष 1172 कार्य पूर्ण कराये गये है, शेष कार्य गतिमान है।

वित्तीय वर्ष 2025–26 हेतु ₹ 1000.00 लाख (₹ दस करोड़ मात्र) की राज्य सैक्टर से बजट व्यवस्था की गयी है।

- **मुख्यमंत्री सीमान्त क्षेत्र विकास योजना–** योजना का मुख्य उद्देश्य प्रदेश के 09 सीमान्त विकासखंडों में आवासित परिवारों को सतत् आजीविका एवं स्वरोजगार के बेहतर संसाधन उपलब्ध कराते हुये सीमान्त क्षेत्रों में पलायन रोकना है। इस योजना के तहत बी0ए0डी0पी0 के अनुमन्य कार्यो के साथ–साथ स्थानीय युवाओं का कौशल विकास,सामुदायिक संगठनों यथा एस0एच0जी0/उत्पादक समूह (पी0जी0) /वी0पी0जी0/एल0सी0/वी0ओ0, सी0एल0एफ0 आदि हेतु स्थायी आजीविका सृजन के कियाकलाप, आजीविका विकास हेतु तकनीकी हस्तान्तरण संबंधी कियाकलाप, पर्यटन/सीमान्त पर्यटन को बढावा, जैविक कृषि को बढावा हेतु तकनीकी कियाकलापों में सहयोग, ग्रोथ सेन्टरों की स्थापना तथा अभिनव प्रयास/नवाचार/विशेष योजनायें जो सीमान्त क्षेत्रों में आजीविका विकास तथा पलायन रोकने में सक्षम हो।

  योजना के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2024–25 में स्वीकृत ₹ 20 करोड़ की धनराशि जनपदों को अवमुक्त की गयी कुल उपलब्ध धनराशि के सापेक्ष ₹ 17.26 करोड़ की धनराशि व्यय की जा चुकी है, वित्तीय वर्ष में 260 कार्य पूर्ण कराये गये है, शेष कार्य गतिमान है।

  वित्तीय वर्ष 2025–26 हेतु ₹ 25.00 करोड़ (₹ पच्चीस करोड मात्र) की राज्य सैक्टर से बजट व्यवस्था की गयी है।

- **सामुदायिक विकास कार्यक्रम–** वित्तीय वर्ष 2024–25 में माह मार्च, 2025 तक कुल उपलब्ध धनराशि ₹ 2257.74 लाख के सापेक्ष ₹ 2122.44 लाख व्यय किया गया, 127 आवासीय/अनावासीय भवनों/ अन्य कार्यो के निर्माण के सापेक्ष 97 भवन/ कार्य निर्मित किये गये।

- **ग्रामीण उद्यम वेग वृद्धि परियोजना (ग्रामोत्थान)–** वित्तीय वर्ष 2024–25 हेतु ₹ 150.00 करोड़ का वित्तीय प्रावधान किया गया है। वित्तीय वर्ष 2024–25 में स्वीकृत प्राविधान के सापेक्ष ₹ 150.00 करोड़ की धनराशि की कार्ययोजना स्वीकृत कर राज्य परियोजना प्रबंधन इकाई (SPMU) एवं जनपद परियोजना प्रबंधन इकाई (DPMU) को योजना के कियान्वयन हेतु अवमुक्त की गई। गत अवशेष सहित कुल उपलब्ध धनराशि ₹ 191.05 करोड़ के सापेक्ष माह मार्च, 2025 तक ₹ 95.49 करोड़ व्यय किया गया।

  वर्ष 2025–26 में इस योजना हेतु ₹ 150.00 करोड़ (एक सौ करोड़ मात्र) राज्य सैक्टर से बजट व्यवस्था की गयी है।

****

कार्यपूर्ति दिग्दर्शक
वर्ष 2026–27

प्राक्कथन

भारत की आत्मा गांवों में निवास करती है। ग्रामीण अर्थव्यवस्था में आमूलचूल परिवर्तन किये बिना देश की प्रगति की कल्पना निराधार है। ग्रामीण विकास मंत्रालय भारत सरकार तथा राज्य सरकार के अथक प्रयासों से ग्रामीण गरीबी उन्मूलन हेतु कतिपय विकास कार्यक्रम संचालित हैं। उत्तराखण्ड राज्य में भारत सरकार द्वारा वित्त पोषित कार्यक्रमों के साथ–साथ राज्य सरकार द्वारा भी गरीबी उन्मूलन हेतु अपने वित्तीय संसाधन से कई अभिनव जनकल्याण कार्यक्रमों का शुभारम्भ किया है। ग्राम्य विकास विभाग द्वारा ग्रामीण अर्थव्यवस्था तथा अवस्थापना सुविधा विकास हेतु संचालित कार्यक्रमों में मुख्यतः स्वरोजगार कार्यक्रम, रोजगार कार्यक्रम, ग्रामीण आवास कार्यक्रम, ग्रामीण संयोजकता के साथ–साथ क्षेत्र विकास कार्यक्रम हैं।

प्रदेश सरकार भी ग्रामीण जनकल्याण कार्यक्रमों के क्रियान्वयन में पीछे नहीं है। सभी निर्धन आवासविहीनों को आवासीय सुविधा, हर बेरोजगार को स्थानीय रोजगार तथा प्रत्येक परिवार को स्वरोजगार से जोड़कर स्वावलम्बी बनाये जाने हेतु राज्य सरकार संकल्पबद्ध है।

गरीबी उन्मूलन कार्यक्रमों के क्रियान्वयन में प्रदेश की त्रिस्तरीय पंचायतों–ग्राम पंचायत, क्षेत्र पंचायत तथा जिला पंचायत की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के चयन, नियोजन, क्रियान्वयन तथा रखरखाव में सक्रिय भूमिका है। त्रिस्तरीय पंचायतों को अधिकारों के प्रतिनिधायन के साथ–साथ कर्तव्यों के प्रति जागरूकता हेतु सतत प्रशिक्षण देकर स्वावलम्बी बनाये जाने हेतु प्रयास निरन्तर जारी है।

अनुक्रमणिका

क.सं.	विवरण	पृष्ठ संख्या
1	उत्तराखण्ड– एक दृष्टि में	
2	श्रम रोजगार कार्यक्रम (महात्मा गॉधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारन्टी योजना)	
3	स्वरोजगार कार्यक्रम (दीन दयाल अन्त्योदय योजना–राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (DAY-NRLM)	
4	ग्रामीण आवास कार्यक्रम– (प्रधानमंत्री आवास योजना–ग्रामीण)	
5	ग्रामीण संयोजकता (प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना) एवं राष्ट्रीय बायोगैस कार्यक्रम (शतप्रतिशत केन्द्रपोषित कार्यक्रम)	
6	अन्य कार्यक्रम (सामुदायिक विकास /विधायक निधि/हाउस ऑफ हिमालयाज/ मेरा गॉव मेरी सड़क योजना/ इन्दिरा अम्मा भोजनालय/ मुख्यमंत्री उद्यमशाला योजना/ मुख्यमंत्री सीमांत क्षेत्र विकास योजना/ मुख्यमंत्री पलायन रोकथाम योजना)	
7	ग्राम्य विकास विभाग में प्रशिक्षण कार्यक्रम	
8	आईफैड–(बाह्य सहायतित परियोजना) ग्रामीण उद्यम वेगवृद्धि परियोजना (REAP)– ग्रामोत्थान	
9	ग्राम्य विकास एवं पलायन निवारण आयोग	
10	पंचायतीराज विभाग की उपलब्धियॉ	
11	ग्रामीण निर्माण विभाग	

एक दृष्टि में

भौगोलिक क्षेत्रफल	–	53483 वर्ग कि0मी0
कुल जनसंख्या (2011 जनगणना):	–	100.86 लाख
पुरूष	–	51.38 लाख (51%)
महिलायें	–	49.48 लाख (49%)
ग्रामीण जनसंख्या	–	70.37 लाख (70%)
पुरूष	–	35.19 लाख (50%)
महिलायें	–	35.18 लाख (50%)
अनु0जाति	–	18.93 लाख (26.90%)
अनु0ज0जाति	–	2.92 लाख (4.15%)
साक्षरता दर (2011 के अनुसार)	–	78.82%
पुरूष	–	87.40%
महिलायें	–	70.01%
वन क्षेत्र (2021)	–	38000 वर्ग किमी
मण्डल	–	02
जनपद	–	13
विकास खण्ड	–	95
न्याय पंचायत (2022 के अनुसार)	–	662
ग्राम पंचायतों की संख्या (2022)	–	7796
कुल ग्राम (जनगणना 2011 के अनुसार)	–	16793
आबाद ग्राम (वन बस्तियों को सम्मिलित करते हुये)–2011	–	15745
गैर आबाद ग्राम–2011	–	1048

अध्याय 1
श्रम रोज़गार कार्यक्रम

महात्मा गाँधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारन्टी योजना
केन्द्र पोषित योजना

उद्देश्य (Objectives)

- पंजीकृत ग्रामीण परिवारों को जिनके वयस्क सदस्य अकुशल कार्य करने के इच्छुक हों, एक वित्तीय वर्ष में 100 दिन के रोजगार की गारंटी।
- निर्धनों के आजीविका संसाधनों के आधार को सुदृढ़ करना।
- पंजीकृत श्रमिक की मांग पर 15 दिन के भीतर रोजगार उपलब्ध कराया जाना, अन्यथा बेरोजगारी भत्ता पहले 30 दिन तक अकुशल मजदूरी का 1/4 तत्पश्चात् 1/2
- न्यूनतम अकुशल मजदूर ` 252/– प्रतिदिन।
- 15 दिन के भीतर मजदूरी भुगतान की व्यवस्था, विलम्ब की दशा में 0.05 प्रतिशत प्रतिदिन की दर से प्रतिकर भुगतान देय।

वित्तीय संसाधनों की व्यवस्था

- केन्द्र सरकार द्वारा अकुशल मजदूरों के श्रमांश का शत–प्रतिशत तथा कुशल एवं अर्द्धकुशल श्रमांश एवं सामग्री अंश का 75 प्रतिशत
- राज्य सरकार द्वारा कुशल एवं अर्द्धकुशल श्रमांश एवं सामग्री अंश का 25 प्रतिशत तथा बेरोजगारी भत्ता शत–प्रतिशत।

अधिनियम के अन्तर्गत अनुमन्य कार्य

I- प्रवर्ग एः प्राकृतिक संसाधन प्रबंधन से संबंधित लोक निर्माण के कार्य

- जल संरक्षण एवं जल संवर्द्धन सम्बन्धी कार्य
- जलागम प्रबन्धन संबंधी कार्य
- लघु सिंचाई संबंधी कार्य
- पारम्परिक जल स्रोतों का पुनरूद्धार संबंधी कार्य
- वनीकरण
- भूमि विकास

II-प्रवर्ग बीः दुर्बल वर्गों के लिए व्यक्तिगत परिसम्पत्तियों (केवल पैरा 5 के परिवारों हेतु) का निर्माण

- भूमि उत्पादकता में सुधार
- मत्स्य पालन,
- बंजर अथवा निष्प्रयोज्य भूमि का विकास
- पशुबाडा निर्माण
- उद्यानीकरण, रेशम, वनीकरण के माध्यम से आजीविका में सुधार

III- प्रवर्ग सीः एनआरएलएम संबंधी स्वयं सहायता समूहों के लिये सामान्य अवसंरचना

- कृषि उत्पादकता में वृद्धि संबंधी कार्य
- स्वयं सहायता समूहों के आजीविका कियाकलाप हेतु वर्कशेड का निर्माण

IV- प्रवर्ग डीः ग्रामीण अवसंरचना

- ग्रामीण स्वच्छता संबंधी कार्य
- सर्वमौसम सड़क संयोजकता

- खेल का मैदान
- खाद्य भण्डार गृह
- विद्यालय की चारदीवारी
- ग्रामीण हाट
- आंगनवाडी केन्द्रों का निर्माण
- खेल का मैदान
- शवदाह गृह
- वरीयता क्रम
  - अ) भूमिहीन जॉब कार्ड धारक परिवार
  - ब) SECC में स्वतः सम्मिलित परिवार
  - स) 1–3 नाली वाले परिवार एवं इसके बाद अधिक भूमि श्रेणी (SC/ST एवं प्रवासियों को प्राथमिकता)

वित्तीय वर्ष 2025–26 में महात्मा गांधी नरेगा का विभिन्न रेखीय विभागों के साथ केन्द्राभिसरण किये जाने हेतु State Convergence Plan ` 18136.38 लाख का तैयार किया गया है। योजनान्तर्गत माह जनवरी 2026 तक महात्मा गांधी नरेगा अंश ` 2345.92 लाख एवं विभागीय अंश ` 8425.01 लाख को सम्मिलित करते हुए कुल ` 10729.11 लाख की धनराशि व्यय की गयी है। ग्रामीणों को रोजगार के साथ स्वरोजगार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से उनकी निजी भूमि पर औद्यानिकीकरण सम्बन्धी कार्य उद्यान विभाग एवं सगन्ध पौधा केन्द्र (CAP) के साथ केन्द्राभिसरण के माध्यम से प्राथमिकता के आधार पर किये जा रहे हैं, जिससे स्थानीय ग्रामीणों की आजीविका में वृद्धि हो रही है।

- <u>उद्यान विभाग</u>
  महात्मा गांधी नरेगा अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2025–26 में उद्यान विभाग की विभिन्न योजनाओं के साथ केन्द्राभिसरण किये जाने हेतु जनपदों को निर्देशित किया गया है। इस हेतु उद्यान विभाग द्वारा संचालित किये जाने वाले क्लस्टर आधारित फल फसल क्षेत्रफल विस्तार (उद्यानीकरण) एवं अन्य सम्बन्धित कार्यक्रमों के क्रियान्वयन हेतु प्रस्ताव तैयार किया गया है जिसके सापेक्ष ` 499.29 लाख की धनराशि स्वीकृत करते हुए कुल ` 38.70 लाख की धनराशि व्यय की गई, जिससे 289 लाभार्थियों को लाभान्वित किया गया।
- <u>सगन्ध पौधा केन्द्र (CAP)</u>
  महात्मा गांधी नरेगा अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2025–26 में सगन्ध फसलों की खेती को बढ़ावा दिये जाने के उद्देश्य से सगन्ध पौधा केन्द्र (CAP) की विभिन्न योजनाओं के साथ केन्द्राभिसरण किये जाने हेतु जनपदों को निर्देशित किया गया है। चूंकि सगन्ध पौध जंगली जानवर नहीं चरते हैं अतः सगन्ध फसलों की खेती से जहाँ एक ओर जंगली जानवरों से खेती का बचाव होगा वहीं दूसरी ओर बंजर एवं निष्प्रयोज्य भूमि उपजाऊ होगी जिससे क्षेत्रीय ग्रामीणों की आजीविका में बढ़ोत्तरी होगी। महात्मा गांधी नरेगा का CAP के साथ वित्तीय वर्ष 2025–26 में केन्द्राभिसरण किये जाने हेतु CAP द्वारा बहुवर्षीय फसलें यथा– लैमनग्रास, डेमस्क गुलाब, तेजपात एवं तिमूर का ` 208.05 लाख का प्रस्ताव तैयार किया गया है। इसके सापेक्ष ` 86.03 लाख की धनराशि व्यय की गई तथा 520 लाभार्थियों को लाभान्वित किया गया।
- <u>चाय विकास विभाग</u>
  चाय विभाग के साथ केन्द्राभिसरण कर ` 968.28 लाख के सापेक्ष ` 577.73 लाख की धनराशि व्यय की गई तथा कुल 2097 लाभार्थियों को लाभान्वित किया गया।
- <u>महिला एवं बाल विकास विभाग</u>
  महिला एवं बाल विकास विभाग के साथ केन्द्राभिसरण कर ` 2050.00 लाख के सापेक्ष ` 543.89 लाख की धनराशि व्यय की गई।
- <u>रेशम विभाग</u>
  रेशम विभाग के साथ केन्द्राभिसरण के तहत ` 213.48 लाख के सापेक्ष ` 24.23 लाख की धनराशि व्यय की गई तथा 656 लाभार्थियों को लाभान्वित किया गया।
- <u>मत्स्य विभाग</u>
  मत्स्य विभाग के साथ केन्द्राभिसरण के तहत ` 643.07 लाख के सापेक्ष ` 26.95 लाख धनराशि व्यय की गई तथा 57 लाभार्थियों को लाभान्वित किया गया।

1. वित्तीय उपलब्धि (धनराशि लाख ` में) माह जनवरी 2026 तक

1.04.2025 को अवशेष	2025–26 में अवमुक्त धनराशि (लाख रू० में)			कुल उपलब्ध धनराशि	कुल व्यय धनराशि	व्यय प्रतिशत
	केन्द्रांश	राज्यांश	अन्य प्राप्ति			
1	2	3	4	5	6	7
2437.04	42784.57	5351.17	46.46	50619.24	40085.45	79.19

भौतिक प्रगति मानव दिवस सृजन (ला०मा०दिवस)						
लक्ष्य	पूर्ति	अनु.जाति	जन जाति	महिला	अन्य	प्रतिशत
1	2	3	4	5	6	7
200 लाख	96.38	15.79	4.61	55.13	75.98	48.19

लिये गये कार्य	पूर्ण कार्य	प्रगति पर कार्य	वर्ष में पूर्ण किये कार्यो का विवरण							
			जल संरक्षण एवं संभरण	लघु सिंचाई	पारंपरिक जल स्रोतों का नवीनीकरण	सूखा रोधन	भूमि विकास	बाढ़ नियंत्रण	ग्रामीण सड़क सम्पर्क	अनु.जाति / जनजाति के परिवारों की भूमि पर सिंचाई सुविधा
8	9	10	11	12	13	14	15	16	17	18
149779	38653	111126	3259	1605	384	2524	9473	1878	3371	15453

राजीव गॉधी सेवा केन्द्र / अन्य भवनों का निर्माण	ग्रामीण स्वच्छता	अन्य कार्य	जॉब कार्ड धारक परिवारों की सं0	श्रमिक परिवारों की सं0 जिनके द्वारा रोजगार की मांग की गयी	उपलब्ध कराये गये रोजगार श्रमिक परिवारों की सं0	100 दिन का श्रम रोजगार प्राप्त श्रमिक परिवारों की सं0
19	20	21	22	23	24	25
364	254	88	998095	383782	325027	4424

G.P – Sandana, Block – Nainidanda, Dist. - Pauri

G.P – Sedhiyadhar, Block – Pokhra, Dist. - Pauri

G.P – Ramnagar Danda, Block – Raipur, Dist. – Dehradun

मिशन अमृत सरोवर

मिशन अमृत सरोवर के अन्तर्गत 975 के लक्ष्य के सापेक्ष निर्मित 1322 अमृत सरोवरों को उपयोगी एवं जीवन्त बनाये जाने के दृष्टिगत विभिन्न विभागों/महिला स्वयं सहायता समूहों/प्रोड्यूसर ग्रुप को हस्तान्तरित किये गये हैं। 544 अमृत सरोवरों को आजीविका संवर्द्धन गतिविधियों से जोड़ा गया है।

मिशन अमृत सरोवर फेज–2 के अन्तर्गत 66 के लक्ष्य के सापेक्ष 10 सरोवरों पर कार्य प्रगति पर है।

G.P – Bheti, Block – Pauri, Dist. – Pauri

G.P- Chakjogiwala Mafi, Block –Doiwala, Dist. - Dehradun

G.P- Seetapur, Block – Haldwani, Dist. - Nainital

अध्याय 2
स्वरोजगार कार्यक्रम

राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (आजीविका)

केन्द्र पोषित योजना

- एस0जी0एस0वाई0 के 10 वर्ष पूर्ण होने के उपरांत भारत सरकार द्वारा कराये गये मूल्यांकन के आधार पर एस0जी0एस0वाई0 के तहत ग्रामीण निर्धनों को एकजुट करने में काफी अधिक क्षेत्रीय विविधताएं, लाभार्थियों में अपर्याप्त क्षमता निर्माण, सामुदायिक संस्थानों के गठन में अपर्याप्त निवेश एवं बैंक ऋण की उपलब्धता, बारंबार वित्त पोषण न होना तथा समर्पित मानव संसाधनों एवं उपयुक्त सुपुर्दगी प्रणालियों की कमी के दृष्टिगत एस.जी.एस.वाई में गुणात्मक सुधार करते हुये उक्त योजना को परिवर्तित कर मिशन के रूप में संचालित किये जाने का निर्णय लिया गया है।
- राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन भारत सरकार की एक महत्वाकांक्षी योजना है। इसका उद्देश्य सभी ग्रामीण निर्धन परिवारों तक पहुंच बनाना और उन्हें आजीविका के स्थाई अवसर मुहैया करवाना एवं उस समय तक उनका पोषण और संरक्षण किया जायेगा जब तक वे गरीबी से ऊपर उठकर एक सम्मानजनक जीवन न जीने लगें।
- एन.आर.एल.एम. में विभिन्न स्तरों पर अपनी समर्पित संवेदनशील सहायक संरचनाओं और संगठनों के जरिये सभी ग्रामीण परिवारों तक पहुंच सुनिश्चित करने के लिये उनकी क्षमताओं, आर्थिक स्थिति एवं स्वप्रबन्धित आत्मविश्वासी संगठनों का निर्माण करके नौकरियों में नियोजन के जरिये तथा उन्हें लाभप्रद स्वरोजगार तथा उद्यमियों में नियोजित करते हुये गरीबी से उबारने का प्रयास करता है। धीरे–धीरे निर्धनों की ये संस्थायें अपने सदस्यों के जीवन, आजीविका और भाग्य का जिम्मा स्वयं ही उठाने लगेंगे।

मिशन, सिद्धांत और नैतिक मूल्य

- राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन में मुख्य रूप से यह धारणा निहित है कि निर्धनों में गरीबी से उभरने की तीव्र इच्छा एवं क्षमता है और वे उद्यमी हैं। इस प्रकिया का पहला कदम उन्हें स्वयं को संगठित करने हेतु प्रोत्साहित करना है। इसके लिये एक संवेदनशील और समर्पित वाह्य समर्थन तंत्र जरूरी है, जो निरन्तर उन्हें सामाजिक गतिशीलता, आजीविका प्रबन्धन एवं संस्थान निर्माण में सहायता देता रहे।
- गरीबों के ये संगठन उन्हें और अधिक अधिकार संपन्न बनाने, अपने मानवीय, सामाजिक, वित्तीय एवं अन्य आवश्यक संसाधनों से सम्पन्न बनाने में मददगार साबित होते हैं। इससे उन्हें सार्वजनिक एवं निजी तौर पर उपलब्ध सेवाओं, अधिकारों, हक–हकूकों, आजीविका के अवसरों तक पहुंच सम्भव हो पाती है, साथ ही उन्हें उपलब्ध संसाधनों और अपनी रूचि के अनुरूप ऐसे रोजगार के अवसरों को चुनने का मौका उपलब्ध कराते हैं जिससे वे सदा के लिये गरीबी से अवमुक्त हो सकें।
- गरीबी उन्मूलन हेतु नितान्त क्षेत्रीय आधार पर निर्धनों को सशक्त एवं स्थाई संस्थाओं के माध्यम से लाभप्रद स्वरोजगार एवं उच्च कौशलयुक्त रोजगार के अवसरों हेतु समर्थ बनाना जिससे उन्हें आजीविका के स्थायी अवसर प्राप्त हो सकें।

एन.आर.एल.एम. मार्गदर्शी सिद्धांत

- निर्धनों में गरीबी से निकलने की मजबूत इच्छा होती है और उनमें सहज क्षमताएं भी हैं।
- निर्धनों की सहज क्षमताओं को उबारने के लिए उनकी सामाजिक एकजुटता और सशक्त संस्थाओं का निर्माण काफी महत्वपूर्ण है।

- सामाजिक एकजुटता लाने, संस्थागत निर्माण तथा सशक्तिकरण प्रक्रिया के लिए एक बाह्य समर्पित और संवेदनशील सहायक संरचना की आवश्यकता है।
- जानकारी का प्रचार–प्रसार, कौशल विकास, ऋण की उपलब्धता तथा बाजार पहुंच एवं आजीविका संबंधी अन्य सेवाएं उपलब्ध कराने में सहायता करने से वे स्थायी आजीविका प्राप्त कर सकते हैं।

एन.आर.एल.एम. का नैतिक मूल्य

- अत्यंत निर्धनों को शामिल करना और सभी प्रक्रियाओं में अत्यंत निर्धनों के लिए सार्थक भूमिका।
- सभी प्रक्रियाओं और संस्थाओं में पारदर्शिता एवं जवाबदेही।
- सभी स्तरों–नियोजन, कार्यान्वयन और निगरानी में निर्धनों और उनकी संस्थाओं का स्वामित्व एवं प्रमुख भूमिका।
- सामुदायिक आत्मविश्वास और आत्मनिर्भरता।

दृष्टिकोण

- निर्धनों को स्थायी आजीविका उपलब्ध कराने के उद्देश्य से एन.आर.एल.एम. में उनकी क्षमता विकास (ज्ञान, कौशल विकास, साख एवं संगठन निर्माण) की व्यवस्था की गई है। ताकि वे तेजी से बदलते विश्व के साथ सामंजस्य स्थापित कर सकें। बदलते आजीविका क्रियाकलापों को ध्यान में रखते हुये एन.आर.एल.एम. तीन आधारों पर काम करता है– गरीबों की आजीविका के मौजूदा विकल्पों में वृद्धि एवं विस्तार, बाजार के बाहर रोजगार, बाजार के लिये कौशल विकास, स्वरोजगार एवं उद्यमशीलता को प्रोत्साहन।
- एन.आर.एल.एम. का कार्यान्वयन मिशन मोड में किया जा रहा है, इससे–
  (क) वर्तमान आवंटन आधारित रणनीति के स्थान पर मांग आधारित रणनीति को बढ़ावा मिलेगा, जिससे राज्य अपनी आजीविका आधारित गरीबी उन्मूलन की योजनायें बना सके.।
  (ख) लक्ष्यों, परिणामों एवं समयबद्ध वितरण पर जोर।
  (ग) सतत क्षमता निर्माण, कौशल विकास एवं निर्धनों तथा संगठित क्षेत्र के अन्य लोगों को आजीविका के अवसर उपलब्ध कराना।
  (घ) निर्धनता उन्मूलन के परिणामों की निगरानी करना, चूंकि एन.आर.एल.एम. मांग आधारित कार्यनीति का अनुसरण करता है, इसलिये राज्यों को निर्धनता उन्मूलन के लिये अपने आजीविका आधारित संदर्श योजनायें एवं वार्षिक कार्य योजनायें बनाने की छूट दी गई है।
- इसका अन्तिम उद्देश्य यह भी है कि निचले स्तर पर यह सामुदायिक नियोजन, क्रियान्वयन तथा अनुश्रवण एवं मूल्यांकन और पुनर्नियोजन का कार्य निर्धनों द्वारा स्वयं किया जा सके. यह योजनायें केवल मांग आधारित नहीं होंगी बल्कि निरन्तर चलती रहेंगी।

प्रशिक्षण क्षमता निर्माण एवं कौशल निर्माण

- स्वयं सहायता समूह तथा उनके परिसंघों को संस्थागत प्रबन्धन, बाजार के साथ सम्पर्क स्थापित करने, मौजूदा आजीविका का प्रबन्धन करने, उनकी ऋण उपयोग क्षमता तथा ऋण साख बढ़ाने तथा उनके क्षमता निर्माण कर सामुदायिक पेशेवर एवं सामुदायिक संसाधन व्यक्ति बनाने हेतु पर्याप्त कौशल विकास करना। इस हेतु पंचसूत्र का पालन कराना।
- महिला स्वयं सहायता समूहों के आजीविका संवर्द्धन हेतु कौशल विकास करना।
- समूह गठन में पंचसूत्र (नियमित बैठक, नियमित बचत, नियमित आपसी लेनदेन, नियमित ऋण वापसी तथा अभिलेखीकरण) सम्बन्धी प्रशिक्षण।
- महिला स्वयं सहायता समूह एवं उनके संगठनों (Federations) को सतत् मार्गदर्शन एंव क्षमतावर्धन करना।

चक्रीय कोष (आर0एफ0) तथा सी0आई0एफ0

- प्रत्येक स्वयं सहायता समूहों को प्रोत्साहन राशि के रूप में बचत एवं आंतरिक ऋण की आदत बनाने हेतु परिक्रामी निधि/चक्रीय निधि उपलब्ध कराना।
- स्वयं सहायता समूहों के ग्राम संगठनों तथा उससे उच्च संगठनों को दीर्घकालिक ऋण, आवश्यकताओं तथा उपभोग सम्बन्धी अल्पकालिक आवश्यकताओं को पूरा करने के लिये सी0आई0एफ0 उपलब्ध कराना।

सर्वव्यापी वित्तीय समावेशन

- मिशन के तहत गठित सभी स्वयं सहायता समूहों को ब्याज उपादान के रूप में 07 प्रतिशत से अधिक ब्याज पर ब्याजगत अनुदान उपलब्ध कराते हुये वित्तीय समावेशन की व्यवस्था।

आजीविका

- मौजूदा आजीविका के मुख्य साधनों (कृषि, गैर कृषि एवं स्वरोजगार इत्यादि) का विस्तार तथा संगठन आधारित आजीविका का सृजन करना।
- कौशल एवं उद्यमिता आधारित रोजगार के क्षेत्र में प्रशिक्षण एंव क्षमता विकास करना।
- कृषि उत्पादन एवं उत्पादकता तथा महिलाओं की कृषि आधारित आजीविका को बढ़ाने हेतु महिला किसान सशक्तिकरण परियोजना का क्रियान्वयन करना।

अवसंरचना सृजन एवं विपणन

- स्वयं सहायता समूहों के आजीविका सम्बन्धी मुख्य क्रियाकलापों के लिये मूलभूत अवसंरचनात्मक आवश्कताओं की पूर्ति सुनिश्चित करना।
- विपणन सहायता हेतु अनेक क्रियाकलापों में बाजार अनुसंधान, बाजार ज्ञान प्रौद्योगिकी तथा हर सम्भव सहायता उपलब्ध कराना।
- ग्रामीण हाटों को प्रोत्साहित करना एवं समूहों के सतत् प्रतिभाग तथा अनुक्रम हेतु सुविकसित तंत्र तैयार करना।

संवेदी एवं समर्पित संगठनात्मक संरचना

- राज्य, जिला तथा विकासखण्ड स्तरों पर गरीबों के सामुदायिक संगठनों को प्रक्रियान्मुख प्रयास हेतु संवेदी एवं समर्पित मानव संसाधन संरचना उपलब्ध कराना।

चरणबद्ध कियान्वयन

- उत्तराखण्ड राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के अन्तर्गत उत्तराखण्ड के 13 जनपदों के 95 विकासखण्डों में चरणबद्ध तरीके से संचालित की जा रही है।

वित्तीय वर्ष 2025–26 की प्रगति

योजना के माध्यम से राज्य में आगामी 8–10 वर्षों की अवधि के दौरान समस्त गरीब ग्रामीण परिवारों की महिलाओं को मिशन के अन्तर्गत लाभान्वित करने का लक्ष्य रखा गया है। योजना का चरणबद्ध क्रियान्वयन किया जाना है, प्रथम चरण वित्तीय वर्ष 2014–15 में 10 विकास खण्ड एवं द्वितीय चरण वित्तीय वर्ष 2016–17 में 05 विकास खण्ड, तृतीय चरण वित्तीय वर्ष 2017–18 में 15 तथा चतुर्थ चरण वित्तीय वर्ष 2018–19 में 30 एंव वित्तीय वर्ष 2019–20 में 35 विकासखण्डों को सघन विकास खण्ड रणनीति के अन्तर्गत आच्छादित किया गया है।

संस्थागत विकास/क्षमता विकास के अन्तर्गत योजना आरम्भ से माह जनवरी, 2026 तक 52139.34 लाख व्यय किये गये हैं। मिशन के अन्तर्गत राज्य स्तरीय कोर टीम का प्रशिक्षण किया गया, जनपद एवं विकासखण्ड स्तरीय अधिकारियों को भी प्रशिक्षित किया गया। अब तक राज्य में कुल 7471 सकिय महिलाएं, 2610 सी0आर0पी0, 432 सीनियर सी0आर0पी0, 1275 बैंक सखी, 1480 कृषि सखी, 80 पोषण सखी के रूप में सामुदायिक कैडर तैयार किये जा चुके हैं, जिनके द्वारा ग्राम स्तर पर सामाजिक समावेशन/गतिशीलन करते हुये स्वंय सहायता समूहों के गठन/पुनर्गठन का कार्य किया जा रहा है। महिलाओं को लखपति दीदी के रूप में तैयार करने हेतु सामुदायिक सन्दर्भ व्यक्तियों का विशेष भूमिका है जिस हेतु राज्य द्वारा 1919 डी0जी0पे0 सखी, 509 ए–हैल्प वर्कर एवं 84 एच0पी0सखी तैयार की गयी हैं।

योजनान्तर्गत प्रारम्भ से माह जनवरी, 2026 तक 504778 महिलाओं को संगठित कर 68954 स्वयं सहायता समूहों का गठन एवं पुनर्गठन करते हुए संगठित किया गया है तथा 57980 समूहों को 8616 लाख रिवाल्विंग फण्ड तथा 46650 स्वयं सहायता समूहों को 32532 लाख सी0आई0एफ0 (कम्यूनिटी इन्वेस्टमैंट फण्ड) अवमुक्त कर आजीविका संवर्द्धन किया गया है।

वित्तीय वर्ष 2025–26 में माह जनवरी, 2026, तक 4726 महिलाओं को संगठित कर 706 समूहों, 288 ग्राम संगठन तथा 31 कलस्टर संगठनों का गठन कर वित्तीय समावेशन के अन्तर्गत 4411 समूहों को 1102.75 लाख परिक्रमी निधि (आर0एफ0), 5559 समूहों को सामुदायिक निवेश निधि के रूप में 4179.30 लाख एवं बैंक लिंकेज कर 23383 समूहों को 34844.81 लाख का ऋण आर्थिक गतिविधियों को संचालित करने हेतु उपलब्ध कराया गया है।

- **आजीविका सम्वर्द्धन**– माननीय मुख्यमंत्री उत्तराखण्ड सरकार द्वारा वर्ष 2025 तक प्रदेश में कुल 1.50 लाख लखपति दीदी बनाए जाने का संकल्प लिया गया है। जिसके परिणाम स्वरूप यू0एस0आर0एल0एम0 द्वारा वित्तीय वर्ष 2022–23 में 40000 लखपति दीदी के लक्ष्य के सापेक्ष 40270, वित्तीय वर्ष 2023–24 में 50000 लक्ष्य के सापेक्ष 52729, वित्तीय वर्ष 2024–25 में 60000 लक्ष्य के सापेक्ष 67165, वित्तीय वर्ष 2025–26 में 120000 लक्ष्य के सापेक्ष वर्तमान तक 91616, इस प्रकार कुल 2.51 लखपति दीदी तैयार की गयी हैं।
- **ग्राम उद्यमिता स्टार्ट–अप कार्यक्रम** (SVEP)- योजना का क्रियान्वयन वित्तीय वर्ष 2019–20 से जनपद देहरादून के सहसपुर विकासखण्ड व उधमसिंहनगर के जसपुर विकासखण्ड तथा वित्तीय वर्ष 2022–23 से जनपद चामोली के जोशीमठ विकासखण्ड व पिथौरागढ के धारचूला विकासखण्ड में प्रारम्भ किया गया है, जिसके अन्तर्गत माह, जनवरी, 2026 तक कुल 5192 उद्यमों की स्थापना कर महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाया गया।

- **फार्म लाइवलिहुड**–यू0एस0आर0एल0एम0 द्वारा फार्म आधारित योजना के अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2020–21 से फार्मलाइवलिहुड के अन्तर्गत 95 विकास खण्डों मे माह जनवरी 2026 409828 महिला किसानों का चयन कर उनका क्षमता विकास कर 360939 सदस्यों का एग्री न्यूट्री गार्डन/किचन गार्डन की स्थापना एवं 670 फार्म मशीनरी बैंक/सी0एच0सी0 की स्थापना विभिन्न रेखीय विभागों के साथ समन्वयन कर संचालित की जा रही है।

- **ए0जी0ई0वाई0 योजना**–योजना अन्तर्गत 25 वाहनों का क्रय कर संगठनों द्वारा संचालित विभिन्न उद्यमों में उपयोग कर लाभार्थियों की आय में बृद्वि की जा रही है।

- **बाजारीकरण**–स्वयं सहायता समूहों द्वारा उत्पादित सामग्री के बाजारीकरण हेतु 13 जनपदों में 33 नैनों पैकेजिंग यूनिट, 19 सरस सेन्टरों को जनपद स्तर पर आउटलेट के रूप में तैयार किया जा रहा है।

  - वित्तीय वर्ष 2023–24 में उत्तराखण्ड़ सचिवालय परिसर में मिलेट बैकरी आउटलेट की स्थापना की गयी है।
  - राज्य स्तर पर रानीपोखरी एवं रायपुर, देहरादून में उत्तरा आउटलेट की स्थापना की गयी है।
  - समूहों के उत्पादों के विपणन हेतु जौलीग्राण्ट एयरपोर्ट एवं देहरादून/हरिद्वार रेलवे स्टेशन पर आउटलेट की स्थापना की गयी है।
  - यू0एस0आर0एल0एम0 द्वारा 163 अस्थायी आउटलेटों के माध्यम से यात्रा रूटों पर समूहों का उत्पाद विक्रय का कार्य किया गया। वित्तीय वर्ष 2026–27 में भी चारधाम यात्रा मार्गो पर समूहों के उत्पादों के आउटलेटों की स्थापना की जायेगी।
- **ग्रोथसेन्टर योजना**–वित्तीय वर्ष 2019–20 से वर्तमान तक एम0एस0एम0ई0 द्वारा संचालित ग्रोथ सेन्टर योजना के अन्तर्गत 24 ग्रोथ सेन्टर संचालित किये जा रहे हैं।

दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्य योजना

दीन दयाल उपध्याय ग्रामीण कौशल्य योजना का उद्देश्य गरीब ग्रामीण युवाओं को कौशल विकास करना और उन्हें न्यूनतम मजदूरी या इससे अधिक नियमित मासिक मजदूरी वाले रोजगार दिलाना है। योजना की मुख्य गतिविधियॉ एवं कौशल मूल्य श्रृंखला के अन्तर्गत मोबिलाइज़ेशन, प्रशिक्षण, मूल्यांकन, प्लेसमेंट आदि मुख्य घटक है। योजनान्तर्गत केन्द्रांश व राज्यांश का अनुपात 90:10 है। योजनान्तर्गत वित्तीय वर्ष 2025–26 में माह जनवरी, 2026 तक 2862 अभ्यर्थियों द्वारा प्रशिक्षण पूर्ण किया

गया, 1979 अभ्यर्थियों को प्रशिक्षण उपरांत रोजगार से जोड़ा गया। योजनान्तर्गत समग्र रूप से अब तक 26575 अभ्यर्थियों को प्रशिक्षित करते हुये 17011 अभ्यर्थियों को प्रशिक्षण उपरांत रोजगार से जोड़ा गया । वित्तीय वर्ष 2025–26 में गत अवशेष सहित कुल उपलब्ध धनराशि रू0 24.32 करोड के सापेक्ष माह जनवरी, 2026 तक रू0 21.81 करोड़ व्यय किया गया है।

तकनीकी प्रशिक्षण प्राप्त करते अभ्यर्थी

डी0डी0यू0जी0के0वाई0 के अंतर्गत आयोजित Alumni Meet में प्रतिभाग करते अभ्यर्थी

वाईब्रेंट विलेज कार्यक्रम

कार्यक्रम का उद्देश्य उत्तरी सीमा पर राज्य क्षेत्र में चिन्हित गांवों का व्यापक विकास करना है, ताकि वहाँ रहने वाले लोगों के जीवन स्तर में सुधार लाया जा सके जिससे उन्हें अपने मूल स्थानों पर रहने के लिये प्रोत्साहित किया जा सके और सीमा सुरक्षा में सुधार हेतु इन गांवों से पलायन को रोका जा सके। भारत सरकार द्वारा योजनान्तर्गत उत्तराखण्ड राज्य में जनपद उत्तरकाशी, चमोली तथा पिथौरागढ के कुल 51 गावों का चयन किया गया है। योजनान्तर्गत जनपदों द्वारा कुल 523 योजनायें रू0 520.13 करोड़ की लागत की एम0आई0एस0 पोर्टल पर भारत सरकार को स्वीकृति हेतु प्रेषित की गयी है, जिनमें से वर्तमान में भारत सरकार द्वारा वी0वी0पी0 के अंतर्गत 118 योजनायें तथा वी0वी0पी0–कनवर्जेन्स 78 योजनाओं को स्वीकृत किया गया है, जिसके सापेक्ष वी0वी0पी0 के अंतर्गत 35 कार्य पूर्ण किये गये हैं। गृह मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा वी0वी0पी0–।। के अंतर्गत जनपद चम्पावत के 11 गांव, पिथौरागढ के 24 गांव, उ0सि0नगर के 05 गांव सम्मिलित किये गये हैं।

जनपद उत्तरकाशी के ग्राम सुक्की में वी0वी0पी0 कनवर्जेन्स के अंतर्गत राजकीय प्राथमिक विद्यालय का पुनर्निर्माण

जनपद पिथौरागढ के ग्राम बुर्फू एवं मिलम में वी0वी0पी0 कार्यक्रम के अंतर्गत सोलर स्ट्रीट लाईट की स्थापना

अध्याय 3
ग्रामीण आवास कार्यक्रम

प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण)
केन्द्र पोषित योजना

लक्ष्य एवं उद्देश्य–पीएमएवाई–जी के अन्तर्गत पात्र सभी बेघर परिवारों और कच्चे तथा जीर्ण–शीर्ण मकानों में रह रहे परिवारों को 2024 तक बुनियादी सुविधायुक्त पक्का आवास उपलब्ध कराने का लक्ष्य है।

मुख्य विशेषताएँ–आवास हेतु "सामाजिक आर्थिक एवं जातिगत जनगणना–2011" (SECC-2011) तथा आवास प्लस सूची से पात्र परिवारों का चयन किया जाता है।

- योजनान्तर्गत पर्वतीय राज्य हेतु नये मकानों के निर्माण हेतु प्रति इकाई लागत ` 1.30 लाख केन्द्रांश एवं राज्यांश (90:10) के अनुपात में अनुमन्य है।
- प्रधानमंत्री आवास योजना–(ग्रा0) के अर्न्तगत निर्धारित मानकों के आधार पर पात्रता सूची में आवासविहीन, शून्य कमरों वाला आवास, 01 कच्चे कमरे वाला आवास, 02 कच्चे कमरों के आवास वाले पात्र परिवारों को प्राथमिकता/वरीयता प्रदान की जाती है।

लाभार्थियों का निर्धारण

- योजनान्तर्गत भारत सरकार द्वारा प्रदत्त लक्ष्य में से 60 प्रतिशत आवास अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति, 15 प्रतिशत अल्पसंख्यक श्रेणी तथा 5 प्रतिशत आवास दिव्यांगों लिए आरक्षित।

किश्तों का आंवटन

- निर्धारित धनराशि ` 1,30,000/– का भुगतान FTO के माध्यम से सीधे पात्र लाभार्थी के बैंक खाते में निम्नानुसार तीन किश्तों में हस्तान्तरित किया जायेगाः–

स्टेज	धनराशि	विवरण
I	` 60,000.00	आवास स्वीकृत होने पर तथा निर्माण स्थल के फोटो ग्राफ अपलोड होने पर
II	` 40,000.00	निरीक्षण लेन्टल लेवल /फोटो ग्राफ अपलोड होने के उपरान्त
III	` 30,000.00	आवास पूर्ण (शौचालय सहित) होने तथा निरीक्षण/फोटो ग्राफ अपलोड होने के उपरान्त

केन्द्राभिसरण

- प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के अन्तर्गत आवास निर्माण हेतु ` 1.30 लाख के अतिरिक्त शौचालय निर्माण हेतु स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) अथवा महात्मा गांधी नरेगा से प्रति इकाई लागत ` 12000/– की सहायता अनुमन्य।
- स्वयं के आवास निर्माण में कार्य हेतु 95 दिवस का श्रमांश मनरेगा जॉब कार्ड धारक परिवार को महात्मा गांधी नरेगा से प्रदान किये जाने का प्राविधान ग्रामीण विकास मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा निर्धारित किया गया है, जिसे लाभार्थी महात्मा गांधी नरेगा अन्तर्गत निर्धारित नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही कर प्राप्त कर सकता है।
- उक्त के अतिरिक्त अन्य मूलभूत सुविधाओं यथा विद्युत, पेयजल, गैस कनेक्शन आदि हेतु संबंधित रेखीय विभागों के साथ कन्वर्जेन्स।

आवास का डिजाईन/नक्शा–

- योजनान्तर्गत आवास निर्माण में सहायता हेतु ग्राम्य विकास विभाग, उत्तराखण्ड द्वारा "लाभार्थी पुस्तिका" का प्रकाशन किया गया है, जिसमें भूकम्परोधी तथा उच्च गुणवत्तायुक्त आवास निर्माण किये जाने हेतु मार्ग–दर्शन/सुझावों के साथ–साथ 04 माडॅल डिजाईन/नक्शे भी दिये गये है, जो निम्नानुसर है–
  - ईंट की दीवार के साथ आर.सी.सी. छत वाला आवास का माडॅल डिजाईन/नक्शा
  - ईंट की दीवार के साथ नालीदार छत वाला आवास का माडॅल डिजाईन/नक्शा
  - पत्थर की दीवार के साथ आर.सी.सी. छत वाला आवास का माडॅल डिजाईन/नक्शा
  - पत्थर की दीवार के साथ आर.सी.सी. छत वाला आवास का माडॅल डिजाईन/नक्शा
  - लाभार्थी अपनी आवश्यकतानुसार एवं सुविधानुसार आवास निर्माण कर सकता है।

कार्यनीति

- आवास का निर्माण लाभार्थी परिवार द्वारा स्वयं किया जायेगा।
- विकास खण्ड में निर्माण कार्य की देख–रेख करने के लिए खण्ड विकास अधिकारी, सहायक खण्ड विकास अधिकारी ग्राम विकास अधिकारी, अवर अभियन्ता मनरेगा, तथा रोजगार सहायक।
- ग्राम पंचायत स्तर पर संबंधित ग्राम विकास अधिकारी उत्तरदाई होगें।

लाभार्थी की भागेदारी

- आवास का निर्माण लाभार्थी परिवार स्वयं करेगा। इसके लिए जरूरी निर्माण सामग्री की व्यवस्था भी लाभार्थी स्वयं करेगें, लाभार्थी कुशल कारीगरों को निर्माण में लगा सकता हैं तथा पारिवारिक श्रम का भी योगदान कर सकते है।

मकानों का आंवटन

- मकानों का आवंटन यथासंभव लाभार्थी परिवार की महिला सदस्य के नाम होना चाहिए, विकल्पतः इसे पति व पत्नी दोनों के नाम आंवटित किया जा सकता है। तथापि यदि परिवार में कोई पात्र महिला सदस्य उपलब्ध न हो तो आवास पात्र परिवार के पुरूष सदस्य के नाम भी आंवटित किया जा सकता है।

आवास निर्माण के महत्वपूर्ण अवयव

- योजनान्तर्गत प्रत्येक आवास का निर्माण कम से कम 25 वर्ग मीटर क्षेत्रफल में एक कक्ष, किचन तथा शौचालय बनाना अनिवार्य होगा।

पारदर्शिता एवं जबाबदेही

- पीएमएवाई–जी के अन्तर्गत चयनित लाभार्थियों का नाम व वरीयता, प्रतीक्षा सूची को पंचायत भवन के सूचना पट पर प्रदर्शित किया जाना।
- आवास निर्माण के निर्धारित तीन चरणों का जियो टैगिंग के माध्यम से फोटोग्राफ एवं निरीक्षण आख्या आवास सॉफ्ट में अपलोड किया जाना।
- प्रत्येक पंचायत पर सामाजिक अंकेक्षण की व्यवस्था जिसमें ग्राम सभा की खुली बैठक में आवास आवंटन, किश्तों की अवमुक्ति तथा समयान्तर्गत गुणवत्तापूर्ण निर्माण कराना।
- प्रत्येक आवास पर नाम पट्टिका, पीएमएवाई–जी का लोगो, जिसमें निर्माण वर्ष, लाभार्थी का नाम अंकित कराया जाना।

कार्य की प्रगति एवं एम.आई.एस. सिस्टम

- आवास की स्वीकृति के साथ ही लाभार्थी का पूर्ण विवरण केन्द्रीकृत डेटाबेस आवास सॉफ्ट में अपलोड किया जायेगा।
- आवास सॉफ्ट डेटाबेस में निर्माण स्थल जहाँ आवास का निर्माण किया जाना है तथा जहाँ अभी लाभार्थी निवास कर रहा है, का जियो टैगिंग से फोटो अपलोड होने के बाद प्रथम किश्त का भुगतान, लिंटल लेबल तक की आवास एप्प के द्वारा आवास की फोटो अपलोड होने के बाद द्वितीय किश्त का भुगतान तथा इसी प्रकार जब आवास शौचालय

सहित पूर्ण हो जाए तो उसकी फोटो आवास सॉफ्ट पर अपलोड करने के बाद अन्तिम किश्त का भुगतान किया जायेगा।

- वित्तीय वर्ष 2025–26 में ग्रामीण विकास मंत्रालय, भारत सरकार से योजनान्तर्गत वर्ष 2025–26 हेतु आवास प्लस की स्थाई प्रतीक्षा सूची शत–प्रतिशत संपृतिकरण के फलस्वरूप आवास निर्माण का लक्ष्य आवंटित नहीं किया गया है। वर्ष 2025–26 में आवास प्लस सूची के गत वर्षों के निर्माणाधीन 365 आवासों के सापेक्ष 41 आवासों को पूर्ण कराया जा चुका है, जिसमें से 01 आवास अनुसूचित जाति के, 40 आवास सामान्य वर्ग हेतु निर्मित कराये गये। शेष निर्माणाधीन 324 आवासों को (धनराशि वसूली– 220 एवं एकल लाभार्थी मृत्यु/स्थाई पलायन– 104) किसी भी दशा में पूर्ण नहीं कराया जा सकता। कुल उपलब्ध धनराशि ` 2719.40 लाख के सापेक्ष ` 315.39 लाख (12%) की धनराशि व्यय की गयी है।

वित्तीय एवं भौतिक प्रगति

वित्तीय उपलब्धि (लाख रू. में) माह जनवरी, 2026

1.04.2025 को अवशेष	2025–26 में अवमुक्त धनराशि			कुल उपलब्ध धनराशि	कुल व्यय धनराशि	व्यय प्रतिशत	अभ्युक्ति
	केन्द्रांश	राज्यांश	अन्य प्राप्ति				
2665.69	0.00	0.00	53.71	2719.40	315.39	12%	–

भौतिक प्रगति (आवास संख्या)

वर्ष	वर्षिक लक्ष्य	निर्मित आवास	कुल निर्मित आवास (सं0)				
			अनु0 जाति	जन0 जाति	महिलायें	अन्य	अल्प संख्यक
2020-21	13197	13107	6954	958	6541	4527	668
2021-22	3007	2992	1548	271	1425	1008	165
2022-23	17875	17741	9965	1570	9542	6031	197
2023-24	22544	21908	171	16	11139	17153	4568
2024-25	0	0	0	0	0	0	0
2025-26	0	0	0	0	0	0	0
कुल	**56623**	**55748**	**18638**	**2815**	**28647**	**28719**	**5598**

नाम– नीमा सामन्त
पति का नाम – श्री रघुनन्दन सिंह सामन्त
आई0डी0– UT 117714952
वित्तीय वर्ष –2020.21
विकास खण्ड– कनालीछीना
जनपद – पिथौरागढ़।

नाम– श्रीमती कलावती देवी
पति का नाम – श्री गणेश राम
आई0डी0– UT 117720040
वित्तीय वर्ष–2020.21
विकास खण्ड– कनालीछीना,– पिथौरागढ़।

नाम– श्रीमती गार्वती देवी
पति का नाम – श्री गंगा सिंह
आई0डी0– UT 117706080
वित्तीय वर्ष–2020.21
विकास खण्ड– गरूड़
जनपद – बागेश्वर।

प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महा अभियान (पीएम–जनमन)

लक्ष्य एवं उद्देश्य– (पीएम–जनमन) आवास के तहत वर्ष 2024 से वर्ष 2026 तक सभी पात्र पाये गये पीवीटीजी (राजी एवं बुक्सा) को पीएमएवाई–जी के तहत बुनियादी सुविधा युक्त पक्के मकान के निर्माण से लाभार्थी परिवारों के जीवन स्तर में गुणात्मक सुधार।

मुख्य विशेषताएँ– आवास हेतु पीवीटीजी ग्रामों में निवासरत सभी पात्र परिवारों (राजी एवं बुक्सा) का चयन मोबाईल एप्प (आवास प्लस) से किया जाता है।

- योजनान्तर्गत पर्वतीय राज्य हेतु नये मकानों के निर्माण हेतु प्रति इकाई लागत ` 2.00 लाख केन्द्रांश एवं राज्यांश (90:10) के अनुपात में अनुमन्य है।

- प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महा अभियान (पीएम–जनमन) आवास के अर्न्तगत निर्धारित मानकों के आधार पर पात्रता सूची में आवासविहीन, शून्य कमरों वाला आवास, 01 कच्चे कमरे वाला आवास, 02 कच्चे कमरों के आवास वाले सभी पात्र राजी/बुक्सा परिवारों को लाभान्वित किया जाता है।

लाभार्थियों का निर्धारण

- पीएम–जनमन चयन के मानकों में लाभार्थी परिवार के बर्हिवेशन के 02 मानक निर्धारित किए गए है।
  1) पक्का आवास वाला परिवार
  2) वह परिवार जिसमें कोई भी सदस्य सरकारी कार्मिक हो।
- उक्त 02 बिन्दुओं के अतिरिक्त सभी पात्र राजी/बुक्सा परिवारों को लाभान्वित किया जाता है।

किश्तों का आंवटन

- निर्धारित धनराशि ` 2,00,000/– का भुगतान FTO के माध्यम से सीधे पात्र लाभार्थी के बैंक खाते में निम्नानुसार तीन किश्तों में हस्तान्तरित किया जायेगा:–

स्टेज	धनराशि	विवरण
I	` 90,000.00	आवास स्वीकृत होने पर तथा निर्माण स्थल के फोटो ग्राफ अपलोड होने पर
II	` 90,000.00	निरीक्षण लेन्टल लेवल /फोटो ग्राफ अपलोड होने के उपरान्त
III	` 20,000.00	आवास पूर्ण (शौचालय सहित) होने तथा निरीक्षण/फोटो ग्राफ अपलोड होने के उपरान्त

केन्द्राभिसरण

- प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के अन्तर्गत आवास निर्माण हेतु ` 2.00 लाख के अतिरिक्त शौचालय निर्माण हेतु स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) अथवा महात्मा गांधी नरेगा से प्रति इकाई लागत ` 12000/– की सहायता अनुमन्य।
- स्वयं के आवास निर्माण में कार्य हेतु 95 दिवस का श्रमांश मनरेगा जॉब कार्ड धारक परिवार को महात्मा गांधी नरेगा से प्रदान किये जाने का प्राविधान ग्रामीण विकास मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा निर्धारित किया गया है, जिसे लाभार्थी महात्मा गांधी नरेगा अन्तर्गत निर्धारित नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही कर प्राप्त कर सकता है।
- उक्त के अतिरिक्त अन्य मूलभूत सुविधाओं यथा विद्युत, पेयजल, गैस कनेक्शन आदि हेतु संबंधित रेखीय विभागों के साथ कन्वर्जेन्स।

कार्यनीति

- आवास का निर्माण लाभार्थी परिवार द्वारा स्वयं किया जायेगा।
- विकास खण्ड में निर्माण कार्य की देख–रेख करने के लिए खण्ड विकास अधिकारी, सहायक खण्ड विकास अधिकारी ग्राम विकास अधिकारी, अवर अभियन्ता मनरेगा, तथा रोजगार सहायक।
- ग्राम पंचायत स्तर पर संबंधित ग्राम विकास अधिकारी उत्तरदाई होगें।

लाभार्थी की भागेदारी

- आवास का निर्माण लाभार्थी परिवार स्वयं करेगा। इसके लिए जरूरी निर्माण सामग्री की व्यवस्था भी लाभार्थी स्वयं करेगें, लाभार्थी कुशल कारीगरों को निर्माण में लगा सकता हैं तथा पारिवारिक श्रम का भी योगदान कर सकते है।

मकानों का आंवटन

- मकानों का आवंटन यथासंभव लाभार्थी परिवार की महिला सदस्य के नाम होना चाहिए, विकल्पतः इसे पति व पत्नी दोनों के नाम आंवटित किया जा सकता है। तथापि यदि परिवार में कोई पात्र महिला सदस्य उपलब्ध न हो तो आवास पात्र परिवार के पुरूष सदस्य के नाम भी आंवटित किया जा सकता है।

आवास निर्माण के महत्वपूर्ण अवयव

- योजनान्तर्गत प्रत्येक आवास का निर्माण कम से कम 25 वर्ग मीटर क्षेत्रफल में एक कक्ष, किचन तथा शौचालय बनाना अनिवार्य होगा।

पारदर्शिता एवं जबाबदेही

- पीएमएवाई–जी के अन्तर्गत चयनित लाभार्थियों का नाम व वरीयता, प्रतीक्षा सूची को पंचायत भवन के सूचना पट पर प्रदर्शित किया जाना।

- आवास निर्माण के निर्धारित तीन चरणों का जियो टैगिंग के माध्यम से फोटोग्राफ एवं निरीक्षण आख्या आवास सॉफ्ट में अपलोड किया जाना।
- प्रत्येक पंचायत पर सामाजिक अंकेक्षण की व्यवस्था जिसमें ग्राम सभा की खुली बैठक में आवास आवंटन, किश्तों की अवमुक्ति तथा समयान्तर्गत गुणवत्तापूर्ण निर्माण कराना।
- प्रत्येक आवास पर नाम पट्टिका, पीएमएवाई–जी का लोगो, जिसमें निर्माण वर्ष, लाभार्थी का नाम अंकित कराया जाना।

कार्य की प्रगति एवं एम.आई.एस. सिस्टम

- आवास की स्वीकृति के साथ ही लाभार्थी का पूर्ण विवरण केन्द्रीकृत डेटाबेस आवास सॉफ्ट में अपलोड किया जायेगा।
- आवास सॉफ्ट डेटाबेस में निर्माण स्थल जहाँ आवास का निर्माण किया जाना है तथा जहाँ अभी लाभार्थी निवास कर रहा है, का जियो टैगिंग से फोटो अपलोड होने के बाद प्रथम किश्त का भुगतान, लिंटल लेबल तक की आवास एप्प के द्वारा आवास की फोटो अपलोड होने के बाद द्वितीय किश्त का भुगतान तथा इसी प्रकार जब आवास शौचालय सहित पूर्ण हो जाए तो उसकी फोटो आवास सॉफ्ट पर अपलोड करने के बाद अन्तिम किश्त का भुगतान किया जायेगा।

- पीएम–जनमन अन्तर्गत ग्रामीण विकास मंत्रालय, भारत सरकार से प्राप्त लक्ष्य 2140 आवास निर्माण के लक्ष्य के सापेक्ष 2140 आवासों को स्वीकृत करते हुए कुल 1668 आवासों को पूर्ण कराया जा चुका है। शेष निर्माणाधीन 472 आवासों को माह मार्च, 2026 तक पूर्ण कराया जायेगा।
- पीएम–जनमन अन्तर्गत प्राप्त वर्ष 2023–24 से आतिथि तक अवमुक्त रू. 29.32 करोड़ की धनराशि के सापेक्ष रू. 39.83 करोड़ का व्यय किया जा चुका है (आधिकक्य व्यय की धनराशि का वहन पीएमएवाई–जी से भारत सरकार के निर्देशानुसार किया जा रहा है)।

नाम– भीम सिंह
पिता का नाम – गुमानी सिंह
आई0डी0 – UT151755638
विकासखण्ड – बाजपुर
जनपद – ऊधमसिंह नगर

नाम – श्रीमती धना देवी
पति का नाम – श्री जनक सिंह
आई0डी0 – UT151755964
विकासखण्ड – धम्पावत
जनपद – धम्पावत

नाम– श्रीमती भावना देवी
पति का नाम – श्री रमेश सिंह
आई0डी0 – UT151756109
विकासखण्ड – धारचूला
जनपद – पिथौरागढ़

अध्याय 4
ग्रामीण संयोजकता

प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना
(केन्द्र पोषित योजना)

प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में 250 एवं इससे अधिक आबादी के सभी असंयोजित बसावटों को बारहमासी मार्गों से संयोजित किया जाना है। पी0एम0जी0एस0वाई0 के अन्तर्गत नये फंडिंग पैटर्न के अनुसार 90:10 के अनुपात में धनराशि वहन किये जाने का प्रावधान है। इसके अतिरिक्त मार्गों के निर्माण हेतु नियोजन चरण में समरेखण में आने वाली निजी भूमि प्रतिकर, निजी सम्पत्ति प्रतिकर, वन भूमि प्रतिकर में क्षतिपूरक वृक्षारोपण, एन0पी0वी0 एवं 100 मी0 से अधिक स्पान के सेतुओं के निर्माण हेतु आनुपातिक व्यय राज्य सरकार द्वारा वहन किया जाता है तथा मार्गों के पूर्ण होने के पश्चात् उनके अनुरक्षण पर होने वाला व्यय भी राज्य सरकार द्वारा वहन किया जाता है।

प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना (माह जनवरी, 2026 तक)

- पी0एम0जी0एस0वाई0–I, II एवं III के अन्तर्गत ग्रामीण विकास मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा कुल 250 से अधिक जनसंख्या की 1864 बसावटों के संयोजन हेतु ` 12223 करोड़ के 2995 कार्य स्वीकृत हैं तथा इसके सापेक्ष आलोच्य अवधि तक ` 11309 करोड़ की धनराशि व्यय की जा चुकी है।
- उपरोक्त तीनों चरणों में कुल स्वीकृत 2995 कार्यों, लम्बाई–22552 किमी0 के सापेक्ष 2773 कार्य पूर्ण किये जा चुके हैं तथा 21545 किमी0 लम्बाई पर निर्माण कार्य पूर्ण कर 250 से अधिक आबादी की 1860 बसावटों को संयोजित किया गया है।
- पी0एम0जी0एस0वाई0–IV के अन्तर्गत 250 से अधिक जनसंख्या की 309 बसावटों के संयोजन हेतु ` 1707 करोड़ के 184 कार्य स्वीकृत किये गये हैं, जो निविदा प्रक्रियाधीन हैं।
- वर्ष 2023–24 में ` 800 करोड़ व्यय कर 608 किमी0 लम्बाई पर निर्माण कार्य पूर्ण किया गया है तथा 06 बसावटों को संयोजकता प्रदान की गई है।
- वर्ष 2024–25 में ` 934 करोड़ व्यय कर 969 किमी0 लम्बाई पर निर्माण कार्य पूर्ण किया गया है तथा 15 बसावटों को संयोजकता प्रदान की गई है।
- वर्ष 2025–26 में आलोच्य अवधि तक ` 353 करोड़ व्यय कर 497 किमी0 लम्बाई पर निर्माण कार्य पूर्ण किया गया है।
- Vibrant Village Programme (VVP) के अन्तर्गत 07 असंयोजित बसावटों को सड़क सम्पर्क से जोड़े जाने हेतु स्वीकृत 04 मार्गों, निर्माण लागत ` 55 करोड़ पर निर्माण कार्य प्रगति पर है।
- योजनान्तर्गत गुणवत्ता नियन्त्रण की त्रिस्तरीय प्रणाली भारत सरकार द्वारा निर्धारित की गई है, जिसमें प्रथम स्तर पर विभागीय अधिकारियों द्वारा, द्वितीय स्तर पर राज्य सरकार द्वारा नियुक्त स्टेट क्वालिटी मॉनिटर्स (सेवानिवृत्त मुख्य अभियन्ता एवं अधीक्षण अभियन्ता) द्वारा एवं तृतीय स्तर पर भारत सरकार द्वारा नियुक्त नेशनल क्वालिटी मॉनिटर्स (सेवानिवृत्त मुख्य अभियन्ता एवं अधीक्षण अभियन्ता) द्वारा कार्यों का नियमित निरीक्षण किया जाता है।
- मार्ग पूर्ण होने पर मार्ग पर बस संचालन को अनिवार्य किया गया है, जिसमें स्थानीय जनप्रतिनिधि व ग्रामीणों को बैठाकर सड़क पर बस का संचालन किया जाता है।

- मार्गों का अनुरक्षण ई–मार्ग एवं PBMC के माध्यम से किया जा रहा है।
- प्रदेश में सीमित कार्यावधि एवं निर्माण सामग्री की अनुपलब्धता को दृष्टिगत रखते हुए सड़क निर्माण हेतु नई तकनीक यथा–कोल्ड मिक्स एवं सीमेन्ट स्टेबिलाइजेशन आदि के प्रयोग भी किये जा रहे हैं, ताकि जिन कार्यस्थलों पर सामग्री उपलब्ध न हो अथवा जहां मौसम अधिक ठंडा हो तथा कार्य करने के लिए पर्याप्त अनुकूल कार्यावधि उपलब्ध न हो, उसमें भी मार्ग निर्माण का कार्य किया जा सके। इसके अतिरिक्त मार्ग निर्माण हेतु प्रस्तावित नई डी0पी0आर0 में नैनो टैक्नोलॉजी का प्रयोग भी प्रस्तावित किया गया है।
- भारत सरकार द्वारा योजनान्तर्गत Meri Sadak App के माध्यम से नागरिक प्रतिक्रिया प्रणाली प्रारम्भ की गई है, जिसके माध्यम से योजना के कार्यों के विषय में नागरिकों द्वारा अपनी प्रतिक्रिया, शिकायत एवं सुझाव दिये जा सकते हैं ताकि योजना के कार्यों में और अधिक सुधार किया जा सके।

दन्या आरासलपर मोटर मार्ग, अल्मोड़ा

कसियालेख–बुगीबाना मोटर मार्ग, नैनीताल

वित्तीय वर्ष 2026–27 हेतु कार्ययोजना

प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना

राज्यांश में वित्तीय वर्ष 2026–27 के लिए ` 1231 करोड़ की आवश्यकता होगी, जिसके अन्तर्गत नियोजन चरण में मार्गों के निर्माण हेतु निजी भूमि प्रतिकर, निजी सम्पत्ति प्रतिकर, वन भूमि प्रतिकर में क्षतिपूरक वृक्षारोपण, एन0पी0वी0, व्यय आधिक्य, पूर्ण मार्गों के अनुरक्षण, दैवीय आपदा से क्षतिग्रस्त मार्गों के पुनर्निर्माण/बन्द मार्गों पर तत्काल यातायात उपलब्ध कराने एवं अधिष्ठान इत्यादि का भुगतान किया जाना प्रस्तावित है।

अध्याय 5
अन्य कार्यक्रम

सामुदायिक विकास योजना
(जिला सेक्टर योजना)

योजनान्तर्गत विकास भवन के कार्यालय तथा विकास खण्डो के आवासीय/ अनावासीय भवनों का निर्माण कराया जाता है। योजना के अर्न्तगत वित्तीय 2025–26 में माह जनवरी, 2026 तक कुल उपलब्ध धनराशि ` 21.93करोड़ लाख के सापेक्ष ` 19.74करोड़ व्यय करते हुये 27 कार्य (आवासी/अनावासी भवन) पूर्ण किये गये।

विधायक निधि
(राज्य पोषित योजना)

वर्तमान में राज्य सरकार द्वारा ` 5.00 करोड प्रति माननीय विधायक धनराशि प्रति वर्ष देय है जिससे प्रत्येक विधान सभा के माननीय सदस्यों द्वारा क्षेत्र में अनुभव की जा रही आवश्यकताओं के अनुसार मूलभूत बुनियादी आवश्यकताओं तथा स्थानीय जनता की मांग आधारित कार्यो की पूर्ति हेतु संबधित मुख्य विकास अधिकारियों को प्रस्ताव प्रस्तुत किये जाते हैं। कार्यो का क्रियान्वयन सरकारी विभाग, पंचायतीराज संस्थायें तथा अन्य संस्थाओं के द्वारा सम्पादित किया जाता है।

वित्तीय एवं भौतिक प्रगति (धनराशि करोड़ में) माह जनवरी, 2026

1.04.2025 को अवशेष	अवमुक्त धनराशि	कुल उपलब्ध धनराशि	व्यय	व्यय प्रतिशत	कुल लिये गये कार्य	पूर्ण कार्य	अनुसूचित जाति के कार्य	अनुसूचित जनजाति के कार्य	सामान्य जाति के कार्य
280.14	350.00	630.14	242.84	39	24022	7988	1826	219	5943

हाउस ऑफ हिमालयाज

मा0 प्रधानमंत्री जी द्वारा 2 करोड़ लखपति दीदीयों को केन्द्र में रखकर उत्तराखण्ड के लिए Invester Summit के दौरान House of Himalayas ब्रांड का लोर्कापण किया गया। वर्तमान में ब्राण्ड द्वारा उत्तराखण्ड के उच्च गुणवत्ता के 27 उत्पादों को प्रसंस्कृत करते हुए मुख्यतः E Commerce, Modern Trade, Q-Commerce, Institution एवं Website के द्वारा इन उत्पादों को राष्ट्रीय एवं वैश्विक स्तर पर Promote किया जा रहा है। अब तक Brand द्वारा लगभग ` 106 लाख के उत्पाद विभिन्न जनपदों के 43 CLF/LCs की स्वयं सहायता समूह की महिलाओं के साथ उच्च गुणवत्ता को बनाए रखते हुए FSSAI मानकों के अनुरूप खरीददारी की जा रही हैं। साथ ही इस सीजन में ` 4.00 करोड़ के सापेक्ष ` 1.00 करोड़ की खरीददारी गतिमान है, जिससे कि 5000 किसानों/काश्तकारों/हस्तशिल्पियों को प्रत्यक्ष रूप से लाभ मिलेगा, साथ ही किसानों/काश्तकारों/हस्तशिल्पियों को उच्च गुणवत्ता के उत्पादों के उत्पादन हेतु अलग–अलग सेक्टर में प्रशिक्षण भी दिया जा रहा है। House of Himalayas के माध्यम से विभिन्न उत्पादों की ` 3.70 करोड़ का विक्रय किया जा चुका है।

मेरा गांव मेरी सड़क योजना
(राज्य पोषित योजना)

उत्तराखण्ड राज्य एक पर्वतीय राज्य होने तथा भौगोलिक, आर्थिक एवं संसाधनिक परिस्थितियों के कारण राज्य की मूल आवश्यकताएं, प्राथमिकताएं, आधार तथा मानक मैदानी राज्यों से भिन्न हैं. राज्य में ग्रामीण क्षेत्रों में सम्पर्क विहीन पात्र बसावटों को सड़कों से जोड़ने की आवश्यकता महसूस की जा रही है। राज्य के दुर्गम/अति दुर्गम क्षेत्रों के स्थानीय लोगों को आम जनमानस से जोड़ने तथा उनकी मूलभूत आवश्यकताओं की पूर्ति हेतु मुख्य सड़कों से जोड़ने की अत्यंत आवश्यकता है ताकि ये अन्य लोगों के सम्पर्क में आसानी से आ सकें साथ ही गांव की पैदावार को बाजार उपलब्ध कराते हुए अपनी आजीविका में सुधार कर सकें तथा गांवों से हो रहे पलायन को रोका जा सके। इस उद्देश्य को पूर्ण करने हेतु "मेरा गांव मेरी सड़क" योजना प्रारम्भ की गयी है।

योजनान्तर्गत वर्ष 2023–24 एवं 2024–25 में कुल अवमुक्त धनराशि ` 3975.54 लाख के सापेक्ष माह मार्च, 2025 तक ` 1717.50 लाख व्यय किया गया है। वित्तीय वर्ष 2025–26 में अवमुक्त धनराशि ` 1415.94 लाख के सापेक्ष माह जनवरी, 2025 तक ` 135.18 लाख व्यय किया गया है। योजनान्तर्गत कुल स्वीकृत 169 सड़कों के सापेक्ष माह जनवरी, 2026 तक 110 सड़कें लम्बाई 109.20 कि०मी० पूर्ण की गयी, 59 सड़कों पर कार्य प्रगति पर है।

G.P – Raygi, Block – Kalsi, Dist. – Dehradun

G.P- Maindrath, Block – Kalsi, Dist. - Dehradun

G.P- Surimalli, Block – Zahrikhal, Dist. - Pauri

इन्दिरा अम्मा भोजनालय
(राज्य पोषित योजना)

समाज के गरीब एवं जरूरतमंद वर्ग को पौष्टिक एवं सस्ता भोजन उपलब्ध कराये जाने के उददेश्य से मा0 मुख्यमंत्री जी द्वारा 15 अगस्त, 2015 को देहरादून नगर में प्रयोग के तौर उत्तराखण्ड राज्य में सस्ते भोजन की कैंटीन की व्यवस्था की गई है जिसका नाम "इन्दिरा अम्मा भोजनालय" है। इन्दिरा अम्मा भोजनालय की स्थापना प्रत्येक जनपद के मुख्यालय में की गयी है। कैंटीन मुख्य विकास अधिकारी के पर्यवेक्षण/नियत्रंणाधीन है। कैंटीन महिला स्वयं सहायता समूहों द्वारा संचालित हो रही हैं। शहरी निकायों के क्षेत्रों में राष्ट्रीय शहरी मिशन (NULM) के अर्न्तगत आने वाले स्वयं सहायता समूह भी इन्दिरा अम्मा कैंटीन के संचालन हेतु पात्र हो सकते हैं, इन्हें ग्राम्य विकास विभाग द्वारा अनुदान दिया जाना है।

योजनान्तर्गत प्रति थाली पर्वतीय क्षेत्रो में ` 25.00 एवं जनपद देहरादून, हरिद्वार, ऊधमसिंह नगर, एवं नैनीताल में प्रति थाली दर ` 20.00 उपभोक्ता से लिया जा रहा है तथा ` 10.00 राज्य सरकार द्वारा अनुदान के रूप प्रति थाली वहन किया जाता है। वर्तमान में 24 इन्दिरा अम्मा भोजनालय संचालित हैं। गत अवशेष सहित कुल उपलब्ध धनराशि ` 60.00 लाख के सापेक्ष माह जनवरी, 2026 तक अनुदान के रूप में ` 42.73 लाख की धनराशि दी गयी।

मुख्यमंत्री उद्यमशाला योजना
(राज्य पोषित योजना)

योजना का कियान्वयन राज्य में उद्यमशीलता पारिस्थितिकी तंत्र विकसित करने एवं बढ़ावा देने, स्वरोजगार को प्रोत्साहित करने, स्थानीय अर्थव्यवस्था को मजबूत करते हुये राज्य से युवाओं के पलायन को कम करना तथा रिवर्स माइग्रेशन को बढ़ावा देना साथ ही राज्य के निवासियों को स्वरोजगार हेतु प्रोत्साहित करने एवं उद्यम स्थापना हेतु प्रारम्भ से अंत तक उद्यमियों को सहयोग प्रदान करना है। इस योजना का मुख्य उद्देश्य राज्य के ग्रामीण युवा, राज्य में गठित स्वंय सहायता समूहों के सदस्य, ग्रामीण उद्यमी जो कि खुद का व्यापार स्थापित करने के इच्छुक हों या पहले से चल रहे उद्यम को बढ़ाना (अपस्केल) करना चाहते हों को विभिन्न सेवायें यथा–इन्क्यूबेशन प्रशिक्षण कार्यक्रम का लाभ, तकनीकी एवं व्यावसायिक (वोकेशनल) प्रशिक्षण, बिज़नेस प्लान तैयार करने में सहायता, जरूरी कानूनी प्रकियाओं (लीगल कम्पलायेन्स) के लिये मार्गदर्शन, बाजार तक अपने प्रोडक्ट और सर्विसेज़ की बेहतर पहुँच हेतु सहयोग, विपणन में सहयोग प्रदान किया जाता है।

योजनान्तर्गत वित्तीय वर्ष 2025–26 में माह जनवरी, 2026 तक 5004 इन्क्यूबेटीज़ को विभिन्न सेवायें प्रदान करते हुये इन्क्यूबेशन सहयोग प्रदान किया गया, योजनान्तर्गत समग्र रूप से अब तक कुल 9000 से अधिक इन्क्यूबेटीज को इन्क्यूबेशन सहयोग प्रदान किया जा चुका है।

मुख्यमंत्री उद्यमशाला योजनान्तर्गत उद्यमिता विकास कार्यक्रम जनपद चमोली

मुख्यमंत्री उद्यमशाला योजनान्तर्गत उद्यमिता विकास कार्यक्रम जनपद नैनीताल

मुख्यमंत्री सीमान्त क्षेत्र विकास योजना (एमबीएडीपी)
(राज्य पोषित योजना)

उत्तराखण्ड राज्य के अर्न्तराष्ट्रीय सीमा से सटे पाँच जनपदों के नौ विकास खण्डों क्रमशः जनपद चमोली के जोशीमठ, उत्तरकाशी के भटवाड़ी, उधमसिंह नगर के खटीमा, चम्पावत के लोहाघाट तथा चम्पावत एवं जनपद पिथौरागढ़ के विकासखण्ड धारचूला, मूनस्यारी, कनालीछीना तथा मूनाकोट जो कि सामरिक दृष्टि से अतिसंवेदनशील एवं महत्वपूर्ण हैं, में पलायन रोकने के उद्देश्य से इन विकास खण्डों में आवासित जनमानस को सामुदायिक विकास आधारित आजीविका सृजन, स्वरोजगार हेतु कौशल विकास कार्यक्रमों का क्रियान्वयन तथा समग्र आजीविका विकास कार्यक्रम के क्रियान्वयन, मूल्य संवर्धन, विपणन आदि आवश्यक सतत् आजीविका के संसाधन एवं सुविधायें ससमय उपलब्ध कराया जाना नितान्त आवश्यक है। इस योजना के माध्यम से शीर्ष प्राथमिकता के आधार पर 0–10 कि0मी0 (अर्न्तराष्ट्रीय सीमा से सटा प्रथम गॉव को 0 कि0मी0 मानते हुए) मूलभूत अवस्थापना सुविधाओं से युक्त करना है, साथ ही वहां आवासित जनमानस को स्वरोजगार हेतु कौशल विकास प्रशिक्षण तथा आजीविका के साधन भी उपलब्ध कराने पर विशेष बल दिया गया है। इस योजना के तहत इन 9 सीमांत विकास खण्डों के गॉवों में कृषि/बागवानी, पशुपालन आधारित सेक्टरों में आजीविका विकास, ग्रोथ सेन्टरों की स्थापना, स्वरोजगार स्थापना सबंधी कौशल विकास, विशेष आजीविका विकास परियोजनायें/नवाचार योजनायें, आजीविका मॉडल गॉवों का विकास आदि घटकों में इस योजना के तहत प्राप्त निधि का उपयोग किया जाता है। योजना शतप्रतिशत राज्य पोषित है, योजना का कियान्वयन वित्तीय वर्ष 2020–21 से किया जा रहा है, योजनान्तर्गत वित्तीय वर्ष 2025–26 में कुल

जनपद चम्पावत के ग्राम पंचायत ककनई में फसल सुरक्षा हेतु घेराबंदी

जनपद पिथौरागढ़, विकास खण्ड बेरीनाग के ग्राम स्थियात में पॉली हाऊस

उपलब्ध धनराशि रू0 22.73 करोड़ के सापेक्ष माह जनवरी, 2026 तक रू0 15.18 करोड़ की धनराशि व्यय की गयी, योजनान्तर्गत वित्तीय वर्ष 2025–26 में 250 स्वीकृत कार्यों के सापेक्ष 119 कार्य पूर्ण किये गये हैं शेष पर कार्य गतिमान है।

मुख्यमंत्री पलायन रोकथाम योजना
(राज्य पोषित योजना)

योजना का मुख्य उद्देश्य ग्राम्य विकास एवं पलायन निवारण आयोग द्वारा चिन्हित 50 प्रतिशत तक पलायन प्रभावित कुल 474 गांवों में आवासित परिवारों /बेरोजगार युवाओं/रिवर्स माइग्रेन्ट्स आदि को स्वरोजगार को उपलब्ध कराने हेतु वर्तमान में कियान्वित विभिन्न विभागीय योजनाओं तथा गैप फिलिंग के रूप में इस योजना के तहत आवश्यक वित्तीय सहायता के माध्यम पलायन रोकना तथा रिर्वस पलायन को बढावा देना है। इस योजना के तहत कृषि, उद्यान तथा पशुपालन से संबंधित स्वरोजगार परक/कौशल विकास की योजनाओं प्राथमिकता दी जायेगी।

योजना का कियान्वयन वित्तीय वर्ष 2020–21 से किया जा रहा है, वित्तीय वर्ष 2025–26 में कुल उपलब्ध धनराशि रू0 15.24 करोड़ के सापेक्ष माह जनवरी, 2026 तक रू0 10.54 करोड़ की धनराशि व्यय की गयी। वित्तीय वर्ष 2025–26 में 662 स्वीकृत कार्यो के सापेक्ष 564 कार्य पूर्ण किये गये हैं शेष पर कार्य गतिमान है।

जनपद नैनीताल में शिल्प इम्पोरियम छड़ाखैरना आउटलेट की स्थापना

जनपद चमोली में खाद्य प्रसंस्करण के संबंध में तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन

अध्याय 6
अन्य कार्यक्रम

1) उत्तराखण्ड ग्राम्य विकास एवं पंचायती राज संस्थान (रूद्रपुर)

उत्तराखण्ड ग्राम्य विकास एवं पंचायती राज संस्थान की स्थापना उत्तराखण्ड शासन द्वारा सितम्बर, 2002 में एक स्वशासी संस्थान के रुप में की गई। संस्थान द्वारा वित्तीय वर्ष 2025–26 में कुल 112 विभिन्न प्रशिक्षण कार्यक्रमों (3520 प्रतिभागी) के लक्ष्य के सापेक्ष माह जनवरी, 2026 तक कुल 61 प्रशिक्षण कार्यक्रम इन कैम्पस आयोजित कर 1869 प्रतिभागियों को प्रशिक्षित किया गया है।

संस्थान द्वारा आवर्ती बजट से शासकीय एवं अशासकीय कर्मियों तथा सी0आर0पी0 व एस0एच0जी0 सदस्यों का अभिमुखीकरण 32 प्रशिक्षण (937 प्रतिभागी), एन.आई.आर.डी.पी.आर. के सहयोग से 4 प्रशिक्षण (116 प्रतिभागी), एन.आर.एल.एम. के अन्तर्गत एस.एच.जी., सी.आर.पी. व सी.एल.एफ. के 10 प्रशिक्षण (383 प्रतिभागी), आई0ए0एस0 प्रशिक्षुओं हेतु 1 प्रशिक्षण 03 प्रतिभागी, पी0एम0ए0वाई0–जी0 के अन्तर्गत एस0एच0जी0 के लिए घर में लिंटर डालने हेतु शटरिंग कार्य पर 03 प्रशिक्षण 115 प्रतिभागी तथा अन्य विभागों के समन्वय से आयोजित 8 प्रशिक्षण (ए.टी.आई., एड्स कन्ट्रोल सोसाइटी) 232 प्रतिभागी तथा अन्य आयोजित 3 इवेंन्ट (योगा दिवस, स्वतंत्रता/गणतंत्र दिवस) 83 प्रतिभागी सम्मिलित हैं।

वर्ष 2025–26 में माह जनवरी 2026 तक आवर्ती मद (वेतन भत्ते एवं आकस्मिक व्यय, प्रशिक्षण) के सापेक्ष ` 84.59 लाख (` चौरासी लाख उनसठ हजार मात्र) राज्यांश तथा ` 56.21 लाख (` छप्पन लाख इक्काईस हजार मात्र) केन्द्रांश सहित कुल ` 140.80. लाख (` एक करोड़ चालीस लाख अस्सी हजार) व्यय हो चुका है।

ग्रामीण आजीविका: स्थानीय संसाधनों पर आधारित उत्पाद विकास एवं मूल्य संवर्धन प्रशिक्षण

एकीकृत खेती विषयक प्रशिक्षण

Integrated Watershed Development in the context of RD & Panchayati Officials

ToT on "Farm & Non-Farm Value Chain-Linking SHG Enterprises with Supply Channel-Training of NRLM

2) प्रसार प्रशिक्षण केन्द्र

उत्तराखण्ड में पाँच क्षेत्रीय ग्राम विकास संस्थान तथा तीन ज़िला ग्राम विकास संस्थान का उच्चीकरण करते हुए 08 प्रसार प्रशिक्षण केन्द्र क्रमशः रूद्रपुर (उ0सि0नगर), हल्द्वानी (नैनीताल), हवालबाग (अल्मोड़ा), थरकोट (पिथौरागढ़), हरिद्वार, शंकरपुर (देहरादून), पौड़ी, गोपेश्वर (चमोली) में स्थापित किये गये हैं। इन प्रसार प्रशिक्षण केन्द्रों में विकास विभागों से सम्बन्धित अधिकारियों/कर्मचारियों, राजस्व उप निरीक्षण (पटवारी/लेखपाल) एवं परियोजना से लाभान्वित लाभार्थियों, एस0एच0जी0 महिलाओं को प्रशिक्षण प्रदान किया जाता है. इसके अतिरिक्त रोज़गार एवं स्वरोज़गार परक कार्यक्रमों, जलागम सम्बन्धी कार्यक्रमों सम्बन्धी कार्यक्रमों, त्रिस्तरीय पंचायतीराज के पदाधिकारियों का प्रशिक्षण आदि विषयों पर प्रशिक्षण एवं क्षमता विकास के कार्यक्रम संचालित किये जाते हैं।

वित्तीय वर्ष 2025–26 में विभागीय अधिकारी/कर्मचारियों के लिए सेवाकालीन प्रशिक्षण जिसमें 36 प्रशिक्षण सत्र आयोजित करते हुये कुल 1103 कर्मचारियों को नियोजन एवं क्रियान्वयन का प्रशिक्षण प्रदान किया गया। इसके अतिरिक्त 73 प्रशिक्षण सत्र आयोजित करते हुय 2534 प्रशिक्षणार्थियों को रोज़गार एवं स्वरोज़गार (आजीविका एवं मनरेगा) सम्बन्धी प्रशिक्षण दिया गया। उक्त के अतिरिक्त 173 अन्य प्रशिक्षण सत्र आयोजित करते हुये कुल 6245 प्रशिक्षणार्थियों को विभिन्न योजनाओं सम्बन्धी प्रशिक्षण दिया गया। इस प्रकार प्रसार प्रशिक्षण केन्द्रों द्वारा कुल 282 प्रशिक्षण सत्र आयोजित करते हुये 9882 प्रतिभागियों को प्रशिक्षण प्रदान किया गया।

अध्याय 7
आईफैड–बाह्य सहायतित परियोजना

ग्रामीण उद्यम वेगवृद्धि परियोजना (REAP)– ग्रामोत्थान

ग्राम्य विकास विभाग, उत्तराखण्ड के अन्तर्गत अंतराष्ट्रीय कृषि विकास निधि (IFAD) के वित पोषण से बाह्य सहायतित परियोजना "Rural Enterprise Acceleration Project- REAP (ग्रामीण उद्यम वेगवृद्धि परियोजना)" स्वीकृत हुई है। परियोजना का कियान्वयन उत्तराखण्ड के 13 जनपदो के सभी 95 विकासखण्डो में की जा रही है। परियोजना का लक्ष्य कृषि आधारित गतिविधियों में कृषि उपकरणों के उपयोग से महिला श्रम न्यूनीकरण एवं बुआई की लागत को कम करना एंव परियोजना अन्तर्गत गठित उत्पादक समूहों/आजीविका संघों को बैंको के माध्यम से वित्तीय सहयोग कराते हुये वित्तीय जोखिमों हेतु क्षमता विकास एवं आय अर्जक गतिविधियों में निवेश एवं ग्रामीण उद्यमों को प्रोत्साहित करते हुये ग्रामीण परिवारों की आय को दोगुना करने में योगदान देना है।

परियोजना की अवधि संक्षिप्त विवरण :
परियोजना वर्ष 2022–23 से वर्ष 2028–29 तक कुल 7 वर्ष की अवधि के लिए स्वीकृत हुई है। परियोजना का कियान्वयन उत्तराखण्ड के सभी 13 जनपदों के चयनित 95 विकासखण्डों में किया जा रहा है।

परियोजना क्षेत्रः
परियोजना राज्य के सभी 13 जनपदों में संचालित की जा रही है। उत्तराखण्ड ग्राम्य विकास समिति (UGVS) द्वारा अल्मोड़ा, बागेश्वर, पिथौरागढ़, चमोली, रूद्रप्रयाग, टिहरी, पौड़ी, उत्तरकाशी, नैनीताल, चम्पावत, हरिद्वार, उधमसिंह नगर एवं देहरादून जनपदों के सभी 95 विकासखण्डों में परियोजना का क्रियान्वयन ILSP एवं USRLM द्वारा गठित ग्रामीण सामुदायिक संगठनों के द्वारा ग्रामीण उद्यमों की स्थापना के उद्देश्य से किया जायेगा।

उपरोक्त सभी जनपदों में उत्पादक समूह व आजीविका संगठनों द्वारा स्थापित उद्यमों में वित्तीय संस्थाओं से वित्त पोषण का कार्य, उत्तराखण्ड पर्वतीय आजीविका संवर्द्धन कम्पनी (उपासक) के द्वारा करवाया जा रहा है। उपासक, कम्पनीज एक्ट के अन्तर्गत पंजीकृत ग्राम्य विकास विभाग उत्तराखण्ड शासन की संस्था है।

परियोजना के घटक

घटक–1) बाजार आधारित – समावेशी क्लस्टर विकास	आजीविका विविधीकरण, क्लस्टर आधारित कृषि व्यवसाय विकास, संस्थागत विकास, उत्पादन और विपणन सहायता, उद्यम समर्थन।
घटक–2) उद्यम विकास के लिए पारिस्थितिकी तंत्र	समर्थन सेवाओं और बाजार के बुनियादी ढांचे को मजबूत करना, स्थायी वित्त तक पहुंच, नवाचार और व्यापार को बढ़ाना।
घटक–3) परियोजना प्रबंधन और ज्ञान प्रबंधन	परियोजना प्रबंधन, समन्वय, ज्ञान प्रबंधन, योजना, निगरानी और मूल्यांकन।

परियोजना की लागत एवं सहभागी अंशदानः

परियोजना की कुल लागत 2778.68 करोड़ है, जिसकी वित्तीय संरचना, वित्तीय सहभागियों के विवरण निम्नानुसार है–

परियोजना की वित्तीय संरचना में सहभागियों का अंश (Financial Structure)	धनराशि (` करोड में)	%
अंतराष्ट्रीय कृषि विकास निधि (IFAD) से ऋण	771.75	27.77 %
उत्तराखण्ड सरकार (GoUK) का अंश	178.65	6.43 %
Subtotal A	**950.40**	**34.21 %**
रेखीय विभागों से अभिसरण (Convergence)	352.26	12.68 %
उपासक कम्पनी (UPASaC) का अंश	2.47	0.09 %
लाभार्थियों द्वारा ग्रामीण उद्यमों हेतु बैंको द्वारा ऋण आदि	1365.38	49.14 %
लाभार्थी अंशदान (Beneficiaries Contribution)	103.72	3.73 %
प्राईवेट संस्थानों का अंश	4.45	0.16 %
Subtotal B	**1828.28**	**65.79 %**
Total (A+B)	**2778.68**	**100 %**

परियोजना प्रगति विवरण – भौतिक प्रगति				
कस.	विवरण	कुल लक्ष्य	प्रगति	प्रगति %
1	जनपद कार्यालय स्थापना	13	13	100%
2	परियोजना अंतर्गत आच्छान्दित परिवार	5,60,000	3,39,994	61%
3	अति गरीब परिवारों को विशेष पैकेज	13,000	13,377	103%
4	क्लस्टर स्तरीय फेडरेशन को सहयोग	440	426	97%
5	लाभार्थी शेयरधन सहयोग प्रथम वर्ष	4,60,000	2,33,559	51%
6	लाभार्थी शेयरधन सहयोग द्वितीय वर्ष	4,60,000	1,93,039	42%
7	किसानों को जलवायु आधारित कृषि प्रशिक्षण	24,040	18,560	77%
8	ग्रामीण उद्यम – कृषि आधारित एवं गैर–कृषि आधारित (व्यक्तिगत)	8,886	6261	70%
9	ग्रामीण उद्यम – कृषि आधारित एवं गैर–कृषि आधारित (समुदाय)	1,114	544	49%
10	समुदाय को बैंकिग लिंकेज (रू. करोड़)	1365.38	792.12	58%

परियोजना प्रगति विवरण – वित्तीय (करोड़ में)

SN	Financer	Target	Progress till 31.01.2026	%
1	IFAD – आइफैड का सहयोग	771.75	309.12	4.05%
2	State Share – राज्य का अंश	178.65	32.14	17.99%
3	Other Sources of Funds (Bank Linkages, Beneficiaries and Convergence) – अन्य स्त्रौत बैंक, लाभार्थी एवं अभिसरण आदि)	1828.28	1118.10	61.16%
	कुल	**2778.68**	**1459.36**	**52.52%**

मा. मंत्री ग्राम्य विकास द्वारा स्वंय सहायता समूह के स्टाल का भ्रमण	मा. मंत्री ग्राम्य विकास द्वारा प्राइवेट संस्थानों को परियोजना से स्वागत कार्यक्रम में प्रतिभाग

अध्याय 8
ग्राम्य विकास एवं पलायन निवारण आयोग

उत्तराखण्ड राज्य में ग्रामीण क्षेत्रों से हो रहे पलायन की गम्भीर समस्या के समाधान तथा संतुलित ग्रामीण विकास को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से **"ग्राम्य विकास एवं पलायन आयोग"** का गठन राज्य सरकार द्वारा शासनादेश संख्या 1357/XI/17/56(54)2017 दिनांक 25.08.2017 के माध्यम से किया गया। इसके पश्चात आयोग का पुनर्गठन शासनादेश संख्या 1055/XI/18/ 56(54)2017 टी0सी0 दिनांक 03 मई, 2018 द्वारा किया गया।

बाद में शासनादेश संख्या I/67810/2022 दिनांक 06.10.2022 के माध्यम से आयोग का नाम परिवर्तित कर **"ग्राम्य विकास एवं पलायन निवारण आयोग"** किया गया। आयोग की संरचना निम्नानुसार है –

1. अध्यक्ष — मा0 मुख्यमंत्री जी
2. उपाध्यक्ष — 01 (एक)
3. सदस्य — 05 (पांच)
4. सदस्य सचिव — अपर आयुक्त, ग्राम्य विकास विभाग, पौड़ी (पदेन)

- सदस्य क्रमांक 1 एवं 4 पदेन होंगे।
- उत्तराखण्ड शासन, गोपन (मंत्रिपरिषद) अनुभाग, के शासनादेश संख्या 789/(1)/14/1/XXI/ 2012-15 T.C.दिनांक 01 दिसम्बर, 2020 से आयोग के सफल संचालन हेतु 05 सदस्यों को नामित कर नियुक्ति दी गयी है।

आयोग द्वारा अपने निर्धारित उद्देश्यों के अनुरूप राज्य में पलायन की स्थिति के अध्ययन, कारणों के विश्लेषण, नियंत्रण एवं ग्रामीण क्षेत्रों में आजीविका सृजन के लिए अब तक 25 सिफारिशों युक्त विभिन्न अध्ययन रिपोर्टें राज्य सरकार को प्रस्तुत की जा चुकी हैं। ये रिपोर्टें आयोग की वेबसाइट www.uttarakhandpalayanayog.com पर उपलब्ध हैं। इनमें प्रमुख रूप से –

1. उत्तराखण्ड के ग्राम पंचायतों में पलायन की स्थिति पर अंतरिम रिपोर्ट –02
2. प्रकृति आधारित पर्यटन (ईको टूरिज्म) विश्लेषण एवं सिफारिशें –01
3. राज्य के अर्न्तगत ग्रामीण क्षेत्रों में सामाजिक–आर्थिक विकास को सुदृढ़ बनाने एवं पलायन को कम करने हेतु जनपदों (पौड़ी, अल्मोड़ा, पिथौरागढ़, टिहरी गढ़वाल, चमोली, रूद्रप्रयाग, बागेश्वर, उत्तरकाशी, चम्पावत, नैनीताल, हरिद्वार, देहरादून एवं ऊधमसिंह नगर) पर आधारित सिफारिशों वाली रिपोर्टें –13
4. ग्राम्य विकास के क्षेत्र में योजनाओं और कार्यक्रमों का विश्लेषण और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने के लिए सिफारिशें –01
5. COVID-19के प्रकोप के दौरान राज्य में लौटे प्रवासी–आंकड़े, विश्लेषण एवं उनके पुनर्वास पर आधारित सिफारिशें –04
6. राज्य सरकार द्वारा संचालित स्वरोजगार योजनाओं एवं कार्यक्रमों का विश्लेषण तथा उनके सरलीकरण–शिथलीकरण हेतु सुझाव, मार्च 2024 –01
7. राज्य के भारत–चीन सीमान्त विकासखण्ड़ों में सामाजिक–आर्थिक विकास को सुदृढ़ करने, पलायन पर अंकुश लगाने एवं रिवर्स पलायन को बढ़ावा दिये जाने हेतु

सिफारिशें, जून 2024 –01

8. राज्य के पलायन प्रभावित क्षेत्रों में बेसिक एवं माध्यमिक शिक्षा के सुधार हेतु सिफारिशें फरवरी 2025 –01
9. राज्य में रिवर्स पलायन की स्थिति पर अंतरिम रिपोर्ट, अगस्त 2025 –01

आयोग द्वारा प्रस्तुत उपर्युक्त सिफारिशों के आधार पर राज्य सरकार द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों से हो रहे पलायन पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित करने तथा रिवर्स पलायन को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से अनेक नवीन योजनाओं एवं कार्यक्रमों (यथा मुख्यमंत्री पलायन रोकथाम योजना, मुख्यमंत्री सौर स्वरोजगार योजना, मुख्यमंत्री सीमान्त क्षेत्र विकास योजना, मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना आदि) का संचालन किया गया।

आयोग द्वारा प्रस्तुत सिफारिशों के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु दिनांक 27 दिसम्बर 2024 को अपर मुख्य सचिव (कार्मिक एवं सतर्कता), उत्तराखण्ड शासन की अध्यक्षता में संबंधित विभागों (यथा कृषि, उद्यान, पशुपालन, डेयरी एवं मत्स्य विभाग, उत्तराखण्ड, पर्यटन वभाग, उत्तराखण्ड, उद्योग विभाग, उत्तराखण्ड, ग्राम्य विकास विभाग, उत्तराखण्ड) के साथ अंतर विभागीय बैठक का आयोजन किया गया।

****

अध्याय 9
पंचायतीराज विभाग

अध्याय 10
ग्रामीण निर्माण विभाग

ग्रामीण निर्माण विभाग प्रदेश की 7,227 ग्राम पंचायतों तथा 95 विकास खण्डों में विकास सम्बन्धी निर्माण कार्यों हेतु तकनीकी मार्गदर्शन प्रदान करने तथा विभिन्न केन्द्र पोषित योजनाओं के अंतर्गत प्राप्त कार्यों के निष्पादन एवं पर्यवेक्षण का दायित्व निर्वहन कर रहा है। उक्त दायित्वों के सुचारु संचालन हेतु वर्तमान में विभाग में 02 मुख्य अभियन्ता (स्तर–1 एवं स्तर–2), 05 अधीक्षण अभियन्ता, 23 अधिशासी अभियन्ता (सिविल/विद्युत), 89 सहायक अभियन्ता (सिविल/विद्युत) तथा 348 कनिष्ठ अभियन्ता (सिविल/विद्युत/प्राविधिक) कार्यरत हैं। विभाग द्वारा पुलिस विभाग, स्वास्थ्य विभाग, सामुदायिक विकास विभाग, राजस्व विभाग, पशुपालन विभाग, राष्ट्रीय कृषि उद्यान विभाग, विकास योजना विभाग, राष्ट्रीय माध्यमिक शिक्षा अभियान, शिक्षा विभाग तथा अन्य विभागों से प्राप्त निर्माण कार्यों का निष्पादन भी किया जा रहा है। साथ ही विधायक निधि एवं सांसद निधि के अंतर्गत स्वीकृत लघु निर्माण कार्यों के क्रियान्वयन का दायित्व भी विभाग द्वारा वहन किया जाता है। यह उल्लेखनीय है कि राज्य में ग्रामीण निर्माण विभाग ही ऐसा तकनीकी विभाग है, जो अत्यंत लघु कार्यों से लेकर उच्च लागत वाले वृहद निर्माण कार्यों तक के निष्पादन की समुचित क्षमता रखता है। वर्तमान में विभाग को असीमित लागत के निर्माण कार्यों हेतु कार्यदायी संस्था नामित किया गया है। विभाग की कार्यकुशलता को दृष्टिगत रखते हुए प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत तीन प्रखण्डकृकपकोट (जनपद बागेश्वर), कर्णप्रयाग (जनपद चमोली) तथा डीडीहाट (जनपद पिथौरागढ़) जैसे सुदूरवर्ती क्षेत्रों के कार्य भी विभाग को सौंपे गए हैं।

राज्य के सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाली 250 तक की आबादी जो मोटर मार्ग संयोजन से वंचित रह गयी है एवं 250 से अधिक जनसंख्या वाली ऐसी बसावटें जो मुख्य मोटर मार्ग से 1.50 कि0मी0 पैदल दूरी के अन्तर्गत होने के कारण पी0एम0जी0एस0वाई0 के मानकों के अनुसार संयोजित मानी गयी है, उन असंयोजित बसावटों को मुख्य मोटर मार्गो से संयोजन प्रदान किये जाने और ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि, पर्यटन, आर्थिक और सामाजिक सेवाओं को बढावा दिये जाने के उद्देश्य से शासनादेश संख्या 757/XII-3/2023/01 (01)/2023 दिनांक 28.12.2023 द्वारा "मुख्यमंत्री ग्राम सम्पर्क योजना" प्रारम्भ की गयी है।

विभाग की एक वर्ष की विभागीय उपलब्धियों का संक्षिप्त विवरणः–

वित्तीय वर्ष 2025–26 में माह जनवरी, 2026 तक विभाग द्वारा नाबार्ड वित्त पोषित एवं राज्य योजना के अन्तर्गत निर्माणाधीन 18 ग्रामीण मोटर मार्गों (कुल लम्बाई 41.691 कि०मी० एवं स्वीकृत लागत ₹ 46.16 करोड़) का निर्माण कार्य पूर्ण कराया गया है। उक्त निर्मित मार्गों के माध्यम से 29 बसावटों को आवागमन सुविधा से संयोजित किया गया है, जिससे लगभग 14047 की जनसंख्या लाभान्वित हुई है। इसके अतिरिक्त, नाबार्ड एवं राज्य वित्त पोषित कुल 25 ग्रामीण मोटर मार्ग (कुल लम्बाई 57.812 कि०मी० एवं लागत ₹ 58.98 करोड़) वर्तमान में निर्माणाधीन/प्रगतिरत हैं। इन मार्गों का निर्माण कार्य माह मार्च, 2026 तक पूर्ण कराये जाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

"मुख्यमंत्री ग्राम सम्पर्क योजना" के अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2024–25 एवं 2025–26 में जिला स्तरीय समिति द्वारा संस्तुत की गयी कुल 166 ग्रामीण मोटर मार्गो के सर्वेक्षण एवं डी0पी0आर0 गठन की स्वीकृति प्राप्त हुयी है, जिसके सापेक्ष 24 नयी ग्रामीण सड़क योजनाओं (लम्बाई 38.713 किमी एवं लागत ₹ 49.25 करोड़) की स्वीकृति नाबार्ड एवं राज्य योजना के अन्तर्गत प्राप्त हो चुकी है। इसके अतिरिक्त 12 योजनाओं (कुल लम्बाई 20.095 कि०मी० एवं अनुमानित लागत रु० 24.17 करोड़) का प्रस्ताव शासन को प्रेषित किया गया है। उक्त 12 योजनाओं में से 08 योजनाएँ (लम्बाई 12.045

कि०मी० एवं लागत रु० 14.24 करोड़) नाबार्ड के अन्तर्गत वित्त पोषण हेतु नाबार्ड कार्यालय को प्रेषित की जा चुकी हैं। अवशेष 04 योजनाएँ (लम्बाई 8.05 कि०मी० एवं लागत रु० 9.93 करोड़) डी०एफ०सी० की कार्यवाही पूर्ण होने के उपरान्त वित्त विभाग को प्रेषित कर दी गई है। अवशेष योजनाओं में सर्वेक्षण एवं डी0पी0आर0 गठन की कार्यवाही गतिमान है।

वित्तीय वर्ष 2025–26 में कार्यदायी संस्था के रूप में डिपोजिट मद के अन्तर्गत माह फरवरी, 2026 तक ₹ 613.23 करोड़ के कार्य उपलब्ध थे, जिसके सापेक्ष ₹ 332.55 करोड़ का व्यय किया जा चुका है। भौतिक रूप से 4035 भवनों के कार्यो के सापेक्ष 2136 भवन अब तक पूर्ण हो चुके हैं। 24 पुलियों एवं 193.84 कि0मी0 मार्गो के सापेक्ष 20 पुलिया एवं 56.19 कि0मी0 मार्गो के कार्य पूर्ण किये जा चुके है, शेष कार्य प्रगति में है। वित्तीय लक्ष्य के रूप में विभाग का वार्षिक लक्ष्य 75 प्रतिशत रखा गया है। माह फरवरी, 2026 तक विभाग के पास उपलब्ध ₹ 613.23 करोड़ की धनराशि के सापेक्ष 54 प्रतिशत की पूर्ति की गई है। वित्तीय वर्ष 2025–26 में महत्वपूर्ण योजनायें जो विभाग द्वारा सम्पादित करायी जा रही है उनका विवरण निम्न प्रकार है:–

- **ग्राम्य विकास विभाग:–** सम्बन्धित विभाग द्वारा माह फरवरी, 2026 तक कुल ₹ 27.20 करोड़ की धनराशि उपलब्ध थी, जिसके सापेक्ष ₹ 16.05 करोड़ का व्यय किया गया। भौतिक रूप से 120 भवन कार्यो के सापेक्ष 65 कार्य पूर्ण कराये गये है, शेष कार्य प्रगति में।
- **पर्यटन विभाग:–** सम्बन्धित विभाग द्वारा माह फरवरी, 2026 तक कुल ₹ 18.38 करोड़ की धनराशि उपलब्ध थी, जिसके सापेक्ष ₹ 9.64 करोड़ का व्यय किया गया। भौतिक रूप से 253 भवन कार्यो के सापेक्ष 159 कार्य पूर्ण कराये गये है, शेष कार्य प्रगति में।
- **दैवी आपदा:–** सम्बन्धित विभाग द्वारा माह फरवरी, 2026 तक कुल ₹ 9.10 करोड़ की धनराशि उपलब्ध थी, जिसके सापेक्ष ₹ 3.24 करोड़ का व्यय किया गया। भौतिक रूप से 275 भवन व 1.27 किमी0 मार्ग कार्यो के सापेक्ष 153 भवन व 0.65 किमी0 मार्ग कार्य पूर्ण कराये गये है, शेष कार्य प्रगति में।
- **पुलिस विभाग:–** सम्बन्धित विभाग द्वारा माह फरवरी, 2026 तक कुल ₹ 11.24 करोड़ की धनराशि उपलब्ध थी, जिसके सापेक्ष ₹ 6.39 करोड़ का व्यय किया गया। भौतिक रूप से 29 भवन कार्यो के सापेक्ष 22 कार्य पूर्ण कराये गये है, शेष कार्य प्रगति में।
- **वन विभाग:–** सम्बन्धित विभाग द्वारा माह फरवरी, 2026 तक कुल ₹ 6.23 करोड़ की धनराशि उपलब्ध थी, जिसके सापेक्ष ₹ 3.13 करोड़ का व्यय किया गया। भौतिक रूप से 15 भवन कार्यो के सापेक्ष 04 कार्य पूर्ण कराये गये है, शेष कार्य प्रगति में।
- **स्वास्थ्य विभाग:–** सम्बन्धित विभाग द्वारा माह फरवरी, 2026 तक कुल ₹ 58.82 करोड़ की धनराशि उपलब्ध थी, जिसके सापेक्ष ₹ 25.82 करोड़ का व्यय किया गया। भौतिक रूप से 180 भवन कार्यो के सापेक्ष 93 कार्य पूर्ण कराये गये है, शेष कार्य प्रगति में।

- **शिक्षा विभाग:–** सम्बन्धित विभाग द्वारा माह फरवरी, 2026 तक कुल ₹ 153.98 करोड़ की धनराशि उपलब्ध थी, जिसके सापेक्ष ₹ 81.60 करोड़ का व्यय किया गया। भौतिक रूप से 1676 भवन कार्यो के सापेक्ष 821 कार्य पूर्ण कराये गये है, शेष कार्य प्रगति में।
- **विधायक निधि:–** सम्बन्धित विभाग द्वारा माह फरवरी, 2026 तक कुल ₹ 24.93 करोड़ की धनराशि उपलब्ध थी, जिसके सापेक्ष ₹ 13.08 करोड़ का व्यय किया गया। भौतिक रूप से 622 भवन व 9.46 किमी0 मार्ग कार्यो के सापेक्ष 386 भवन व 4.46 किमी0 मार्ग कार्य पूर्ण कराये गये है, शेष कार्य प्रगति में।

- **पशुपालन विभागः–** सम्बन्धित विभाग द्वारा माह फरवरी, 2026 तक कुल ₹ 5.17 करोड़ की धनराशि उपलब्ध थी, जिसके सापेक्ष ₹ 3.20 करोड़ का व्यय किया गया। भौतिक रूप से 58 भवन कार्यो के सापेक्ष 37 कार्य पूर्ण कराये गये है, शेष कार्य प्रगति में।
- **समाज कल्याण विभागः–** सम्बन्धित विभाग द्वारा माह फरवरी, 2026 तक कुल ₹ 15.01 करोड़ की धनराशि उपलब्ध थी, जिसके सापेक्ष ₹ 11.50 करोड़ का व्यय किया गया। भौतिक रूप से 57 भवन व 7.86 किमी0 मार्ग कार्यो के सापेक्ष 25 भवन व 4.50 किमी0 मार्ग कार्य पूर्ण कराये गये है, शेष कार्य प्रगति में।
- **राष्ट्रीय माध्यमिक शिक्षा अभियानः–** सम्बन्धित विभाग द्वारा माह फरवरी, 2026 तक कुल ₹ 8.08 करोड़ की धनराशि उपलब्ध थी, जिसके सापेक्ष ₹ 5.84 करोड़ का व्यय किया गया। भौतिक रूप से 54 भवन कार्यो के सापेक्ष 34 कार्य पूर्ण कराये गये है, शेष कार्य प्रगति में।
- **राजस्व विभागः–** सम्बन्धित विभाग द्वारा माह फरवरी, 2026 तक कुल ₹ 15.11 करोड़ की धनराशि उपलब्ध थी, जिसके सापेक्ष ₹ 9.30 करोड़ का व्यय किया गया। भौतिक रूप से 48 भवन कार्यो के सापेक्ष 12 कार्य पूर्ण कराये गये है, शेष कार्य प्रगति में।

****

राष्ट्रीय बायोगैस कार्यक्रम
(शतप्रतिशत केन्द्रपोषित योजना)

बायोगैस योजना शतप्रतिशत केन्द्रपोषित योजना है। ग्रामीण क्षेत्रों के ऐसे परिवार जिनके पास 5 से 10 तक बडे पशु हों योजना के अर्न्तगत लाभान्वित हेतु पात्र है। राज्य के सभी क्षेत्रों हेतु 1 घनमीटर आकार तक के संयत्रों पर ` 17,000/–, 2 से 4 घन मीटर तक के संयत्रों पर ` 22,000/–, 6 घन मीटर तक के संयत्रों पर ` 29,250/–, 8 से 10 घन मीटर तक के संयत्रों पर ` 34,500/–, 15 घन मीटर तक के संयत्रों पर ` 63,250/–, 20 से 25 घन मीटर तक के संयत्रों पर ` 70,400/–प्रति संयंत्र अनुदान देय है तथा टर्न की एजेण्ट को बायोगैस निर्माण व पॉच वर्ष तक देखरेख के लिये 01 से 10 घन मीटर प्रति संयत्र ` 3000/– एवं 15 से 25 घन मीटर के संयत्रों के लिय प्रति संयत्र ` 5000/– देय है।

वित्तीय एवं भौतिक प्रगति

(धनराशि लाख ` में) माह ....., 2025

1.04.2025 को अवशेष	अवमुक्त केन्द्रांश की धनराशि	कुल उपलब्ध धनराशि (अन्य प्राप्ति सहित)	व्यय	व्यय प्रतिशत	भौतिक उपलब्धि संयत्र संख्या		
					लक्ष्य	पूर्ति	%